* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

03 सितंबर, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 314


उन्नाव रेप पीड़िता के खिलाफ दर्ज मामला दिल्ली होगा ट्रांसफर सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी




SURJABASHA





# नौसेना को मिला पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर

- आइएनएस विक्रांत 75 फीसदी स्वदेशी
- नौसेना को नया ध्वज भी मिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** नौसेना को शुक्रवार को अपना पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आइएनएस विक्रांत मिल गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि शिपयार्ड में करीब डेढ़ घंटे चली कमिशनिंग सेरेमनी में यह एयरक्राफ्ट कैरियर नेवी को सौंपा। साथ ही एक और बड़ा बदलाव हुआ। नेवी को नया नौसेना ध्वज सौंपा गया। इसमें से अंग्रेजों की निशानी क्रॉस का लाल निशान हटा दिया गया है। अब इसमें तिरंगा और अशोक चिह्न है, जिसे मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित किया।




### नेवी को मिला नया ध्वज

इंडियन नेवी को शुक्रवार को नया नौसेना ध्वज यानी निशान मिला। इसमें पहले लाल क्रॉस का निशान होता था। इसे हटा दिया गया है। अब इस नये ध्वज की बायीं ओर तिरंगा और दायीं ओर अशोक चक्र का चिह्न है। इसके नीचे लिखा है, 'शं नो वरुणः, अर्थात वरुण हमारे लिए शुभ हों।'

### यह भारतीयों के लिए गर्व का मौका : मोदी

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आइएनएस विक्रांत भारत सरकार के डिफेंस सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिशों का उदाहरण है। आज भारत उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो अपनी तकनीक से ऐसे बड़े जहाज बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें आज नौसेना का नया ध्वज भी मिला है। इसमें अंग्रेजों के सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटा कर छत्रपति शिवाजी महाराज के राजचिह्न को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज मैं नौसेना का नया ध्वज छत्रपति वीर शिवाजी महाराज को समर्पित करता हूं। अब तक नौसेना के झंडे पर गुलामी की तस्वीर थी। इस तस्वीर को हमने हटा दिया है। शिवाजी की समुद्री ताकत से दुश्मन कांपते थे।' प्रधानमंत्री ने कहा कि नौसेना के पास एक ऐसा युद्धपोत है, जो अपने आपमें एक तैरता एयरफील्ड और शहर है। इस पर बनने वाली बिजली से 5 हजार घर रोशन हो सकते हैं और इसमें लगे केबल तार अगर कोच्चि से शुरू हों, तो कन्याकुमारी तक जायें। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारतीयों के लिए गर्व का मौका है। यह भारत की प्रतिभा का उदाहरण है। यह सशक्त भारत की शक्तिशाली तस्वीर है। विक्रांत विशाल है, यह खास है, गौरवमयी है। यह केवल वॉरशिप नहीं है। यह 21वीं सदी के भारत के कठिन परिश्रम, कौशल और कर्मठता का सबूत है। आज आइएनएस विक्रांत ने भारतीयों को नये भरोसे से भर दिया है।

## सूखे से निपटने के लिए विस्तृत योजना तैयार करें अधिकारी : हेमंत सोरेन




**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य में सूखे के आकलन को लेकर शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से राज्य के विभिन्न जिलों और प्रखंडों में हुई अल्प बारिश तथा फसलों की रोपाई की जानकारी ली। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि सूखे से किसानों-पशुपालकों और मजदूरों के साथ ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोगों को राहत देने के लिए अति शीघ्र विस्तृत योजना तैयार करें। कृषि, पशुपालन, सिंचाई, ग्रामीण विकास, मनरेगा और पेयजल समेत अन्य क्षेत्र में योजनाओं को बनाकर किसानों एवं मजदूरों को उसका लाभ देना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी मौजूद थे।

# झारखंड के राज्यपाल अचानक दिल्ली पहुंचे

## राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक हलचल एक बार फिर तेज हो गयी है। शुक्रवार को सुबह झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस अचानक दिल्ली चले गये। राज्यपाल के दिल्ली जाने की सूचना के बाद से ही तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। बता दें कि गुरुवार की शाम यूपीए प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की थी। यूपीए प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी। राज्यपाल ने यूपीए नेताओं से कहा था कि इलेक्शन कमीशन से मंतव्य आया है। दो दिनों में राजभवन की ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी जायेगी।



### इलेक्शन कमीशन के मंतव्य पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से करेंगे चर्चा

प्रतिनिधिमंडल के राज्यपाल से मिलने के बाद गुरुवार को हेमंत सरकार की कैबिनेट ने 5 सितंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का निर्णय ले लिया। इसी बीच शुक्रवार को राज्यपाल का दिल्ली जाना कई तरह के संकेत दे रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, राज्यपाल दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिल सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि राज्यपाल न केवल इलेक्शन कमीशन के मंतव्य पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से चर्चा करेंगे, बल्कि राज्य के ताजा राजनीतिक हालात की भी जानकारी देंगे। अब राज्य की निगाहें राज्यपाल के दिल्ली दौरे पर टिकी हुई हैं।

# रूपेश पांडेय हत्याकांड की सीबीआइ करेगी जांच, हाइकोर्ट ने दिया आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में बरही (हजारीबाग) के दिवंगत रूपेश पांडेय की मां उर्मिला पांडेय द्वारा दाखिल क्रिमिनल रिट पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने आदेश दिया कि रूपेश पांडेय हत्याकांड की जांच सीबीआइ करेगी। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने यह आदेश दिया है।

मामले से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। मृतक रूपेश की मां ने हाइकोर्ट में रिट याचिका दायर की है। उर्मिला पांडेय ने पुलिस की जांच से असंतुष्ट होकर सीबीआइ जांच की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।



- मूर्ति विसर्जन के दौरान बरही के रूपेश पांडेय को घेर कर मार दिया गया था

### 6 फरवरी को हुई थी हत्या

बता दें कि 6 फरवरी को सरस्वती पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान छात्र रूपेश पांडेय की हत्या एक वर्ग विशेष के लोगों ने कर दी थी, जिसे लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन हुआ था। राजनीतिक दलों के बीच खूब आरोप-प्रत्यारोप भी हुए थे। फिलहाल इस मामले की जांच झारखंड पुलिस कर रही है। पुलिस पर बार-बार आरोपियों को बचाने का आरोप लग रहा था। यह भी आरोप लग रहा था कि जानबूझ कर पुलिस कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।






## दुस्साहस : बोकारो में भी सामने आया एकतरफा प्यार में छेड़छाड़ का मामला

# बात नहीं करने पर दी जान से मारने की धमकी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** दुमका जिले के बाद अब बोकारो में एकतरफा प्यार में छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रा ने एक मुस्लिम युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पीड़िता ने बात नहीं करने पर फोटो, वीडियो वायरल करने और जेल जाने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुस्लिम युवक पर महिला थाना में मामला दर्ज कराया है। इस प्रकरण के बाद से पीड़ित परिवार डरा-सहमा हुआ है।

### आरोपी फरार

शिकायत मिलने पर महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक के घर में दबिश दी, लेकिन आरोपी युवक घर से फरार हो चुका है। पीड़िता और आरोपी एक ही मोहल्ले में रहते हैं। पिछले एक वर्ष से आरोपी युवक पीड़ित छात्रा को पढ़ाई करने जाने के दौरान सड़क पर रोक कर छेड़छाड़ कर रहा था।

### कंप्यूटर क्लास जाने के दौरान करता था छेड़खानी

पीड़ित की मां का कहना है कि उनलोगों ने आरोपी की मां से इसकी शिकायत की थी, लेकिन आरोपी की मां ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उनका कहना था कि आरोपी मेरा कोई नहीं है। पीड़ित की मां ने बताया कि उनकी चार बेटियां ही हैं और आरोपी उन्हें अकेला समझ रहा था, जिस कारण लगातार इस तरह की हरकत आरोपी कर रहा था। उन्होंने आरोपी को समझाने का काफी प्रयास किया, ताकि बदनामी नहीं हो। लेकिन, जब बेटी कंप्यूटर क्लास करने जा रही थी, तो बीच सड़क पर बाइक रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा और बात करने का दबाव डालने लगा। वहीं, इस दौरान का वीडियो और फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी भी दे रहा था। जब पानी सिर से ऊपर चला गया, तो इस मामले की शिकायत थाना में की गयी। महिला थाना प्रभारी ज्योति कुमारी ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है, लेकिन आरोपी के चेन्नई भाग जाने की बात सामने आयी है।

# धर्म छिपा कर नाबालिग से किया यौन शोषण, कुएं में धकेला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्यार का वास्ता देकर आरोपी ने नाबालिग को लोहरदगा से रांची बुलाया। रांची में ही फरवरी से जुलाई तक किराये के मकान में रख उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। इसी बीच लड़की को उसका असली नाम रबानी अंसारी और उसके शादीशुदा होने का भी पता चल गया। इसके बाद लड़की ने विरोध जताना शुरू कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार दूसरे समुदाय के युवक ने अपना धर्म छिपा कर पहले लड़की से दोस्ती की, फिर प्यार का ढोंग रचाया और उसके साथ यौन शोषण किया। वहीं, जब उसकी सच्चाई सामने आयी, तो उसने लड़की को कुएं में धकेल कर जान से मारने की कोशिश तक की। हालांकि, लड़की किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंची और परिवार वालों को सारी बात बतायी। मामले की जानकारी मिलते ही समाज के लोग भी पीड़िता की मदद के लिए आगे आये। अब आरोपी सलाखों के पीछे है।

### यह है मामला

बताया जाता है कि लोहरदगा की 17 वर्षीय नाबालिग के पास 6 महीने पहले एक अनजान युवक रबानी अंसारी का कॉल आया, जो रांची जिले के मांडर थाना के नवाटाड़ का रहने वाला है। उसने नाबालिग लड़की को कॉल कर अपना नाम साजन उरांव बताया। दोस्ती की बात कह कर अक्सर फोन करने लगा। लड़की भी उसके झांसे में आ गयी। प्यार का वास्ता देकर उसने उसको रांची बुला कर फरवरी से जुलाई तक कई किराये के मकान में रख उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। इसी बीच लड़की को उसका असली नाम रबानी अंसारी और उसके शादीशुदा होने का भी पता चल गया। इसके बाद लड़की ने विरोध जताना शुरू कर दिया। इस बीच आरोपी लड़के ने उसके साथ अंतरंग वीडियो भी बना लिया था, जिसे उसने नाबालिग पर दबाव बनाने के लिए वायरल कर दिया।

### विरोध करने पर कुएं में धकेल दिया

आरोप है कि लड़की को अपने गांव नवाटाड़ ले जाने के क्रम में रास्ते से हटाने के लिए उसने उसे गांव के पास खेत के कुएं में धकेल दिया। उसने उसे ऊपर से पत्थर भी मारे। नाबालिग की किस्मत अच्छी थी कि उसकी जान बच गयी और वह वहां से किसी तरह भागकर लोहरदगा आ गयी। लोहरदगा के डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि लोहरदगा महिला थाना में कांड संख्या 26/2022 में भादवि की धारा 376, 427, 379, 417, 307 और पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इधर हिंदू संगठन के सतीश पांडे ने कहा कि धर्म और नाम छिपा कर समाज की लड़कियों को झांसे में लेने और उनका यौन शोषण करने, धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश लगातार की जा रही है, सरकार और प्रशासन ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करे।

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,000 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | 45,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 57,500 रु./प्रति किलो |

## नया भारत : विक्रांत विशाल है, विराट है, विहंगम है, विक्रांत विशिष्ट है, विक्रांत विशेष भी है

# भारत के बुलंद हौसलों की हुंकार आइएनएस विक्रांत

**आजाद सिपाही विशेष**

भारतीय नौसेना को दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार सुबह कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में आइएनएस विक्रांत को देशसेवा में समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केरल के समुद्री तट पर पूरा भारत एक नये भविष्य के सूर्योदय का गवाह बन रहा है। आइएनएस विक्रांत पर हो रहा यह आयोजन विश्व क्षितिज पर भारत के बुलंद होते हौसलों की हुंकार है। यह सिर्फ पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर ही नहीं, समंदर पर तैरता एक किला है। दुश्मनों की शामत का एक नायाब जखीरा है। आइएनएस विक्रांत की डिजाइन और निर्माण, सब कुछ भारत में ही किया गया है। पीएम मोदी ने नौसेना के नये चिह्न का भी अनावरण किया, जो ब्रिटिश राज की परछाईं से दूर है। इसमें बायीं ओर ऊपर की तरफ राष्ट्रध्वज और दायीं तरफ अशोक स्तंभ और उसके नीचे लंगर है। पीएम मोदी ने आइएनएस विक्रांत को युद्धपोत से ज्यादा तैरता हुआ एयरफील्ड बताया है। उन्होंने इसे तैरता हुआ शहर भी बताया है। आइएनएस विक्रांत में जितनी बिजली पैदा होती है, उससे पांच हजार घरों को रौशन किया जा सकता है। इसका फ्लाइंग डेक भी दो फुटबॉल फील्ड से बड़ा है। इसमें जितने तार इस्तेमाल हुए हैं वे कोचीन से काशी तक पहुंच सकते हैं। भारत पर आंख उठानेवालों की नजरें अब भारत के सामने झुकी रहेंगी, क्योंकि यह नया भारत है। आज का भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। वह खुद का फाइटर जेट, तेजस का निर्माण भी कर रहा है और दूसरे देशों को बेच भी रहा है। तेजस की डिमांड अमेरिका भी कर रहा है। आइएनएस विक्रांत की खूबियों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



### आइएनएस विक्रांत का निर्माण

नौसेना को शुक्रवार को अपना पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आइएनएस विक्रांत मिल गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि शिपयार्ड में करीब डेढ़ घंटे चली कमिशनिंग सेरेमनी में यह एयरक्राफ्ट कैरियर नेवी को सौंपा। साथ ही एक और बड़ा बदलाव हुआ। नेवी को नया नौसेना ध्वज सौंपा गया। इसमें से अंग्रेजों की निशानी क्रॉस का लाल निशान हटा दिया गया है। भारत में बने आइएनएस विक्रांत का 76 फीसदी हिस्सा देश में मौजूद संसाधनों से ही बना है। इसमें कुछ कल-पुर्जे ऐसे हैं, जो विदेशों से भी मंगाये गये हैं। विक्रांत के निर्माण के लिए जरूरी युद्धपोत स्तर की स्टील को स्टील ऑथरिटी ऑफ इंडिया (सेल) से तैयार करवाया गया। इस स्टील को तैयार करने में भारतीय नौसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीओ) की भी मदद ली गयी। बताया गया है कि डीआरडीओ के पास अब युद्धपोत स्तर का स्टील बनाने की जो क्षमता है, वह आगे भी देश में काफी मदद करेगी। नौसेना के मुताबिक, इस युद्धपोत की जो चीजें स्वदेशी हैं, उनमें 23 हजार टन स्टील, ढाई हजार टन स्पेशल स्टील, ढाई हजार किलोमीटर इलेक्ट्रिक केबल, डेढ़ सौ किमी के बराबर पाइप और दो हजार वॉल्व शामिल हैं। इसके अलावा एयरक्राफ्ट कैरियर में शामिल हल बोट्स, एयर कंडीशनिंग से लेकर रेफ्रिजरेशन प्लांट्स और स्टेयरिंग से जुड़े कल-पुर्जे भी देश में ही बने हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, भारत के कई बड़े औद्योगिक निर्माता इस एयरक्राफ्ट कैरियर के निर्माण से जुड़े रहे। इनमें भारत इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, किर्लोस्कर, एलएंडटी, केल्ट्रॉन, जीआरएसइ, वार्टसिला इंडिया और अन्य शामिल रहे। इसके अलावा एक सौ से ज्यादा मध्यम और लघु उद्योगों ने भी इस पोत पर लगे स्वदेशी उपकरणों और मशीनरी के निर्माण में मदद की।

नौसेना का कहना है कि इस युद्धपोत को बनाने में 50 भारतीय उत्पादक शामिल रहे। इसके निर्माण के दौरान हर दिन दो हजार भारतीयों को सीधे तौर पर रोजगार मिला, जबकि 40 हजार अन्य को परोक्ष तरीके से इस प्रोजेक्ट में काम करने का मौका मिला। नौसेना का कहना है कि इस पोत को बनाने में लगी कुल 23 हजार करोड़ रुपये की लागत का 80-85 फीसदी वापस भारतीय अर्थव्यवस्था में ही लगा दिया गया।

### समंदर में तैरता शहर, हर खतरे से निपटने में सक्षम

विक्रांत को बनाने में फ्रांस स्थित एफिल टावर के वजन से चार गुना ज्यादा लोहा और स्टील का इस्तेमाल किया गया है। इसका वजन 45 हजार टन है। इसकी लंबाई 262, चौड़ाई 62 मीटर और ऊंचाई 59 मीटर है। आइएनएस विक्रांत को साल 2009 में बनाना शुरू किया गया था, वहीं अब 13 साल के लंबे इंतजार के बाद यह नौसेना को मिला है। वर्तमान की बात करें, तो एशिया में दो देशों के पास ही विमान वाहक पोत मौजूद हैं। वहीं जापान इसका अपवाद है, जिसके पास जेएस इजिमो नाम का हेलीकॉप्टर कैरियर है, जिससे एफ-35 लड़ाकू विमान को ऑपरेट किया जा चुका है। वहीं अगर बात की जाये, तो विमानवाहक पोत के मामले में चीन पहले पायदान पर है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को आइएनएस विक्रांत विमान वाहक पोत कोचीन शिपयार्ड पर नौसेना को समर्पित किया है। आइएनएस विक्रांत की असली ताकत सामने आती है समुद्र में, जहां इसकी अधिकतम स्पीड 28 नॉट्स तक है, यानी करीब 51 किमी प्रतिघंटा। इसकी सामान्य गति 18 नॉट्स यानी 33 किमी प्रतिघंटा तक है। यह एयरक्राफ्ट कैरियर एक बार में साढ़े सात हजार नॉटिकल मील यानी 13 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर सकता है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर की विमानों को ले जाने की क्षमता और इसमें लगे हथियार इसे दुनिया के कुछ खतरनाक पोतों में शामिल करते हैं। नौसेना के मुताबिक, यह युद्धपोत एक बार में 30 एयरक्राफ्ट ले जा सकता है। इनमें मिग-29 के फाइटर जेट्स के साथ-साथ कामोव-31 अर्ली वॉर्निंग हेलिकॉप्टर्स, एमएच-60आर सी-हॉक मल्टीरोल हेलिकॉप्टर और एचएएल द्वारा निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर भी शामिल हैं। नौसेना के लिए भारत में निर्मित लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट- एलसीए तेजस भी इस एयरक्राफ्ट कैरियर से आसानी से उड़ान भर सकते हैं। माना जा रहा है कि विदेश में बने बोइंग और लॉकहीड मार्टिन के अन्य एयरक्राफ्ट्स की लैंडिंग और टेकऑफ को लेकर भी विक्रांत पर जल्द ही परीक्षण किये जायेंगे। कैरियर में स्थापित हथियारों की बात करें, तो इसमें एंटी सबमरीन वॉरफेयर से लेकर एंटी सर्फेस, एंटी एयर वॉरफेयर और अत्याधुनिक वॉर्निंग सिस्टम तक लगा है, जो आसपास आनेवाले किसी भी खतरे से निपटने में सक्षम हैं। आइएनएस विक्रांत का वजन 45 हजार टन है। चार गैस टर्बाइन के जरिये इसे कुल 88 मेगावॉट की ताकत मिलेगी। इस पोत की अधिकतम गति 28 नॉटिकल मील है। युद्धपोत मिग-29 के लड़ाकू जेट, कामोव-31 हेलीकॉप्टर और एमएच- 60 आर मल्टी रोल हेलीकॉप्टर संचालित करने के लिए तैयार है। विक्रांत को बराक और ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किया गया है। कोच्चि शिपयार्ड के सीएमडी मधु एस नायर ने बताया कि इसमें 23 सौ से अधिक केबिन हैं, जिन्हें लगभग 17 सौ नौसैनिकों के लिए डिजाइन किया गया है। नौसेना में पहली बार शामिल हो रही महिला अधिकारियों के लिए एक विशेष केबिन बनाया गया है। नौसेना ने कहा कि 76 प्रतिशत की स्वदेशी सामग्री के साथ आइएनएस विक्रांत आत्मनिर्भर भारत के लिए एक आदर्श उदाहरण है।

### आइएनएस विक्रांत में हॉस्पिटल भी है

इसमें 15 मंजिलें हैं। हर मंजिल पर अलग-अलग तरह के ऑपरेशन सेंटर हैं। आइएनएस विक्रांत में 16 बेड का एक आधुनिक हॉस्पिटल बनाया गया है। इसके साथ ही इसमें दो ऑपरेशन थिएटर भी हैं। लंबे समय तक समुद्री मोर्चे पर तैनात रहने वाले नौसैनिकों के लिए आइएनएस विक्रांत में आधुनिक किचन बनायी गयी है। इसे गैली कहा जाता है। इस खास किचन में रोटी बनाने की मशीन से लेकर बड़े-बड़े बॉयलर हैं, जिनमें एक साथ सैकड़ों नौसैनिकों के लिए स्वादिष्ट भोजन बन सकता है। करीब 17 सौ नौसैनिकों के लिए उत्तर, दक्षिण, शाकाहारी मांसाहारी हर तरह के खाने-पीने के इंतजाम हैं।

### पूरे शहर को रौशन कर सकता है

आइएनएस विक्रांत की अधिकतम गति लगभग 28 समुद्री मील है। इसमें आठ पावर जेनरेटर हैं, जो पूरे कोच्चि शहर को रोशन करने की क्षमता रखते हैं। विक्रांत का हैंगर एरिया भी एक विशालकाय मैदान है, जहां पर मिग-29 के लड़ाकू जेट, कामोव-31 हेलीकॉप्टर खड़े हैं। जरूरत पड़ने पर ये तेजी के साथ डेक से उड़ान भर सकते हैं। आइएनएस विक्रांत के पहले सीओ कोमोडोर विद्याधर हरके ने बताया कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो चुका है, जो अपने देश में एयरक्राफ्ट कैरियर डिजाइन करने और बनाने की महारत रखते हैं। विक्रांत की मारक क्षमता के साथ भारत चीन की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### कैसा है एयर कंट्रोल डेक?

आइएनएस विक्रांत में आधुनिक कमांड और कंट्रोल सिस्टम के जरिये एयर ऑपरेशन पर नजर रखी जाती है। यहां से युद्धपोत में मौजूद मिग-29 के लड़ाकू विमान और कामोव-31 हेलीकॉप्टर को कंट्रोल किया जाता है। विक्रांत का फ्लाइट डेक 2 फुटबॉल मैदान के बराबर है जहां से विमान उड़ते हैं। ये आठ किलोमीटर के बराबर बैठता है। विक्रांत में डैमेज कंट्रोल सेंटर भी है, जहां से हर वक्त आग या पानी से होनेवाली दुर्घटना पर नजर रखी जाती है। आधुनिक कमांड और कंट्रोल सिस्टम के जरिये नौसैनिक हर वक्त सिस्टम पर नजर गड़ाये रहते हैं, क्योंकि समंदर में 'सावधानी हटी दुर्घटना घटी' के हालात हमेशा बने रहते हैं। पुराना आइएनएस विक्रांत रूस से मिला हुआ एयरक्राफ्ट कैरियर था, जिसने 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में अहम भूमिका निभायी थी। उसे युद्ध के हीरो का तमगा मिला था। उसकी उम्र पूरी होने के बाद देश में बन रहे पहले एयरक्राफ्ट कैरियर को भी विक्रांत ही नाम देने का निर्णय लिया गया। इसका निर्माण 2009 में शुरू हुआ था। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने करीब 20 हजार करोड़ रुपये में युद्धपोत विक्रांत को बनाया है।

### नौसैनिक क्षमताओं में कितना फर्क?

मौजूदा समय में सिर्फ पांच से छह देशों के पास ही एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने की क्षमता है। अब भारत भी इस श्रेणी में शामिल हो गया है। जानकारों का कहना है कि भारत का एक एयरक्राफ्ट कैरियर बनाना नौसैनिक क्षेत्र में उसकी क्षमताओं को दिखाता है।

दरअसल, भारत के पास पहले भी एयरक्राफ्ट कैरियर रहे हैं, लेकिन वे ब्रिटिश या रूसी थे। जहां इससे पहले भारत के दो विमान वाहक पोत, आइएनएस विक्रांत-1 और आइएनएस विराट ब्रिटेन से खरीदे गये 'एचएमएस हरक्यूलीस' और 'एचएमएस हर्मीस' थे। तो वहीं भारतीय नौसेना का मौजूदा इकलौता एयरक्राफ्ट कैरियर आइएनएस विक्रमादित्य सोवियत काल का युद्धपोत- 'एडमिरल गोर्शकोव' है, जिसे भारत ने रूस से खरीदा है। यानी आइएनएस विक्रांत के नौसेना में शामिल होने के साथ भारत अब एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने में एक सक्षम देश हो गया है।

मजेदार बात यह है कि भारत में बने पहले एयरक्राफ्ट कैरियर का नाम आइएनएस विक्रांत रखा गया है, जबकि इससे पहले ब्रिटेन से खरीदे गये भारत के पहले विमान वाहक पोत- एचएमएस हरक्यूलीस का नाम भी आइएनएस विक्रांत ही रखा गया था। बताया जाता है कि इसके पीछे भारत का पहले एयरक्राफ्ट कैरियर के प्रति प्यार और गौरव की भावना है। 1997 में सेवा से बाहर किये जाने से पहले आइएनएस विक्रांत ने पाकिस्तान के खिलाफ अलग-अलग मौकों पर भारतीय नौसेना को मजबूत रखने में अहम भूमिका निभायी थी।

### भारतीय नौसेना को मिला नया ध्वज

पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना के नये ध्वज का भी अनावरण किया। पीएम ने कहा, आज भारत ने, गुलामी के एक निशान, गुलामी के एक बोझ को अपने सीने से उतार दिया है। आज से भारतीय नौसेना को एक नया ध्वज मिला है। अब तक भारतीय नौसेना के ध्वज पर गुलामी की पहचान बनी हुई थी। लेकिन अब आज से छत्रपति शिवाजी से प्रेरित, नौसेना का नया ध्वज समंदर और आसमान में लहरायेगा।

### ओल्ड शिप्स नेवर डाई

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आप सभी नौसेना की परंपराओं से अवगत हैं, ओल्ड शिप्स नेवर डाई। 1971 के युद्ध में अपनी शानदार भूमिका निभानेवाले विक्रांत का यह नया अवतार, 'अमृत-काल' की उपलब्धि के साथ-साथ हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बहादुर फौजियों को भी एक विनम्र श्रद्धांजलि है।

### 25 साल बाद हुआ पुनर्जन्म

31 जनवरी 1997 को नेवी से आइएनएस विक्रांत को रिटायर कर दिया गया था। अब तकरीबन 25 साल बाद एक बार फिर से आइएनएस विक्रांत का पुनर्जन्म हुआ है। 1971 की जंग में आइएनएस विक्रांत ने अपने सीहॉक लड़ाकू विमानों से बांग्लादेश के चिटगांव, कॉक्स बाजार और खुलना में दुश्मन के ठिकानों को तबाह कर दिया था। आज का नया विक्रांत चीन की धमकी को बंदरघुड़की में बदलने की क्षमता रखता है। यह भारत का गौरव है। भारत का स्वाभिमान है। भारत की आन बान और शान है। यह विक्रांत गुलामी की जंजीरों से मुक्ति का प्रतीक है।

---

## पीड़ित महादलितों से मिलने पांडू के मुरूमातू गांव पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

# विस्थापितों को उसी जगह बसाया जायेगा : दीपक प्रकाश

**इस तरह की घटना किसी भी कीमत पर बरदाश्त नहीं की जा सकती : आदित्य साहू**

**जयकांत शुक्ला**



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पाटन विधायक पुष्पा देवी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता पांडू के मुरुमातु गांव में प्रभावित महादलित परिवारों से मिलने पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की पूरी जानकारी ली। फिर पांडू थाना जाकर वहां शरणागत महादलित परिवारों से मिले। उनसे मिलकर उनके पूरी बातों को सुना फिर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जायेगा तथा उन्हें उसी जगह पर फिर से बसाया जायेगा जहां से उन्हें उजाड़ा गया है।

उपस्थित दलित परिवारों ने कहा कि हमारे घरों पर बुलडोजर चलाकर हमें बेघर कर दिया गया है। हमारे साथ बहुत मारपीट की गयी और मरने के लिए हमें जंगलों में छोड़ दिया गया था। हमारी तकलीफ को कोई समझने के लिए तैयार ही नहीं है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि एक समुदाय के लोगों द्वारा यहां महादलित परिवारों के साथ घोर अन्याय हुआ है। इनके घरों पर हमला हुआ है इनके घरों पर बुलडोजर चलाकर इन्हें घर से बेघर किया गया है। इनके बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों को बेरहमी से पीटा गया है और छतरपुर के घने जंगलों में इन्हें जबरदस्ती यहां से उठाकर फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि जब से महागठबंधन की सरकार झारखंड में बनी है तब से ऐसे असामाजिक तत्वों का तांडव पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है।

उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा जल्द इनके रहने और खाने-पीने की समुचित व्यवस्था की जाये और इस घटना को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों पर नामजद एफआइआर कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाये। उन्होंने कहा कि यहां शंकर भगवान का मंदिर भी तोड़ा गया है। जोकि हम हिंदुओं की आस्था पर गहरी चोट है और हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को हम सजा दिला कर ही रहेंगे। प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि जब से हेमंत सरकार बनी है तब से प्रदेश में दलितों, आदिवासियों एवं महिलाओं के साथ सबसे अधिक अत्याचार हो रहे हैं। वहीं प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। राज्य सरकार के शह पर ही इस तरह की घटनाएं पूरे प्रदेश में घट रही है। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि हम पीड़ित महादलित परिवारों के साथ हैं और इनके साथ अब किसी प्रकार की नाइंसाफी नहीं होने देंगे। डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा एक तरफ जहां केंद्र सरकार गरीब दलित परिवारों को घर देने का काम कर रही है वहीं दूसरी तरफ हेमंत सरकार गरीबों दलितों का घर उजाड़ने का काम कर रही है। पाटन विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि गुनहगारों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को घर। जिलाध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि इन प्रभावित परिवारों के हक की लड़ाई अब भाजपा लड़ेगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह और प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, विनोद सिंह, मंगल सिंह, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, अमित तिवारी, कर्नल संजय सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, विभाकर पांडे, प्रभात भुइयां, श्याम बाबू, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अरविंद गुप्ता, अरविंद सिंह, रामचंद्र यादव, धर्मेंद्र उपाध्याय, ज्योति पांडे, जितेंद्र, तिवारी रीना किशोर, मनोज दुबे, संटू सिंह, अजय सिंह, अभिषेक शुक्ला, प्रेम शंकर सिंह अनुज पांडेय, सोमेश सिंह समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

---

# जवानों ने दो नक्सलियों को किया ढेर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी आनंद प्रकाश ने उग्रवादियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। एसपी आनंद प्रकाश के निर्देश पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुचाई के दलभंगा ओपी क्षेत्र में जिला पुलिस सीआरपीएफ व कोबरा बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन चलाया गया।

शुक्रवार को तड़के करीब 4:30 बजे के आसपास कुचाई दलभंगा ओपी क्षेत्र के बारूदा-सोरूबेड़ा के बीच कोया जंगल में पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। नक्सल के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान जिला पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान कार्रवाई में दो नक्सली ढेर हुए। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी आनंद प्रकाश घटनास्थल पहुच कर घटना से संबंधित जानकारी ली। एसपी आनंद प्रकाश ने बताया हार्डकोर नक्सली अनल दा के दस्ते क्षेत्र में होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस को देख नक्सलियों की ओर से फायरिंग की गयी। पुलिस के द्वारा जवाबी हमले में 2 लोग मारे जाने की पुष्टि हुई है। दोनों का पहचान की जा रही है। दोनों नक्सलियों के पास से हथियार भी बरामद किया गया। एसपी आनंद प्रकाश ने बताया उनके कार्यकाल में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



### नक्सलियों पर ड्रोन कैमरे से रखी जा रही नजर

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले में नक्सलियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने पहली बार ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया है, जिससे पुलिस और सुरक्षा बलों को किसी भी नक्सली हमले से बचने और जंगलों में छिपे नक्सलियों को ढूंढ़ने में आसानी होगी। गौरतलब है कि विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों की वजह से जिले के सुदूरवर्ती जंगलों और पहाड़ों में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को अभियान चलाने में काफी परेशानी होती थी। कई बार ऊंची पहाड़ियों और घने जंगलों का फायदा उठा कर नक्सली पुलिस बल पर हमला कर फरार हो जाते थे। ऐसे में ड्रोन कैमरा के इस्तेमाल से नक्सलियों के ऊपर नजर रखी जा रही है। तीन जिलों की पुलिस के लिए सरदर्द बन चुका रविंद्र गंझू अब तक गिरफ्त से बाहर है। लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला बांझीटोला का रहनेवाला भाकपा माओवादी संगठन का जोनल कमांडर और 15 लाख का इनामी कुख्यात नक्सली रविंद्र गंझू लोहरदगा, गुमला और लातेहार जिले में पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। बता दें कि रविंद्र गंझू के दस्ते के साथ पुलिस की कई बार मुठभेड़ हुई। इन मुठभेड़ों में रविंद्र गंझू घने जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.8 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.31 बजे |



### झामुमो महासचिव ने प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा पर निशाना साधा

# दो-चार और चुनावी वादों को पूरा करने जा रही हेमंत सरकार : सुप्रियो भट्टाचार्य

- फैसला सीधे-सीधे आदिवासी-मूलवासी के हितों, रोजगार व शिक्षा से जुड़ा होगा
- सोमवार को बुलाये गये विधानसभा सत्र में स्थानीय और नियोजन नीति पर बड़ा निर्णय संभव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा है कि हेमंत सरकार जल्द ही दो-चार और चुनावी वादों को पूरा करने जा रही है। जो सीधे-सीधे आदिवासी-मूलवासी के हितों से जुड़ा है। यह वैसे मुद्दे हैं, जो झारखंड के युवाओं के रोजगार और शिक्षा के साथ जुड़ा है। माना जा रहा है कि सोमवार को बुलाये विधानसभा के सत्र में हेमंत सरकार स्थानीय और नियोजन नीति को लेकर बड़ा फैसला कर सकती है। पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि यूनिवर्सल पेंशन योजना लागू करने के हमारे चुनावी वादों के बाद अब हेमंत सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को लागू कर दिया। योजना के आने से सीधे-सीधे सवा तीन लाख सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा, कोरोना से लंबी लड़ाई लड़ने के बाद हेमंत सरकार ने जनहित का काम शुरू किया। आज राज्य के तमाम क्षेत्रों में रोजगार देने का काम हेमंत सरकार कर रही है। जल-जंगल जमीन की रक्षा की जा रही है। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज में अपनी जमीन की लड़ाई लड़ रहे हजारों आदिवासियों के हित में फैसला लिया गया। पहली बार राज्य में आदिवासी, मूलवासी, दलितों और अल्पसंख्यकों को विदेशों में पढ़ने के लिए भेजा गया। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना में सहायता राशि 10 लाख रुपये तक की गयी। ऐसे जनकल्याणकारी कार्य को देख भाजपा नेताओं को पच नहीं रहा है।

### कहीं राज्यपाल और राजभवन न बन जायें टूलकिट

सुप्रियो ने कहा, भाजपा वाले कहीं राजभवन और राज्यपाल को टूलकिट न बना दें। सभी जानते हैं कि हेमंत सोरेन की सरकार के पास बहुमत का आंकड़ा है। हेमंत सरकार स्थिर है, लेकिन भाजपा नेता संवैधानिक संस्थाओं की मदद से हेमंत सरकार को डिस्टर्ब करने की साजिश कर रहे हैं। पहले गैर-भाजपा शासित राज्यों को डिस्टर्ब करने के लिए आइटी, इडी का उपयोग होता था, लेकिन झारखंड में तो अब इन दोनों के अतिरिक्त इसीआइ का भी नाम आने लगा है।

उन्होंने कहा, यह बात गुरुवार को सार्वजनिक हुई कि छह दिन पहले ही केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने राजभवन को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता को लेकर पत्र भेज दिया था। उससे पहले तो केवल इस बात की अटकलें ही थीं। इससे राज्य में अराजकता की स्थिति बनी हुई थी। यूपीए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने कहा था कि भेजे पत्र को लेकर वे आवश्यक कानूनी सलाह लेंगे। शुक्रवार को राज्यपाल दिल्ली चले गये। झामुमो का स्पष्ट मानना है कि राज्यपाल कानून मंत्रालय से ज्यादा दीनदयाल मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय से सलाह लेंगे।

# भाजपा की साजिश को नाकाम करेंगे: आलमगीर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाये जाने की तैयारी शुरू हो गयी है। शिक्षक दिवस पर बुलाये जा रहे झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में कई अहम विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे शुरू होगी। सरकार के झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के फैसले का कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। जानकारों की मानें तो विशेष सत्र के दौरान सरकार सदन में दिल्ली की केजरीवाल सरकार की तर्ज पर सदन में बहुमत साबित कर जनता के बीच मैसेज देने की कोशिश करेगी कि उसके पास बहुमत है और विपक्ष की साजिश का वो शिकार नहीं होनेवाली है। इसके अलावा यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि हेमंत सरकार सिक्किम की तर्ज पर सदन में बहुमत साबित कर अगले 06 महीने के लिए संभावित अविश्वास प्रस्ताव से बचाने के लिए ये सारी कवायद कर रही हो। इस पर संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए विशेष सत्र बुलाया गया है, इसमें विभिन्न विषयों पर विशेष चर्चा होगी। आलमगीर आलम ने कहा कि 5 सितंबर को आहुत विशेष सत्र के दौरान ओबीसी आरक्षण, स्थानीय नीति और जातिगत जनगणना जैसे अहम मुद्दों पर विशेष चर्चा होने की संभावना है। आलमगीर ने कहा कि सदन में कोई बिल नहीं लाया जायेगा, मगर विशेष चर्चा के जरिए सरकार सदन में विश्वासमत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि अभी सदन की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने मानसून सत्र के दौरान सुखाड़ पर अहम चर्चा करायी थी। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि सदन को उपयोगी बनाने के लिए जनता से चुन कर आये विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र की समस्या और जनभावनाओं को सदन में रखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष भले ही लाख साजिश कर ले, हमारी सरकार के पास पूर्ण बहुमत है। हम पूरी ताकत के साथ काम करते रहेंगे और भाजपा की साजिश को नाकाम करने में सफल होंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** विवादास्पद मामलों में विजय, यशस्वीकार्य करने का अवसर, इच्छित कार्य सफल होगा।
- **वृष** नियमित आमदनी की वृद्धि होगी, अधूरा काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **मिथुन** निर्णय क्षमता का विकास, आर्थिक लाभ, उलझनें दूर होंगी, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, कारोबार में उन्नति, बकाये रकम की प्राप्ति।
- **सिंह** धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, प्रेम संबंधों में खुशहाली आयेगी, मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या** सुख-शांति का वातावरण रहेगा, संतान पक्ष से शुभ समाचार, श्रेष्ठजनों का सहयोग मिलेगा।
- **तुला** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, पारिवारिक परेशानी दूर होगी।
- **वृश्चिक** महत्वकांक्षा पूरी होगी, उत्साहभरा वातावरण, चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।
- **धनु** आर्थिक क्षेत्र में मजबूती, रुके कामों में प्रगति, नौकरी सुखद, शत्रु पर विजय मिलेगा।
- **मकर** स्वजन-प्रियजनों से संपर्क बढ़ेगा, नवीन प्रयासों में सफलता, विविध सुख-साधन उपलब्ध होंगे।
- **कुंभ** कोई पुरानी समस्या हल होगी, मन प्रसन्न रहेगा, भौतिक सुख-संसाधनों में वृद्धि होगी।
- **मीन** आत्मविश्वास में वृद्धि, पारिवारिक सुख, इच्छित कार्य सफल, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

# गृह मंत्रालय सीएम के पास, पर राज्य में विधि व्यवस्था बेकाबू: सुदेश महतो



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने विधि व्यवस्था को लेकर सरकार पर सरकारी डाटा के साथ हमला किया है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि राज्य में विधि व्यवस्था बेकाबू हो गयी है। लोगों का विश्वास सरकार और पुलिस प्रशासन पर खत्म हो गया है। गृह मंत्रालय की जिम्मेवारी खुद मुख्यमंत्री के पास है, इसके बावजूद विधि व्यवस्था का यह हाल है। आंकड़ों से पता चलता है कि कानून व्यवस्था बहाल करना सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। राज्य में संगठित और असंगठित अपराध बढ़े हैं। ये बातें सुदेश महतो ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

### कई घटनाओं को लेकर पूरे राज्य में उबाल

सुदेश महतो ने कहा कि पुलिस फाइलों के मुताबिक, इस साल मई महीने तक पांच महीने में हत्या की 705 और बलात्कार की 666 घटनाएं हुई हैं, जबकि अपहरण के 694, डकैती के 44 और लूट-छिनतई के 270 मामले दर्ज किये गये हैं। इन पांच महीनों में पूरे राज्य में 25765 संज्ञेय अपराध दर्ज किये गये हैं। नाबालिग बच्चों के साथ दुष्कर्म, हत्या और प्रताड़ना की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कई घटनाओं को लेकर पूरे राज्य में उबाल है और लोगों का कानून व्यवस्था से विश्वास उठ गया है। कई मामले की नजाकत को देखते हुए उच्च न्यायालय ने गंभीर टिप्पणी की है, जबकि राजभवन ने भी चिंता जाहिर की है।

### सबसे ज्यादा दंगे झारखंड में हुए

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2021 की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि देशभर में सबसे ज्यादा दंगे झारखंड में हुए। कुल 387 में से 100 दंगे अकेले झारखंड में हुए हैं। यह रिपोर्ट अमन-चैन, समरसता को लेकर राज्य की चिंता बढ़ाती है। साल 2021 में झारखंड में कुल 50 हजार 382 संज्ञेय अपराध दर्ज किये गये हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 29 महीनों (2020 से 2022 के मई तक) में राज्य में दुष्कर्म की 4079 घटनाएं हुई हैं, जबकि 4425 हत्याएं हुईं। उन्होंने कहा कि शासन का इकबाल जब नियंत्रण में नहीं रहता है, तो कानून व्यवस्था भी बेपटरी हो जाती है। अपराधियों, बदमाशों में खौफ खत्म हो जाता है। धनबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले जिला सत्र न्यायाधीश की हत्या कर दी जाती है। हाईकोर्ट के आदेश पर इस मामले में सीबीआइ जांच करायी गयी। दुमका में घर में सोयी हुई स्कूली बच्ची पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला देना, चतरा में एक बच्ची पर एसिड अटैक की घटना से लोग हैरान- परेशान हैं।

### पुरानी पेंशन योजना में कई पेंच

आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने में कई पेंच हैं। सरकार ने बड़ी चालाकी से अपना बोझ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कंधों पर डाल दिया है। कर्मचारियों की सुरक्षा की जवाबदेही सरकार की होती है, लेकिन इसके विपरीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट ने अपनी जिम्मेदारियों को अपने कंधे से उतार कर एनएसडीएल और कर्मचारियों के ऊपर डाल दिया है। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि 5 सितंबर को विधानसभा का विशेष सत्र किन विषयों को लेकर बुलाया गया है, इसे सरकार पब्लिक डोमेन में साझा करे।

### संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद संजय सेठ, कहा-

# झारखंड में जूट उद्योग की संभावनाएं अपार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा की अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक सिक्किम की राजधानी गंगटोक में चल रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से चाय और जूट उद्योग से जुड़े संस्थान शामिल हैं। चाय बोर्ड, राष्ट्रीय जूट बोर्ड और भारतीय जूट निगम के वरिष्ठ अधिकारी समिति के सदस्यों के साथ मिलकर विमर्श कर रहे हैं।



बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ भी भाग ले रहे हैं।

इसकी जानकारी देते हुए सांसद श्री सेठ ने बताया कि लोकसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी समिति की बैठक गंगटोक में हो रही है, जहां समिति से जुड़े कई सांसद व अधिकारी भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बैठक में प्रमुख रूप से चाय और जूट उद्योग को बढ़ावा देने, अब तक इन दोनों उद्योगों की स्थिति व भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। श्री सेठ ने कहा कि हम प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक-एक देशवासी से प्लास्टिक का परित्याग करने का आह्वान किया है। ऐसी स्थिति में जूट हम सबके लिए, पूरे देश के लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। झारखंड में भी जूट से जुड़े उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले कुणाल षाड़ंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में अधिसूचित करने की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विधि व्यवस्था संभालने में पूरी तरह से फेल है। झारखंड में राज्य महिला आयोग का पद दो साल से खाली है। कई थानों में महिला कोषांग पूरी तरह से ठप है। षाड़ंगी ने राष्ट्रपति से यह भी अनुरोध किया कि वह चाकुलिया बढामारा रेलवे लाइन परियोजना को जल्द शुरू करवाने की पहल करें। इससे बहरागोड़ा रेलवे के मानचित्र पर स्थापित होगा। राष्ट्रपति ने बताया कि उन्होंने रेलवे मंत्री से इस विषय पर चर्चा की है। कुणाल ने राष्ट्रपति को झारखंड आने का न्यौता भी दिया, जिस पर उन्होंने बहुत जल्द झारखंड आने का आश्वासन दिया।

# विधायकों को लाने मंत्री बन्ना गुप्ता और बादल रायपुर गये

- सत्र के दिन ही सभी विधायक रांची पहुंचेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सरकार के दो मंत्री बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख शुक्रवार शाम रायपुर के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सुखाड़ को लेकर हुई आपदा प्रबंधन विभाग की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के बाद बन्ना और बादल सीधे एयरपोर्ट पहुंचे और चार्टर्ड विमान से रायपुर चले गये। बन्ना हेमंत सरकार में स्वास्थ्य मंत्री और बादल कृषि मंत्री हैं। एयरपोर्ट पहुंचे बन्ना गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में इस बात की पुष्टि की है कि पांच सितंबर को सारे विधायक रांची लौटेंगे। इससे पहले बन्ना और बादल सहित कांग्रेस कोटे के चार मंत्री आलमगीर आलम और डॉ रामेश्वर उरांव बुधवार देर शाम रांची पहुंच चुके हैं। चारों मंत्री कैबिनेट की बैठक में भाग लेने के लिए रांची आये थे। सोमवार (5 सितंबर) को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा का एक दिवसीय सत्र बुलाया है। बन्ना गुप्ता की मानें, तो सत्र के ही दिन चारों मंत्री सहित तमाम विधायक रांची पहुंचेंगे और वहां से सीधे विधानसभा जायेंगे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. ETCPMGSUBBS2022078, दिनांक : 03.08.2022

कार्य का नाम : महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (MCL) के तालचेर कोलफील्ड में बेरा चौक से सेंट्रल कॉलोनी क्षेत्र तक सार्वजनिक आवागमन एवं भुवनेश्वरी माइंस से स्तर-1 और 2 तक आवागमन को पूरा करने के लिए 1x36.0m कम्पोजिट गर्डर स्पैन युक्त रोड ओवर ब्रिज (ROB) नं 30A का निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 3243.22 लाख, EMD (रुपये में): 17,71,600/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 18 (अठारह) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक : 05.09.2022 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B/G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जांच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जांच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर

PR-89/CF/22-23

### दी जानकारी : अभ्यर्थियों की डाउट क्लासेस अलग से ली जाती है

# जेपीएससी फाउंडेशन कोर्स अभ्यर्थियों के लिए अहम : विनय मिश्रा

- कहा- यह कोर्स संस्थान की ओर से काफी रिसर्च के बाद अमल में लाया गया है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के लालपुर स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी में यूपीएससी की तर्ज पर चलाये जा रहे जेपीएससी फाउंडेशन कोर्स अभ्यर्थियों की पहली पसंद बन कर उभरा है। दरअसल यह कोर्स संस्थान की ओर से काफी रिसर्च के बाद अमल में लाया गया है। उक्त बातें चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने राजधानी रांची स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी शाखा में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों से कहीं। उन्होंने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी में चलाये जा रहे जेपीएससी फाउंडेशन कोर्स की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस एक कोर्स के तहत बेसिक से लेकर इंटरव्यू तक की तैयारी विषय विशेषज्ञों के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीकों के जरिए करायी जाती है। साथ ही डाउट क्लासेस अलग से अभ्यर्थियों की ली जाती है ताकि कन्फ्यूजन की स्थिति किसी टॉपिक को लेकर अभ्यर्थियों के मन में ना रहे। उन्होंने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी अपने शुरुआती दिनों से ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए प्रसिद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि मेट्रो सिटीज में जो सुविधाएं अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है, वही सुविधाएं चाणक्य आइएएस एकेडमी के राजधानी रांची सहित देश भर में संचालित सभी 24 शाखाओं में मुहैया करायी जाती है। यही वजह है कि चाणक्य आइएएस एकेडमी के किसी भी संस्थान में पढ़ने वाले अभ्यर्थियों को समान गुणवत्ता की शिक्षा और सुविधाएं मिलती हैं। मौके पर मौजूद संस्थान के झारखंड हेड अभिनव मिश्रा ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ साथ समय समय पर सक्सेस गुरू व संस्थान के चेयरमैन एके मिश्रा का मार्गदर्शन भी अभ्यर्थियों की सफलता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

रांची शाखा के मैनेजर विनित कुमार ने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी अपने मिशन के तहत काम कर रहा है। संस्थान का मिशन है कि आने वाले समय में झारखंड को यूपीएससी के क्षेत्र में अव्वल स्थान पर लाना। यही वजह है कि झारखंड में ही चाणक्य आइएएस एकेडमी के तीन संस्थान रांची, धनबाद और हजारीबाग में स्थित हैं। उन्होंने बताया कि बीते 30 वर्षों के दौरान चाणक्य आइएएस एकेडमी से सिविल सेवा में 5000 से भी अधिक और विभिन्न राज्यों के स्टेट पीसीएस में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सफलता हासिल कर देश सेवा में जुटे हैं।

पूर्व तट रेलवे

पार्सल स्थान लीज पर देने के लिए ई-नीलामी

परिसम्पत्ति का विवरण : प्रति ट्रिप के आधार पर SLR पार्सल स्थान लीज पर देना।

| ट्रेन नं. | लीज पर देने हेतु पार्सल स्थान (04 टन) | नीलामी प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि | नीलामी प्रारंभ समय | नीलामी बंद समय |
|---|---|---|---|---|
| 18301 सम्बलपुर-रायगड़ा | FSLR-I | दिनांक 08.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |
| | FSLR-II | दिनांक 08.09.2022 | 1100 बजे | 1140 बजे. |
| | RSLR-I | दिनांक 08.09.2022 | 1100 बजे | 1150 बजे |
| 18303 सम्बलपुर-पुरी | FSLR-I | दिनांक 09.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |
| | FSLR-II | दिनांक 09.09.2022 | 1100 बजे | 1140 बजे |
| | RSLR-I | दिनांक 09.09.2022 | 1100 बजे | 1150 बजे |
| 18309 सम्बलपुर-जम्मू तवी | FSLR-I | दिनांक 12.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |
| | RSLR-I | दिनांक 12.09.2022 | 1100 बजे | 1140 बजे |
| 18311 सम्बलपुर-बनारस | FSLR-I | दिनांक 13.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |
| | FSLR-II | दिनांक 13.09.2022 | 1100 बजे | 1140 बजे |
| | RSLR-I | दिनांक 13.09.2022 | 1100 बजे | 1150 बजे |
| 22804 सम्बलपुर-शालीमार | FSLR-I | दिनांक 14.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |
| | FSLR-II | दिनांक 14.09.2022 | 1100 बजे | 1140 बजे |
| | RSLR-I | दिनांक 14.09.2022 | 1100 बजे | 1150 बजे |
| 20809 सम्बलपुर-हजूर साहिब नान्देड़ | FSLR-I | दिनांक 15.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |
| | RSLR-I | दिनांक 15.09.2022 | 1100 बजे | 1140 बजे |
| 20838 जूनागढ़ रोड -भुवनेश्वर | FSLR-I | दिनांक 16.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |
| | RSLR-I | दिनांक 16.09.2022 | 1100 बजे | 1140 बजे |
| 12894 बलांगीर-भुवनेश्वर | FSLR-I | दिनांक 19.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |
| | FSLR-II | दिनांक 19.09.2022 | 1100 बजे | 1140 बजे |
| | RSLR-I | दिनांक 19.09.2022 | 1100 बजे | 1150 बजे |

परिसम्पत्ति का विवरण : 01 दिन अर्थात् मंगलवार (राउन्ड ट्रिप के आधार पर) के लिए VP (23 टन क्षमता) का पार्सल स्थान लीज पर देना।

| ट्रेन नं. | नीलामी प्रारंभ बंद होने की तिथि | नीलामी प्रारंभ समय | नीलामी बंद समय |
|---|---|---|---|
| 18309 / 18310 सम्बलपुर-जम्मू-तवी-सम्बलपुर | दिनांक 20.09.2022 | 1100 बजे | 1130 बजे |

उपरोक्त ई-नीलामी सूचना का संपूर्ण विवरण वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

PR-443/N/22-23 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/सम्बलपुर

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



# महंगाई पर कांग्रेस की हल्ला बोल रैली कल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बढ़ती महंगाई के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी चार सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में हल्ला बोल रैली का आयोजन करेगी। इसे लेकर झारखंड कांग्रेस के कार्यकर्ता भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। इस कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का एक बड़ा जत्था शुक्रवार को रांची एयरपोर्ट से नयी दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। दिल्ली जाने वालों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महंगाई और बेरोजगारी के लिए आवाज बुलंद करेंगे

एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए आलोक कुमार दुबे ने बताया, 75 वर्षों में पहली बार खाने- पीने सहित हर जरूरत की

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था दिल्ली रवाना

चीजों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसकी वजह से देश की जनता कराह रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा, देश भर के कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के नेतृत्व में महंगाई और बेरोजगारी के लिए आवाज बुलंद करेंगे। जनविरोधी सरकार को उखाड़ने का इस विराट रैली से देश की जनता से आह्वान किया जायेगा।

### हर वर्ग महंगाई से कर रहा त्राहिमाम

डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा, समाज के हर वर्ग महंगाई से आज त्राहिमाम कर रहा है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें वर्तमान में सबसे निचले स्तर पर हैं, इसके बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों 100 के पार हैं। इसके लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री जिम्मेदार हैं।

## 36 घंटे बाद पुलिस पहुंची घटनास्थल पर

# अड़की में ग्राम प्रधान सहित एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

### दहशत में ग्रामीण, पुलिस को कुछ नहीं बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** अड़की प्रखंड अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित मदहातु पंचायत के कोदेलेबे गांव के ग्राम प्रधान बयार सिंह मुंडा उर्फ सुखराम मुंडा (55 वर्ष ) उसका बेटा सिंगा मुंडा (30 वर्ष) और पुत्रवधू मानी हरिबीना (26 वर्ष) की निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। गत बुधवार की देर रात हुई इस सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड की सूचना 24 घंटे बाद गुरुवार की रात अड़की पुलिस को मृतक के एक रिश्तेदार ने फोन पर दी, लेकिन घटनास्थल घोर बीहड़ और नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस ने एहतियात बरतते हुए रात में वहां जाना मुनासिब नहीं समझा। शुक्रवार को एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में पूरे दलबल के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना के 36 घंटे बाद तक घटनास्थल पर यूं ही पड़े तीनों शवों का पंचनामा कर आवश्यक तहकीकात शुरू की। बाद में पुलिस ने तीनों शवों को उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस दौरान घंटों गांव में रही पुलिस ने घटना के कारणों की जानकारी के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन दहशतजदा ग्रामीण अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कुछ बताने को राजी नहीं हुए।

सूत्रों के अनुसार, बुधवार देर रात हुई इस घटना के बाद गुरुवार सुबह गांव में ग्रामीणों की बैठक हुई थी। बैठक में इस हत्याकांड की जानकारी पुलिस को अथवा गांव से बाहर किसी अन्य को न देने की सख्त चेतावनी सभी को दी गयी थी। यही कारण रहा कि गुरुवार को पूरे दिन घटना की भनक किसी को नहीं लगी। यह तो गनीमत रही कि मृतकों के एक रिश्तेदार ने घटना की सूचना गुरुवार रात को पुलिस तक पहुंचा दी, जिससे इस तिहरे हत्याकांड की जानकारी लोगों को मिली।

### घटना के पीछे कुटुंब परिवार का हाथ तो नहीं?

घटना उजागर होने के बाद शुक्रवार को जब पुलिस गांव में पहुंची, तो गांव के अधिकांश घरों में ताला लगा हुआ था। कुछ वृद्ध और लाचार ग्रामीणों को छोड़कर अधिसंख्य ग्रामीण गांव से फरार थे। घटना की सूचना पाकर गांव पहुंचे मृतकों के कुछ रिश्तेदार ही वहां मौजूद थे। घटना की रात घर के अंदरूनी क्षेत्र में सो रहे मृतक ग्राम प्रधान की पत्नी गोमा देवी और दो पुत्री पालो और रूपन ने बताया कि ग्राम प्रधान का पुत्र सिंगा अपनी पत्नी और एकमात्र पांच वर्षीय पुत्र के साथ घर से लगभग 20 फीट दूर एक अस्थाई झोपड़ी में सोया था। घर के मुखिया ग्राम प्रधान घर के बरामदे में सोये थे। रात लगभग एक बजे झोपड़ी से पोते की रोने की आवाज सुनकर गोमा देवी जब वहां गयीं, तो देखा कि खून से लथपथ उसके बेटे और बहू गिरे पड़े हैं और घायल पोता रो रहा है। मामला समझ में आने पर वह डर से रात भर पोता को लेकर वहीं पड़ी रहीं। इधर बरामदे में सो रहे ग्राम प्रधान का शव भी वहां से लगभग सौ फीट दूर पड़ा था। इस स्थिति में मृतक की पत्नी और दोनों पुत्रियां अपनी भी हत्या की आशंका से दहशत भरे वातावरण में रात भर यूं ही दुबके रहे। उन्होंने बताया कि हत्यारों की संख्या कितनी थी, इसे वे देख नहीं पाये, सिर्फ अंधेरे में दो टॉर्च की रोशनी नजर आयी थी। उन्होंने बताया कि वैसे तो उन लोगों की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन गांव के सात परिवार एसी कुटुंब परिवार से जुड़े हुए हैं, जो आये दिन उनके परिवार पर एसी कुटुंब परिवार में शामिल होने के लिए दबाव डाल रहे थे, लेकिन घर के मुखिया ग्राम प्रधान इसके लिए तैयार नहीं थे।

एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध अड़की थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। उन्होंने दावा किया कि शीघ्र ही हत्यारों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया जायेगा। इस बीच तीनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया, जबकि मृतक ग्राम प्रधान के पांच वर्षीय पोता बोयार मुंडा का सदर अस्पताल में इलाज करा कर उसे स्वजनों के साथ भेज दिया गया।

### सुदूर बीहड़ में स्थित है कोदेलेबे गांव

अड़की के मदहातु पंचायत के कोदेलेबे गांव अड़की प्रखंड मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर बीहड़ में है। वहां तक कोई वाहन भी नहीं जा पाता। लगभग डेढ़ दो किलोमीटर दूर वाहन अथवा मोटरसाइकिल को खड़ी कर वहां से पैदल गांव जाना होता है। शुक्रवार को पुलिस और पत्रकारों के दल को भी वहां पैदल चलकर ही पहुंचना पड़ा।

# पुरानी पेंशन योजना लागू करना सराहनीय : राजद


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजद प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू करना राज्य सरकार का सराहनीय कदम है। इस कार्य के लिए जितनी प्रशंसा की जाये कम है। इस योजना से राज्य के सभी राज्यकर्मी लाभान्वित होंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू होने से सभी राज्यकर्मियों में खुशी का माहौल है।

डॉ कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की सरकार ने पेंशन योजना बंद करने की घोषणा की थी। इस निर्णय से सभी राज्यकर्मी हताश और निराश थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति और नियत दोनों ठीक नहीं। इन्हें आम जनता से कोई सरोकार नहीं रहा। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में यूपीए की सरकार बनी है, तब से लगातार झारखंड के आम जनता एवं सभी तबके के लिए काम कर रही है।

# रिम्स में नेत्र विभाग ने नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर) के तहत राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के नेत्र विभाग ने शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाली। चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुवा और उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने रिम्स परिसर स्थित राजेंद्र पार्क से रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। राजेंद्र पार्क से शुरू होकर यह रैली अस्पताल परिसर का चक्कर लगाते हुए नेत्र विभाग के ओपीडी में समाप्त हुई। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को कॉर्नियाजनित अंधापन, इसकी रोकथाम और नेत्रदान के प्रति जन जागरूकता लाना था।

रैली में नेत्र विभाग के सभी प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं राजकीय नेत्र अधिकोष (आइ बैंक) के सदस्य शामिल हुए और नेत्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए नारे भी लगाये। विभागाध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता अति आवश्यक है। इससे आप मृत्यु के बाद नेत्रदान कर किसी के जीवन में रोशनी फैला सकते हैं।

उन्होंने कहा कि रिम्स परिसर में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। नेत्रदान करने के इच्छुक लोग ओपीडी रेजिस्ट्रेशन परिसर और राजकीय नेत्र अधिकोष में लगे डेस्क (मोबाइल नंबर 9430170366/9430106070/ 9430106022) पर संपर्क कर सकते हैं।

# रांची विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में नामांकन के लिए आये मात्र 38 आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में नामांकन के लिए मात्र 38 आवेदन ही आये हैं। इसकी जानकारी आरयू द्वारा जारी सूची से मिली है। आरयू ने इन पांच कॉलेजों के नाम भी जारी किये हैं, जिसमें डुमरी कॉलेज, डुमरी, गुमला, मॉडल डिग्री कॉलेज घाघरा, डिग्री स्टैंडर्ड वीमेंस कॉलेज, खूंटी, महिला महाविद्यालय सिमडेगा और महिला महाविद्यालय लोहरदगा शामिल हैं। इन कॉलेजों में से सबसे अधिक आवेदन महिला महाविद्यालय लोहरदगा में आये हैं। इस सत्र के लिए इस कॉलेज में कुल 11 आवेदन आये हैं, जबकि डुमरी कॉलेज, गुमला में 8, मॉडल डिग्री कॉलेज घाघरा में 7, डिग्री स्टैंडर्ड वीमेंस कॉलेज, खूंटी में 5, महिला महाविद्यालय सिमडेगा में सात आवेदन आये हैं।

### सिमडेगा महिला कॉलेज में नहीं है एक भी शिक्षक

### कॉलेज द्वारा प्रदान किये गये कई पाठ्यक्रमों का उल्लेख चांसलर पोर्टल में नहीं

कम आवेदन आने के संबंध में डुमरी कॉलेज के प्रभारी रामेश्वर भगत ने कहा कि कॉलेज द्वारा प्रदान किये गये कई पाठ्यक्रमों का उल्लेख चांसलर पोर्टल में नहीं है, जो कम आवेदन आने का मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि इस कॉलेज की स्थापना 1984 में हो गयी थी, लेकिन 1992-93 में तीन सत्रों की अनुमति मिली थी। कॉलेज में वाणिज्य और कला में कुल 17 विषयों पर पढ़ाई होती है। वहीं इस कॉलेज में कुल 540 छात्रों पर 24 शिक्षक हैं। वहीं घाघरा में मॉडल डिग्री कॉलेज, डिग्री स्टैंडर्ड महिला कॉलेज, खूंटी और सिमडेगा में महिला कॉलेज की स्थापना 2019 और 2021 के बीच हुई है।

### इन कॉलेजों का हाल ही में उद्घाटन किया गया: डीएसडब्ल्यू

रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ राज कुमार शर्मा ने बताया कि इन कॉलेजों का हाल ही में उद्घाटन हुआ है। घाघरा कॉलेज की बात करते हुए उन्होंने कहा कि 2019 में इसकी स्थापना हुई है। इसमें विज्ञान वाणिज्य और कला के नौ विभाग हैं। शिक्षकों को 15 सितंबर से पहले रखा जायेगा, क्योंकि सत्र इस साल जल्द ही शुरू होना है। सीटों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में होने के कारण इसकी कोई सीमा नहीं है।

### कॉलेज में वाणिज्य और कला सहित कुल पांच विभाग

सिमडेगा में महिला कॉलेज ने भी इस साल अपना सत्र शुरू कर दिया है। कॉलेज के प्रभारी डॉ तिरियो एक्का ने कहा कि 2021 में कॉलेज का उद्घाटन किया गया। कॉलेज में वाणिज्य और कला सहित कुल पांच विभाग हैं। भले ही वर्तमान में कोई शिक्षक नहीं हैं जेपीएससी के माध्यम से जल्द ही भर्ती शुरू हो जायेगी।

## पहल : मोटर वाहन अधिनियम 2019 के नियमों में बदलाव

# ड्राइविंग लाइसेंस पांच साल में करा सकेंगे रिन्यू

### उम्र 30 साल से कम है, तो पहली बार में ड्राइविंग लाइसेंस 40 साल की उम्र पूरी होने तक की बनेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोटर वाहन अधिनियम 2019 के नियमों में बदलाव किया गया है। नियम तोड़ने पर जुर्माने समेत लाइसेंस को लेकर कई बदलाव किये गये हैं। केंद्र सरकार ने नये कानून में जहां लाइसेंस रिन्यू कराने में एक महीने की छूट की बजाय एक साल तक की बिना फीस छूट है, तो वहीं कुछ सख्ती भी की है।

### रांची समेत पूरे राज्य में नये नियम लागू

हर साल एक हजार रुपये जुर्माना चुका कर ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू कराने की छूट थी। नये बदलाव में लाइसेंस बनवाने में चार श्रेणी तय कर दी गयी है। प्राइवेट लाइसेंस धारक के लिए एक बड़ा बदलाव यह किया गया है कि 50 साल की उम्र होने पर हर पांच साल में लाइसेंस रिन्यू कराते समय उन्हें जो फिटनेस सर्टिफिकेट देना होता था, वह अब नहीं देना होगा। वहीं व्यावसायिक वाहन चालकों को भी अब हर तीन साल में लाइसेंस रिन्यू कराने की जरूरत नहीं होगी।




### जानें क्या-क्या हुआ बदलाव

- चालक की उम्र 55 साल हो गयी है, तो लाइसेंस उसके बाद सिर्फ पांच साल का बनेगा, यानी प्रत्येक पांच साल में लाइसेंस रिन्यू कराना होगा।
- व्यावसायिक लाइसेंस अब हर तीन साल में नहीं, पांच साल में रिन्यू कराना होगा। व्यावसायिक लाइसेंस के लिए अब 8वीं पास की शर्त भी खत्म हो गयी है।
- उम्र 50 साल से ज्यादा और 55 साल से कम है, तो लाइसेंस 60 साल उम्र पूरी होने तक का बनेगा।
- उम्र 30 साल से कम है, तो पहली बार में ड्राइविंग लाइसेंस 40 साल की उम्र पूरी होने तक की बनेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कोकर दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ भूमि पूजन



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर दुर्गा पूजा कमेटी एचबी रोड रांची का शुक्रवार को भूमि पूजन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन कराया गया। पूजा कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने बताया कि इस बार पूजा पूरे धूमधाम से होगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कोकर दुर्गा पूजा एचबी रोड भव्य पूजा पंडाल एवं लाइटिंग का आयोजन करेगी। भूमि पूजन के दौरान अध्यक्ष चंचल चटर्जी, वरीय कार्यकारी अध्यक्ष नीरज सिंह, सम्राट चटर्जी, टिंकू झा, प्रिंस सिंह, शुभम सिंह, आशिष कुमार, बंटी सिंह, पिंटू कुमार सहित सभी सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी मिडिया प्रभारी रोहित सिंह और धीरज सिंह ने दी।

### पांच को दीक्षांत मंडप में करम पूर्व संध्या, तैयारी पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति की बैठक शुक्रवार को आरआइटी भवन, कचहरी परिसर में हुई। इस दौरान पांच सितंबर को आयोजित करम पूर्व संध्या कार्यक्रम पर चर्चा हुई। कार्यक्रम को अंतिम रूप देते हुए बताया गया कि मुख्य आयोजन दीक्षांत मंडप में दोपहर दो बजे से शुरू हो जायेगा। इस दौरान 41वें अंक का सरना फूल पत्रिका का लोकार्पण होगा। एकल गीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।संघ के सचिव प्रोफेसर वीरेंद्र उरांव ने बताया कि करम पूर्व संध्या समारोह में 30-35 जनजाति नृत्य दल शामिल होंगे। आयोजन को लेकर तैयारी समिति का गठन कर उन्हें जिम्मेदारी सौंप दी गयी है। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष साधु उरांव, कोषाध्यक्ष डॉ बंदे उरांव, सत्यनारायण लकड़ा, बिमल कच्छप, सुखराम उरांव, लक्ष्मण उरांव, राज किशोर गिद्ध, अनिमा तिग्गा, जोहे भगत, संगीता कुमारी, जयंती उरांव, पूनम उरांव, सुनेगा उरांव मौजूद थे।

### आरटीसी बीएड महाविद्यालय में विदाई समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को आरटीसी बीएड महाविद्यालय में डीएलएड द्वितीय वर्ष सत्र 2019-21 के प्रशिक्षणार्थियों को विदाई दिया गया। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि रामटहल चौधरी पूर्व सांसद रांची लोकसभा, जीएवीएस के अध्यक्ष प्यारे लाल महतो, सचिव डॉ पारस नाथ महतो, निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो, सदस्य मनेष महतो उपस्थित थे। वहीं मौके पर रामटहल चौधरी ने कहा कि शिक्षित होकर समाज के कल्याण एवं विकास के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से कामना की। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार ने कहा कि यहां से 2 वर्षों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सीखे गये कला कौशल का उपयोग आप अपने जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर करते रहेंगे। सचिव डॉ पारस नाथ महतो ने कहा कि महिलाएं शिक्षित होती हैं तो पूरा परिवार समाज शिक्षित होता है। डीएलएड विभागाध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद ने कहा कि हमें अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उसके लिए निरंतर संघर्ष, परिश्रम करने की आवश्यकता है। व्याख्याता पुष्पांजलि कुमारी ने कार्यक्रम समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त व्याख्याता गण एवं छात्र मौजूद थे।

### अपने किये वादा को निभायें मुख्यमंत्री : विजय शंकर



रांची (आजाद सिपाही)। 5 सितंबर को आयोजित झारखंड के विधानसभा के विशेष सत्र में खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति को लागू कर अपने किये वादा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निभायें। उक्त बातें शुक्रवार को झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने चुनावी वादा को धीरे-धीरे आप पूरा करने का काम कर रहे हैं। और झारखंडी समाज से किये वादों को पूरा नहीं कर रहे हैं, जो राज्य की सदियों से शोषित पीड़ित अधिकार से वंचित झारखंडी जनता के लिए एक सोचनीय प्रश्न है। श्री नायक ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पेशा कानून लागू करने, खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करने सीएनटी एसपीटी एक्ट को लागू कराने के समर्थन में 11 सितंबर 2022 को पुराना विधानसभा मैदान में झारखंड बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विशाल आक्रोश रैली निकाली जा रही है।

### फिट इंडिया क्विज में डीपीएस रांची नेशनल चैंपियन

रांची (आजाद सिपाही)। मुंबई में आयोजित फिट इंडिया क्विज 2021 में डीपीएस रांची नेशनल चैंपियन बना। केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित फिट इंडिया क्विज 2021 के पहले संस्करण में डीपीएस रांची के शाकेब अर्सलान और वैष्णव गरोडिया विजयी रहे। इस प्रतियोगिता में इनाम के रूप में विद्यालय को 25 लाख रुपये का पुरस्कार मिला, जबकि प्रतिभागियों को ढाई लाख रुपये का पुरस्कार मिला। क्विज प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में डीपीएस रांची के छात्रों ने तमिलनाडु, बिहार और अरुणाचल प्रदेश की टीमों को हराया। जबकि सेमीफाइनल राउंड में उन्होंने पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की टीमों को हराया। इस प्रतियोगिता के लिए सर्वप्रथम प्रारंभिक चरण में शाकेब और वैष्णव का चयन विद्यालय स्तर पर हुआ। इसके बाद प्रिलिमनरी राउंड नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा लिया गया। प्रिलिमनरी राउंड में क्वालीफाई करने के बाद विद्यार्थियों का चयन स्टेट राउंड के लिए हुआ। सभी राउंड पार करने के बाद डीपीएस रांची स्टेट चैंपियन बना। फिर प्रतिभागियों का चयन नेशनल राउंड के लिए हुआ। बता दें कि इसमें देशभर की 36 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में पूरे देश के 13 हजार स्कूलों के 35 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के निरंतर प्रयास का परिणाम है। उनकी कोशिश से आज विद्यालय का नाम रौशन हुआ है। कहा कि यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प, धैर्य और दृढ़ता के महत्व को दर्शाता है।

# ग्रामीण विरोध करते रह गये, हिंडाल्को ने दो सरकारी स्कूलों को कर दिया जमींदोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** अरबों रुपये के टर्नओवर वाली विश्व विख्यात कंपनी हिंडाल्को ने झारखंड के नौनिहालों के भविष्य की थोड़ी सी भी चिंता नहीं की। कंपनी ने माइनिंग के लिए हर उस चीज को कुचल दिया, जो रास्ते में रुकावट बनी। खनन के लिए चलाये जा रहे हिंडाल्को के बुलडोजर ने सैकड़ों बच्चों के भविष्य को गढ़ने वाले दो सरकारी स्कूलों को भी तोड़ दिया। ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद भी हिंडाल्को का बुलडोजर तब तक नहीं रुका, जब तक लाखों रुपये के सरकारी खर्च से बने शिक्षा के मंदिर पूरी तरह से खंडहर में तब्दील नहीं हो गये।

यह मामला पलामू जिले की गाडी खास पंचायत का है, जहां हिंडाल्को ने कोयले के खनन के लिए न्यू प्राथमिक विद्यालय शिवालाटोला और न्यू प्राथमिक विद्यालय बघमनवा टोला, दो सरकारी स्कूलों को तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार दोनों स्कूलों में लगभग 200 बच्चे पढ़ते हैं। न्यू प्राथमिक विद्यालय शिवालाटोला में कार्यरत एक पारा शिक्षक से मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल के बच्चों को फिलहाल कठौतिया मध्य विद्यालय के दो कमरों में शिफ्ट किया गया है।

### डीइओ को नहीं है कोई जानकारी

स्कूल तोड़े जाने के लिए सरकारी इजाजत ली गयी थी या नहीं, इस संबंध में जब जिले के शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ) से बात की गयी, तो उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। कहा कि हमने 10 दिन पहले ही ज्वॉइन किया है। कहा कि सभी चीजों का रिव्यू किया जा रहा है।

### दूसरे स्कूल जाने में तय करनी पड़ती है लंबी दूरी

जिस स्कूल को हिंडाल्को ने कोयले के खनन के लिए जमींदोज कर दिया, उसमें पढ़ने वाले छात्रों को अब दूसरे स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

## झारखंड राज्य खुला विवि की कार्यकारी परिषद की हुई पहली बैठक

# मुख्यालय में प्रस्तावित स्कूल खोलने की अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक शुक्रवार को प्रो डॉ टीएन साहू की अध्यक्षता में हुई। कार्यकारी परिषद की प्रथम बैठक में परिनियम एवं एकेडमिक संबंधित कई निर्णय लिये गये। इसमें झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय एक्ट के तहत मुख्यालय में प्रस्तावित स्कूल खोलने की अनुमति प्रदान की गयी और कुलपति को किसी भी विश्वविद्यालय/संस्थान से आवश्यकतानुसार वार्ता करने के लिए अधिकृत किया गया। इसके अलावा कई अन्य निर्णय लिये गये।

बैठक में कार्यकारी परिषद के सदस्य प्रो तपन कुमार शांडिल्य (कुलपति, डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय, रांची), प्रो डॉ कामिनी कुमार (प्रतिकुलपति, रांची विश्वविद्यालय), प्रो डॉ एसएन पांडेय (पूर्व कुलपति, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके), प्रो डॉ संजय मिश्रा (पूर्व विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र विभाग, रांची विश्वविद्यालय), डॉ हरि उरांव (विभागाध्यक्ष, जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग, रांची विश्वविद्यालय) एवं डॉ जयश्री शाहदेव (सेवानिवृत्त, स्नातकोत्तर भूगोल विभाग, रांची विश्वविद्यालय) उपस्थित थे। इनके अलावा बैठक में विनोद बिहारी महतो (कुलपति, कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद) एवं प्रो डॉ ज्योति कुमार (सेवानिवृत्त) ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए।

# रांची पुलिस के जवान संतोष को डीजीपी ने 10 हजार देकर किया सम्मानित

**कहा- सभी पुलिसकर्मी बहादुर बन जायें, तो अपराध नियंत्रित होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में पीसीआर-19 में तैनात रांची पुलिस के जवान संतोष कुमार की बहादुरी की चर्चा पूरे पुलिस महकमे में है। उनके साहसिक कार्य के लिए झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा ने संतोष कुमार को 10 हजार रुपये देकर सम्मानित किया है। डीजीपी नीरज सिन्हा ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी इस तरह बहादुरी का परिचय देंगे, तो जरूर अपराध नियंत्रण में होगा। उन्होंने जवान संतोष कुमार के साहसिक कार्य की प्रशंसा की और इनाम दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्य पुलिसकर्मियों से अपील है कि अपने कार्यों को बेहतर से बेहतर करें।

गुरुवार को नामकुम थाना परिसर में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी और अन्य पुलिसकर्मियों ने सम्मानित किया था। बता दें कि ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे संतोष कुमार ने धुर्वा थाना क्षेत्र में दो लोगों को आपस में विवाद करते देखा, तो उन्हें समझाया। समझाकर जैसे ही कुछ दूर आगे बढ़े, तो उन्हें गोली चलने की आवाज आयी। मुड़कर देखा, तो विवाद कर रहे एक व्यक्ति ने दूसरे को जांघ में गोली मार दी थी। ऑफ ड्यूटी होने के बावजूद संतोष कुमार ने बहादुरी का परिचय देते हुए गोली चलाने वाले आरोपी द्वारिका सिंह को पिस्टल एवं चाकू के साथ दबोच लिया। वहीं, घायल विमल कुमार महली को एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भिजवाया। उनके इस साहसिक कार्य के लिए गुरुवार को नामकुम थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में नामकुम थाना में संतोष कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया था। वहीं शुक्रवार को झारखंड के डीजीपी ने भी 10 हजार रुपये देकर उन्हें सम्मानित किया।

# सहारा इंडिया के खिलाफ राजभवन के सामने विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा ने शुक्रवार को राजभवन के सामने सहारा इंडिया के खिलाफ एक दिवसीय प्रदर्शन किया। मोर्चा की मांग है कि सहारा इंडिया समूह की सहकारिता समिति में लगे पूरे भारतवर्ष के लगभग 13 करोड़ जमाकर्ताओं की लंबित राशि दी जाये। मोर्चा ने इस मुद्दे को लेकर राज्यपाल और रांची के उपायुक्त को पत्र भी लिखा है।

प्रदर्शन में पूरे झारखंड से सैकड़ों लोग शामिल हुए। प्रदर्शन में नीरज शर्मा ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने सहारा इंडिया परिवार के विभिन्न क्रेडिट को-ऑपरेटिव को लाइसेंस दिया है। देश भर के लगभग 13 करोड़ जमाकर्ता से जमा लिया गया है, जिसकी परिपक्वता राशि लगभग 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होगी। भुगतान नहीं मिलने के कारण निवेश करने वाले जमाकर्ताओं की हालत बुरी है। सहारा समूह के एजेंटों के साथ भी लगातार मारपीट की घटना सामने आ रही है। भुगतान नहीं होने के कारण देश के करीब 70 करोड़ से ज्यादा की आबादी प्रभावित हो रही है।

इस प्रदर्शन में राजेंद्र सिंह सूर्यवंशी राष्ट्रीय अध्यक्ष, नागेंद्र कुमार कुशवाहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहारा निवेशक मोर्चा, अनिल सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा, संतोष कुमार अग्रवाल राष्ट्रीय महासचिव ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष मोर्चा घनश्याम शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऑल इंडिया जन आंदोलन, संतोष कुमार जिला अध्यक्ष रांची, सत्येंद्र कुमार मीडिया प्रभारी, मनोज चक्रवर्ती, प्रत्यूष बर्मन, कृष्णा कुमार, मनोज कुमार साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# श्री श्याम प्रभु की निकली शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मंडल रांची के 55वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से श्री श्याम प्रभु की विराट एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा शाम 4 बजे शुरू हुई। शोभायात्रा के आगे-आगे बैंड की धुन के साथ सैकड़ों श्यामभक्त धर्म ध्वजा एवं विभिन्न देवताओं के जयकारों से अंकित बैनर लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में श्रीकृष्ण लीला पर आधारित झांकियां सभी का मन मोह रही थीं। श्री श्याम मंडल के सैकड़ों सदस्य अत्यंत भक्ति भाव से भजन गाते हुए नाचते हुए शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। इस अवसर पर दिव्य रथ पर श्री श्याम प्रभु के शीश का अलौकिक श्रृंगार किया गया। श्री श्याम प्रभु नगर वासियों को आशीष लुटा रहे थे। जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं और भक्तों द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वृष्टि की गयी। मार्ग में सैकड़ों भक्तों द्वारा दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की आरती की गयी। पूरे मार्ग पर उपस्थित भक्तों के लिए श्याम प्रभु के प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गयी थी। विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा श्री श्याम मंदिर रात्रि 8 बजे पहुंची, जहां मंगल आरती व प्रसाद वितरण के पश्चात शोभायात्रा का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में मनोज सिंघानिया, राकेश मुरारका, सुनील मोदी, अशोक लाठ, पवन अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश बागला, शिवरतन बियानी, अमित पोद्दार, विक्रम परसरामपुरिया, महेश सारस्वत, विकाश पाडिया, का विशेष सहयोग रहा।

## शिक्षा : सरला बिरला विवि और कैलिफोर्निया विवि प्रशासन के बीच हुई ऑनलाइन बैठक

# अगले सत्र से चयनित विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए जायेंगे कैलिफोर्निया विवि

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शैक्षिणिक आदान प्रदान को लेकर सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची और दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शुमार कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले के बीच शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की प्रोफेसर जेनिफर कार्नेट विशेष रूप से उपस्थित थीं। बैठक की अध्यक्षता एसबीयू के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने की। बैठक में मुख्य रूप से एसबीयू के यूजी, पीजी और पीएचडी के छात्रों को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में जाकर पढ़ाई करने पर चर्चा हुई। एसबीयू की तरफ से छात्रों ने प्रो जेनिफर कॉर्नेट से विभिन्न मुद्दों से संबंधित सवाल पूछे। प्रो जेनिफर कार्नेट ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में जाकर पढ़ाई करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न प्रावधानों के बारे में जानकारियां दी। प्रोफेसर कॉर्नेट ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के छात्रों को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय द्वारा पढ़ाई में हर संभव सहयोग दिये जाने की बात कही।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि अगले सत्र से सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुछ चयनित छात्र उच्च शिक्षा के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय जायेंगे तथा वे वहां रह कर अध्ययन करते हुए विश्व स्तर के मानक के अनुसार शैक्षणिक माहौल से परिचित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अपने छात्रों को शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में ग्लोबल स्टैंडर्ड पर विकसित करने की दिशा में यह एक प्रयास है। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव, सभी पदाधिकारी, डीन, एसोसिएट डीन, प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं शामिल थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना राष्ट्रीय खेल दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मेजर ध्यानचंद की जयंती पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल में खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया। छात्रों ने विभिन्न खेलों जैसे मेंढक दौड़, बैक पैक रेस, ऑब्जेक्ट रेस खेलकर खेलों के प्रति अपनी भावनात्मक अभिरुचि को प्रदर्शित किया। इंटर हाउस कबड्डी और रिले रेस, कॉमन वेल्थ गेम्स पर कोलाज और पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के अंदर बौद्धिक कौशल विकसित करने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व गुणों को भी विकसित करना था। शिक्षकों और छात्रों के मध्य एक क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें उन्होंने अपने गुरुओं से खेल से संबंधित महत्वपूर्ण गुणों की शिक्षा ली। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रखने में मदद करते हैं, जिससे वे अपने जीवन में सफल बनने में सक्षम बन पाते हैं। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है, जो खेल भावना को बढ़ावा देता है और नेतृत्व तथा भाईचारे के मूल्य को विकसित करता है।

# एनटीपीसी ने अपनी कैप्टिव खानों से कोयला उत्पादन में 62 फीसदी की वृद्धि दर्ज की

**रांची/भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी लिमिटेड, भारत का सबसे बड़ा एकीकृत ऊर्जा उत्पादक, अपनी कैप्टिव खानों से कोयला उत्पादन में बढ़ती प्रवृत्ति के साथ परिचालन में उत्कृष्टता का प्रदर्शन जारी रखे हुए है। एनटीपीसी ने 31 अगस्त 2022 को उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 7.36 एमएमटी कोयला का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान हासिल किये गये 4.55 एमएमटी की तुलना में 62% की मजबूत वृद्धि दर्ज करता है। सावधानीपूर्वक योजना, संसाधन जुटाने और नियमित निगरानी के साथ, एनटीपीसी ने मानसून अवधि के दौरान भी पर्याप्त वृद्धि हासिल की है और विकास को बनाये रखने की उम्मीद है, जो निर्बाध, विश्वसनीय और सस्ती बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने में मदद करेगी। इसके अलावा, एनटीपीसी ने अपनी कैप्टिव खानों से 7.52 एमएमटी कोयला भेजा है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 5.47 एमएमटी कोयला भेजा गया था, जिसमें 37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। एनटीपीसी ने अपनी कोयला खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये हैं। उच्च क्षमता वाले डंपरों के साथ-साथ उत्खनन के मौजूदा बेड़े के आकार में वृद्धि ने परिचालन खदानों को अपना उत्पादन बढ़ाने की अनुमति दी है।

# राज्यस्तरीय कराटे चैंपियनशिप आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यस्तरीय कराटे चैंपियनशिप 3 सितंबर से रांची स्थित खेलगांव में आयोजित होगी। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कराटे डू एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष नंदजी प्रसाद ने दी। प्रसाद शुक्रवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जमशेदपुर में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कराटे डू एसोसिएशन ऑफ झारखंड का गठन 2001 में हुआ था। राज्य के अंदर 16 जिले के लगभग 8000 से ज्यादा कराटे के खिलाड़ी प्रतिदिन 78 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सर्वप्रथम कराटे को 33वें राष्ट्रीय खेल असम गुवाहाटी में शामिल किया गया, जिसका नेतृत्व झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के माध्यम से कराटे डू एसोसिएशन ऑफ झारखंड को मिला, 34वीं राष्ट्रीय खेल में कराटे डू एसोसिएशन ऑफ झारखंड के खिलाड़ियों ने पुनः बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 6 पदक प्राप्त किये, तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की सरकार ने सभी पदक प्राप्त खिलाड़ियों को 28 लाख नकद राशि देकर उत्साहित किया। वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार ने सभी पदक प्राप्त कराटे खिलाड़ियों को 26 मार्च 2021 को सरकारी नौकरी के लिए स्वीकृति प्रदान की। एसोसिएशन द्वारा 12, 13 नवंबर को जमशेदपुर में बिरसा मुंडा कराटे कप 2022 का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया है। साथ ही साथ 16, 17, 18 दिसंबर 2022 को खेल गांव रांची में ऑल इंडिया कराटे डू फेडरेशन के अंतर्गत राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप करने का भी निर्णय लिया गया है। इस मौके पर महासचिव एमए कुमार, उपाध्यक्ष निरंजन पांडेय, सचिव राहुल कुमार गोप, संयुक्त सचिव राजेश महंती, सीनियर कोच अनिल सिंह, मनीष मुख्य रूप से मौजूद थे।

# आपसी विवाद में युवक को पेट्रोल छिड़क कर आग लगायी, आरोपी गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित मौसीबाड़ी में आपसी विवाद में शुक्रवार को राजू नामक युवक को पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी गयी। पुलिस ने आरोपी मल्लू को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# करम पूर्व संध्या कार्यक्रम आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाषा-संस्कृति के संरक्षण को लेकर तीन सितंबर को कुंजबन के तत्वावधान में चुटिया में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दोपहर तीन बजे से देर रात तक कार्यक्रम होगा। करम संस्कृति पर विमर्श होगा। साथ ही अखाड़ा बचाव का संदेश भी दिया जायेगा। मौके पर पदमश्री मुकुंद नायक ने कहा कि झारखंडी सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना हमारा सबसे बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए मनपुरन नायक, धनजू नायक, छत्रधारी महतो, गुना तिर्की, रूपेश केसरी, केसी, सूरज मुंडा, कालेश्वर साहू, कौशल केशरी आदि सदस्य जुटे हुए हैं।

# विधायक प्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने टाटा कैंसर हॉस्पिटल के निदेशक और बीएयू के कुलपति से की मुलाकात



**कांके (आजाद सिपाही)।** टाटा द्वारा नवनिर्मित कैंसर हॉस्पिटल एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति से विधायक प्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर प्रबंधन की विधि-व्यवस्था की जानकारी ली। प्रतिनिधियों ने वार्ता करते हुए नियुक्ति नियमावली की जानकारी के साथ तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की बहाली में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता एवं आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत स्थानीय मजदूरों के वेतन भुगतान में हो रहे विलंब के कारण गरीब मजदूरों की परेशानियों के विषय पर निदेशक का ध्यानाकृष्ट करते हुए उनके बकाया वेतन को अविलंब भुगतान कराने का आग्रह किया। साथ ही यूनिवर्सिटी के कई विभागों की मान्यता का मामला लंबे समय से लंबित होने के कारण यूनिवर्सिटी के छात्रों का भविष्य अनिश्चितताओं में फंसा हुआ है, इस दिशा में निदेशक को अविलंब पहल करते हुए समस्या का निदान करने पर चर्चा हुई। विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू ने बीएयू के कुलपति को प्रबंधन में टेंडर एवं नियुक्तियों में लंबे समय से अनियमितताओं के लग रहे आरोप की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए रोस्टर के अनुसार पूरी पारदर्शिता अपनाने का आग्रह किया। वार्ता एवं निरीक्षण में विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू, कांके पश्चिमी की जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, कांके मध्य के जिला परिषद सदस्य किरण देवी, कांके प्रखंड के उप प्रमुख अजय बैठा, कांके प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, नीलकंठ शाहदेव, प्रशांत बैठा, गौरी शंकर प्रजापति, तुलसी महतो एवं शिव चरण महतो उपस्थित रहे।

# पलामू जिला के पांडू प्रखंड के उजाड़े गये महादलित परिवार को उसी भूमि पर यथाशीघ्र बसायें : उपेंद्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उपेंद्र रजक, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी दलितों के साथ भेदभाव अत्याचार जारी है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के पांडू प्रखंड के मुरूआति ग्राम में वर्षों से रह रहे 50 घर महादलित परिवार के लोगों को एक विशेष समुदाय के लोगों ने यह कहते हुए घर ढाह कर बेदखल कर दिया कि यह जमीन मदरसा की है। उन्होंने राज्य सरकार से महादलित परिवार को उक्त भूमि पर बसाने की मांग की है, साथ ही पलामू डीसी और एसपी परिवार को सुरक्षा, भरण-पोषण और आवास व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन महादलित परिवार को उक्त भूमि पर नहीं बसाया, तो अनुसूचित जाति समाज उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। यह जानकारी संतोष रवि ने दी।

# घायल भौंरा ओपी प्रभारी की स्थिति गंभीर, सीएम ने लिया संज्ञान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के सिंदरी में हिंसक प्रदर्शन में घायल भौंरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। इस मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हिमांशु को हर संभव मदद पहुंचायी जा रही है। हालांकि, हिमांशु कुमार की स्थिति को देख अभी इलाज के लिए एयरलिफ्ट करना या कहीं भेजना बहुत जोखिम भरा हो सकता है। स्थिति बेहतर होते ही उन्हें बाहर भेज दिया जायेगा। यह कहना है, झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का। कांग्रेस विधायक ने कहा कि पुलिसकर्मी की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य के डीजीपी और सीनियर एसपी ने भी संज्ञान लिया है। विशेषज्ञों से भी रिपोर्ट दिखायी गयी है। सभी ने कहा है कि जब तक स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक एयरलिफ्ट करना या कहीं भेजना बहुत जोखिम भरा हो सकता है। स्थिति बेहतर होते ही इन्हें बाहर भेज देंगे। बता दें कि विगत 25 अगस्त को सिंदरी में ग्रामीणों के हिंसक प्रदर्शन के दौरान ओपी प्रभारी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उन्हें धनबाद के अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से मिशन दुर्गापुर रेफर कर दिया गया।

# स्वतंत्र विदेश नीति

इस से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का कमाल कहिये या मौजूदा अंतरराष्ट्रीय समीकरणों की जटिलता कि रूस में गुरुवार से शुरू हुए युद्धाभ्यास में अन्य देशों के अलावा भारत और चीन के सैनिक भी शामिल हैं। चीन के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा का मसला सुलझना तो दूर, अभी उसे सुलझाने को लेकर कोई समझ भी दोनों देशों में नहीं बनी है। उधर, यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका सहित तमाम यूरोपीय देशों की रूस से नाराजगी जगजाहिर है। अमेरिका ने सीधे तौर पर कोई आपत्ति भले न की हो, लेकिन परोक्ष रूप से अपनी नाखुशी जाहिर कर दी है। उसके विदेश विभाग के प्रवक्ता ने इस बारे में सवाल पूछे जाने पर कहा कि यूक्रेन युद्ध के जारी रहते हुए अगर कोई भी देश रूस के साथ सैन्य अभ्यास में शामिल होता है, तो अमेरिका के लिए चिंता की बात होगी। मगर छुईमुई बने रहते हुए स्वतंत्र विदेश नीति कायम नहीं रखी जा सकती। भारत ने हमेशा सबकी चिंताओं का सम्मान करते हुए अपने हितों के अनुरूप फैसले करने की नीति अख्तियार की है। यूक्रेन युद्ध के बाद की कठिन स्थितियों में भी उसने संतुलन बनाये रखा है। अमेरिका से अपने रिश्तों को प्राथमिकता देते हुए और यूक्रेन में यथाशीघ्र शांति स्थापना को लेकर अपनी प्रतिबद्धता बनाये रखते हुए भी भारत ने रूस के साथ अपने संबंधों पर आंच नहीं आने दी। रूस से हुए हथियार सौदों पर तो उसने अमल किया ही, उससे तेल लेने के सवाल पर भी किसी तरह का दबाव स्वीकार नहीं किया, लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं कि उसने पश्चिम के अपने मित्र देशों की भावनाओं का खयाल नहीं रखा। रूस में हो रहे इस युद्धाभ्यास को ही लें तो भारत ने इसे पूरी तरह से लो-प्रोफाइल मामला बनाये रखा।


**अगले ही महीने यानी अक्टूबर के मध्य में अमेरिका और भारत का एक संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास होना है, जिसकी लोकेशन भारत-चीन की विवादित सीमा से 100 किलोमीटर अंदर ही रहने की बात है।**


यहां तक कि विदेश मंत्रालय की तरफ से इसे लेकर कोई औपचारिक बयान भी नहीं जारी किया गया। दूसरी बात यह कि अमेरिका के साथ सैन्य सहयोग का एजेंडा भी किसी रूप में पीछे नहीं पड़ने दिया गया है। अगले ही महीने यानी अक्टूबर के मध्य में अमेरिका और भारत का एक संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास होना है, जिसकी लोकेशन भारत-चीन की विवादित सीमा से 100 किलोमीटर अंदर ही रहने की बात है। फिर भी रूस में हो रहे इस युद्धाभ्यास में भारत की शिरकत को सिर्फ रूस और अमेरिकी संदर्भों में देखना उपयुक्त नहीं होगा। इस मामले का एक अहम पहलू चीन और रूस के बीच कथित तौर पर बढ़ती करीबी भी है। यूक्रेन युद्ध के लंबा खिंचते जाने का एक परिणाम यह भी हुआ है कि रूस की साख पर सवाल उठने लगे हैं। कहा जा रहा है कि इस युद्ध और इसके कारण लगी पाबंदियों के चलते रूस कमजोर और धीरे-धीरे चीन पर निर्भर होता जा रहा है। यह धारणा सही हो या न हो, भारत और रूस के करीबी रिश्तों की गरमाहट का अहसास बने रहना न केवल इन दोनों देशों के लिए, बल्कि बाकी पूरी दुनिया के दीर्घकालिक हितों के लिए भी जरूरी है।

**‘टाम्ब ऑफ सैंड’ (रेत समाधि) 725 पृष्ठों का उपन्यास है। यह कई बार भटकता है मगर किसी भी स्तर पर मन का भटकना बंद नहीं होता। अनुवादित अंग्रेजी संस्करण में भाषा जादुई है। मेरे दोस्त सतीश साहनी ने मूल हिंदी में पढ़ने और अपनी टिप्पणियों के साथ मेरे पास वापस आने का फैसला किया। मुझे भाजपा की बेचैनी का कारण जानने के लिए अधिक दिलचस्पी थी। मैंने इसे केवल पुस्तक के अंतिम छोर पर पाया।**

# रेत समाधि : यह दर्द क्यों होता है



**जूलियो रिबैरो**

मेरी दो बेटियों में से एक ने मुझे बताया कि संघ परिवार गीतांजलि श्री के बुकर पुरस्कार उपन्यास ‘टाम्ब ऑफ सैंड’ (रेत समाधि) से नाखुश था। लॉ की 3 छात्राएं जो पब्लिक कंसर्न फॉर गवर्नेंस ट्रस्ट (पीसीजीटी) की प्रशिक्षु हैं, ने मेरी वर्तमान अस्वस्थता के कारण मुझसे नहीं मिलने से निराश होकर मेरे घर आईं और मुझे उपन्यास की एक प्रति भेंट की। यह पुस्तक लेखक की मातृभाषा हिंदी में लिखी गयी है। एक अंग्रेज महिला डेजी रॉकवैल ने टाम्ब ऑफ सैंड का अंग्रेजी में अनुवाद किया। यह अनुवादित संस्करण ही था जिसे मैंने पढ़ा।

टाम्ब ऑफ सैंड (रेत समाधि) 725 पृष्ठों का उपन्यास है। यह कई बार भटकता है मगर किसी भी स्तर पर मन का भटकना बंद नहीं होता। अनुवादित अंग्रेजी संस्करण में भाषा जादुई है। मेरे दोस्त सतीश साहनी ने मूल हिंदी में पढ़ने और अपनी टिप्पणियों के साथ मेरे पास वापस आने का फैसला किया।

मुझे भाजपा की बेचैनी का कारण जानने के लिए अधिक दिलचस्पी थी। मैंने इसे केवल पुस्तक के अंतिम छोर पर पाया।


**मुस्लिम पुरुष और हिंदू लड़की के बीच प्रेम पर लेखक का दार्शनिक दृष्टिकोण है।**


टाम्ब ऑफ सैंड मूल रूप से 2 महिलाओं की कहानी है। एक 80 वर्षीय दादी जो अपने बेटे के साथ दिल्ली में रहती है जो कार्यालय के सभी सामानों के साथ एक सरकारी अधिकारी भी है। लुटियंस दिल्ली में एक बहुत बड़ा बंगला है, जहां एक बड़ा गार्डन भी है। परिवार द्वारा ‘बड़े’ उपनाम से पुकारे जाने वाले एक व्यक्ति की एक बहन है, जो एक विद्रोही है। वह स्वभाव से स्वतंत्र है और आधुनिक विचारों के साथ जीती है। उसने वास्तव में बड़ा घर छोड़ दिया है, क्योंकि हमारे भारतीय परिवारों में भाई अपनी बहनों की शादी होने तक उनकी देखभाल करते हैं। वह अपने किराये के मकान में अलग रहती है। एक लेखक के रूप में वह स्वतंत्र रूप से कार्य करती है। उसके जैसी लेखक केके में उसकी रोमांटिक रुचि भी है। एक गैर अनुरूपतावादी बेटी द्वारा पारंपरिक परिवार पर थोपी गयी यह व्यवस्था तब बिगड़ जाती है, जब बूढ़ी औरत एक रात गायब हो जाती है।

‘बड़े’ सेवानिवृत्त हो जाते हैं और उसे अपना सरकारी बंगला छोड़ शहर में एक फ्लैट में रहना पड़ता है। कुछ दिनों के बाद जब वह रहस्यमय तरीके से लौटती है, तो बेटी अपनी मां की जिम्मेदारी संभालती है। वह अपनी गैर-अनुरूपतावादी बेटी के साथ सहज दिखती है। इस नये माहौल में रोजी नामक एक ट्रांसजेंडर (हिजड़ा) के साथ उसका बंधन जुड़ता है। अम्मा को पासपोर्ट दिलाने के लिए रोजी ‘बड़े’ को मनाती है। रोजी की मृत्यु हो गयी है, लेकिन अम्मा सोचती है कि वह पाकिस्तान चली गयी है, जहां उसने प्रवास किया था। परिवार बुढ़िया का मजाक उड़ाता है। पासपोर्ट तैयार है।

अम्मा के पास एक भेद है, जिसको उसने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ छिपा कर रखा है। विभाजन से पहले के दिनों में उसने विशेष विवाह अधिनियम के तहत अनवर नाम के अपने मुस्लिम प्रेमी से शादी की थी। विभाजन ने उस रोमांस का अंत कर दिया था। वह अपनी पुरानी लौ को पाने के लिए छटपटा रही थी। अंत में वह उसे खैबर पख्तूनख्वा की बंजर जमीन पर मिलती है। उसकी विद्रोही बेटी के पास पासपोर्ट है। अम्मा उसे साथ ले जाती है और दोनों महिलाएं वाघा बार्डर को बिना वीजा के पार कर जाती हैं। पाक सुरक्षाकर्मी उनका पीछा करते हैं और ऐसा माना जाता है कि दोनों शक्की महिलाएं बिना वीजा के देश में घूम रही हैं। कहानी आगे बढ़ती है और आवर्जन सैल का मुखिया अंततः महिलाओं को खोज लेता है। वह उसी अनवर का बेटा है, जिसे अम्मा खोजती थी। जहां उसकी बेटी को कैद करके रखा गया था, वहां पर अम्मा को उस समय गोली मार दी जाती है, जब वह अपने कदम पीछे खींच रही होती है।

मुस्लिम पुरुष और हिंदू लड़की के बीच प्रेम पर लेखक का दार्शनिक दृष्टिकोण है। कृत्रिम बाधाओं पर वर्तमान शासन की विचारधारा के लिए यह सब घृणित है। मुझे आश्चर्य नहीं है कि पुस्तक शक्तियों के लिए अभिशाप है। संघ परिवार के लिए पुस्तक का संदेश बहुत तेज और कड़ा है। अगर लोग हिंदी में किताब पढ़ते हैं, तो यह उनकी संवेदनाओं को प्रभावित कर सकती है। खास कर उन लोगों की जो कट्टर समर्थक थे, लेकिन गुजरात में महिलाओं और बच्चों के बलात्कार और हत्या के लिए दोषी ठहराये गये 11 पुरुषों की समय से पूर्व रिहाई से सभी परेशान थे।

गांव में उनका भव्य स्वागत परिवार के कई समर्थकों ने भी नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मा और उनकी लोकप्रियता को कोई झटका नहीं लगता। आर्थिक मंदी, बढ़ती कीमतें, बेरोजगारी ये सभी कारक जो सरकारों को गिराने का कारण बनते हैं, यह सब गायब हो चुके हैं। बलात्कार और हत्या के 11 दोषियों को मुक्त करने की अनैतिकता ने वह कर दिखाया जो दूसरे नहीं कर सके। ऐसा लगता है कि कई नव-निर्मित समर्थकों को दूसरे के विचारों का सामना करना पड़ा है। निर्दोष पीड़िता के साथ दूसरे धर्म के दोषियों ने जो किया वह इंसानों का कार्य नहीं है। ऐसे अपराधी इस तरह के व्यवहार के लायक नहीं थे। निश्चित रूप से ये लोग सार्वजनिक स्वागत के योग्य नहीं थे, जो उन्हें दिया गया था। टॉम्ब ऑफ सैंड जैसी किताब शासन की परेशानी को और बढ़ा देगी।

संघ परिवार भी समय के साथ अपने कठोर विचारों को बदलेगा। यदि यह सोनाली फोगाट जैसी और अधिक युवा महिलाओं के लिए अपने दरवाजे खोलता है, तो उसे सांस्कृतिक रीति-रिवाजों में बदलाव के प्रति अपने दृष्टिकोण को संशोधित करना होगा। तब तक टॉम्ब ऑफ सैंड जैसी किताब को एक काल्पनिक सूची में रखना होगा।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब व पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं।)**





**संघ परिवार भी समय के साथ अपने कठोर विचारों को बदलेगा। यदि यह सोनाली फोगाट जैसी और अधिक युवा महिलाओं के लिए अपने दरवाजे खोलता है, तो उसे सांस्कृतिक रीति-रिवाजों में बदलाव के प्रति अपने दृष्टिकोण को संशोधित करना होगा।**


## जमशेदपुर की खबरें

# टेल्को में चोरी करनेवाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### गहना समेत लोहे का रॉड और ऑटो बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एसएसपी प्रभात कुमार पदभार संभालने के बाद से ही सभी थाना एवं पुलिस पदाधिकारियों ने अपराधियों के खिलाफ करवाई तेज कर दी। वैसे शहर के सिटी एसपी के विजय शंकर ने शहर में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी डीएसपी व थाना प्रभारियों को निर्देश दे रखा है, जिसके कारण कई घटनाओं का खुलासा भी किया गया। अन्य कई घटना में पुलिस छापामारी भी तेज कर दी है। वहीं बीते दिन अज्ञात चोरों ने टेल्को क्वार्टर नंबर एम/42/2 को निशाना बना कर 4.5 लाख की चोरों के घटना को अंजाम दिया था।

एएसपी सुधांशु जैन के नेतृत्व में टेल्को पुलिस ने करवाई करते हुए घटना में शामिल दो चोर एवं चोरी का सामान खरीदने के मामले में एक सोनार को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को घटना का खुलासा करते हुए सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया कि टेल्को एम टाइप के रहनेवाले एक परिवार के घर से अज्ञात चोरों ने लगभग 4.5 लाख की गहना एवं अन्य सामान चोरों की घटना को अंजाम दिया था। एएसपी सुधांशु जैन के नेतृत में थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस टीम द्वारा करवाई करते हुए दो चोर समेत चोरी के गहने खरीदने वाले सोनार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में सरायकेला खरसावां जिले के आरआईटी थाना अंतर्गत मीरुडीह निवासी सुहील यादव उर्फ सुनील यादव उर्फ बिल्लर, बिरसानगर निवासी बादल देव और छाया नगर निवासी सोनार संजीव दत्ता उर्फ बोडो उर्फ कान्हु शामिल है। आरोपियों की निशानदेही में पुलिस ने चोरी किये गये गहने, दरवाजा तोड़ने में इस्तेमाल होने वाला लोहे का रॉड और घटना में प्रयुक्त ऑटो के अलावा अन्य सामान बरामद कर लिया। सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया बीती रात पुलिस गस्ती के दौरान संदिग्ध हालात में सुहील यादव को पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास से एक रॉड बरामद किया गया। पूछताछ में उसने बताया वह अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने उसके साथी बादल को उसके घर से गिरफ्तार किया। दोनो ने बताया चोरी किये गये गहने संजीव दत्ता को 25 हजार में बेचा था। उसके बाद पुलिस ने सोनार को गिरफ्तार कर गहने बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनो चोरों ने बताया ऑटो से घूम कर रेकी करता था। उसके बाद बंद घर में घुस कर घटना को अंजाम देता था। घटना का खुलासा होने के बाद सिटी एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को बधाई दी। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापामारी में थाना प्रभारी रणविजय शर्मा, राजेंद्र कुमार, प्रभात कुमार, अमिश कुमार, कुंदन चौधरी एवं पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# साकची अग्रसेन भवन में पांच को सजेगा महासर माता का दरबार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल में पहली बार कुलदेवी महासर माता का प्रथम कीर्तन उत्सव 5 सितंबर सोमवार को साकची श्री अग्रसेन भवन में आयोजित की जायेगी। कीर्तन उत्सव संध्या 5 बजे से शुभारंभ होगा, जिसमें कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला से श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। कोल्हान प्रमंडल के श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर के द्वारा भव्य आयोजन की तैयारी चल रही है। शुक्रवार को साकची ठाकुरबाड़ी रोड स्थित श्रीमहालक्ष्मी दादी मंदिर में कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। संस्था से जुड़े आयोजकों ने बताया महासर धाम के पुजारी संजय गुरुजी के सानिध्य में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर दिव्य अखंड ज्योत प्रज्वलित की जायेगी। अनुष्ठान में देवी का अलौकिक श्रृंगार कोलकाता के कारीगरों द्वारा किया जायेगा, जो आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही कोलकाता से आमंत्रित कलाकार विकास कपूर, निशा सोनी समेत स्थानीय भजन गायक राहुल गुलाटी माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। आयोजकों ने बताया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हैदराबाद, कोलकाता, बराकर, रांची के अलावा देश के अन्य कई शहरों से भक्तगण शामिल होंगे। आयोजकों ने शहर के धर्म प्रेमी बंधुओं को भजन संध्या में सादर आमंत्रित किया। महासर धाम के पुजारी संजय गुरुजी के आने-जाने, ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था के जिम्मेदारी साकची बाजार निवासी प्रमोद भालोटिया सपरिवार करेंगे। दीपक भालोटिया ने बताया महासर माता मंदिर जिला मुख्यालय महेंद्रगढ़ से लगभग 20 किलोमीटर दूर अटेली कनीना मार्ग पर अवस्थित महासर गांव में है, जो लगभग एक हजार साल पुराना हैं। यह दुर्गा मां की सिद्ध एवं जागृत शक्ति पीठ है।

इस दौरान दीपक भालोटिया, राजेश पसारी, अशोक भालोटिया, प्रदीप मित्तल, गोविंद अग्रवाल, प्रमोद भालोटिया, गजानंद भालोटिया, आनंत मोहनका, संगीता मित्तल, नैना मित्तल, नमिता मित्तल, कुसुम पसारी और पुष्पा भालोटिया मौजूद रहे।

# गणेश पूजा पर टेल्को विवेकानंद युवा मंच क्लब की प्रतियोगिता



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिरसानगर जोन नं. 1बी ब्लॉक टेल्को विवेकानंद युवा मंच क्लब में गणेश पूजा के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को बच्चों के बीच फैशन शो, डांस, महिलाओं का म्यूजिकल चेयर और भोग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत शामिल हुए। मौके पर विवेकानंद युवा मंच के द्वारा गुलदस्ता देकर उनको स्वागत किया गया। मंच के द्वारा आयोजिय प्रतियोगिता मे सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। विजेताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि राजेश सामंत के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेना जामुदा, अमित दास, राजेश मुंडा, छोटे सरदार के अलावा कमेटी के संरक्षक पप्पू मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार अतुल, अमित राम, रवि, सूरज प्रमाणिक, रोहित शाह, अभिषेक तिवारी शामिल रहे।

# गैर सरकारी विद्यालय संघ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी का किया अभिनंदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मानगो डिमना रोड स्थित राजस्थान भवन में झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जलित का किया गया। पूनम शुक्ला, रंजना भगत, त्रिलोकी नाथ तिवारी तथा विवेकानंद महतो द्वारा पुष्प-गुच्छ भेंट कर जिला शिक्षा पदाधिकारी का अभिनंदन किया गया। मौके पर एसबीएम उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन सुनीता मिश्रा द्वारा किया गया। स्वागत भाषण मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

वहीं प्रतिवेदन संघ के महासचिव शिव प्रकाश शर्मा द्वारा दिया गया। अभिनंदन सह समीक्षात्मक बैठक में लगभग 200 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर हुसैन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के समक्ष अभिनंदन पत्र पढ़कर भेंट की।

सम्मान समारोह में मोहम्मद ताहिर हुसैन, शिव प्रकाश शर्मा, उदय शंकर पाठक, मिथिलेश श्रीवास्तव एवं डॉ शकील के द्वारा शॉल एवं उपहार भेंट कर जिला शिक्षा पदाधिकारी का सम्मान किया गया। झारखंड गैर सरकारी विद्यालय संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर हुसैन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने सहयोग करने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी बरेलिया नियमानुसार सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को पुरस्कृत करने की बात कही। इस दौरान श्रीमती बरेलिया ने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की अद्यतन स्थिति से रूबरू हिट हुए समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की रिपोर्ट का आकलन किया। अनुदान से संबंधित दस्तावेजों को 15 सितंबर से पूर्व कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। धन्यवाद ज्ञापन कोल्हान अध्यक्ष डॉक्टर अफरोज शकील ने किया। मौके पर अर्जुन शर्मा, उदय शंकर पाठक,अमर सिंह, रफत आरा, अवनी दत्ता, झुंपा पोद्दार, समी अहमद, उत्तम कुमार महतो, शमा परवीन,शिवम शर्मा, आरके यादव, किरण शामिल रहीं।

# एडीएम ने चाकुलिया के मालखाम गांव का दौरा कर योजनाओं का किया निरीक्षण

**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया प्रखंड के सोनाहातू पंचायत के मालखाम गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति का जायजा लेने शुक्रवार को वरीय प्रभारी सह एडीएम नंदकिशोर लाल पहुंचे। श्री लाल ने गांव की अन्य विकास योजनाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुकों को ससमय योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने लाभुक सनातन महतो, कुंज महतो, विमल महतो, लखन सोरेन और तरुण कालिंदी के आवास निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य को करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, प्रखंड समन्वयक एवं पंचायत सचिव समेत अन्य लोग उपस्थित थे। पंचायत द्वारा के पश्चात एडीएम प्रखंड कार्यालय पहुंच कर प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास और मनरेगा योजना के अधतन प्रगति से संबंधित समीक्षा की।

**रेलवे ट्रैक पार कर जंगल पहुंचे हाथी :** चाकुलिया और कानिमहुली स्टेशन के बीच स्थित साल जंगल में 7-8 जंगली हाथी अपना डेरा जमाए हुए है। शुक्रवार की शाम रेलवे ट्रैक को हाथियों द्वारा पार करने की एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इस पर चाकुलिया स्टेशन के कर्मियों से पूछने पर बताया कि हाथियों द्वारा रेलवे ट्रैक पार करने की ऐसी कोई सूचना नहीं है, परंतु चाकुलिया और कानिमहुली हॉल्ट के बीच और चाकुलिया से कोकपाड़ा स्टेशन के बीच स्थित साल जंगल में हाथियों के होने की सूचना है। कहा कि सूचना के बाद इस क्षेत्र से गुजरने वाली हर ट्रेन के चालकों को रफ्तार कम करने की बात कही गयी है।

## पुरानी पेंशन सरकारी कर्मचारियों एवं उनके परिवार वालों के लिए तोहफा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा है कि हेमंत सरकार का ऐतिहासिक फैसला। दिनांक 1 सितंबर 2022 को कैबिनेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वार पुरानी पेंशन योजना, ओपीएस को लागू करने का निर्णय एक ऐतिहासिक फैसला माना जा सकता है। उन्होंने यह निर्णय लेकर सरकारी कर्मचारियों एवं उनके परिवार वालों को एक नया तोहफा दिया है, जिसका लाभ कर्मचारियों एवं उनके परिवार को भी मिलेगा। इसके अलावा भी महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस कर्मियों को 13 माह का वेतन, सहायक पुलिस कर्मियों का अवधि विस्तार एवं मानदेय बढ़ोतरी आदि संबंधी निर्णय भी प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। किसी भी सरकारी कर्मी के लिए उनके बुढ़ापे का सहारा एकमात्र पेंशन होता है। वर्षों की सेवा के बाद जीवन यापन के लिए पुरानी पेंशन लागू करके हमारे मुख्यमंत्री अमर हो गये। उनकी लिए जितनी भी प्रशंसा की जाये वह कम है। हम सभी सेवानिवृत्त कर्मी इनके लंबी आयु के लिए प्रार्थना करते हैं। धन्यवाद केके यादव अध्यक्ष झारखंड नेशनल कल्याण समाज ने किया।

## कोविड की वैक्सीन लगायी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों एवं शिक्षकों को कोविड का वैक्सीन लगाया गया। इसमें बारह वर्ष से ऊपर के बच्चों को कोविड सिल्ड और को वैक्सीन का किसी को पहला तो किसी को दूसरा डोज दिया गया. विद्यालय के शिक्षकों को बुस्टर डोज दिया गया. इस प्रकार आज 76लोगों को वेकसीन लगाया गया. इस अवसर पर निदेशक सुशील कुमार केसरी अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ वैक्सीन लिए. साथ ही साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी वैक्सीन लिए.इस अवसर पर एएनएम किरण देवी, लक्ष्मी तिवारी, बीसी आलोक पाठक, सीएस पंकज कुमार प्रजापति, सुरेश मेहता,प्रिया कुमारी, प्रभा कुमारी ने बच्चों को वैक्सीन लगाने में काफी मदद की. अंजनी कुमार सिंह, खुशबू दुबे, अरुण कुमार, शिवानी गुप्ता, कोमल केसरी, मदन मोहन द्विवेदी, प्राचार्य मोहम्मद गुलाम सरवर आदि उपस्थित थे.इस वैक्सीनेशन में विद्यालय के बच्चों एवं अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया. अंत में निदेशक सुशील कुमार केसरी ने सभी बच्चों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को इस प्रकार के कार्य करने के लिये धन्यवाद दिया।

## छात्र-छात्राओं ने ढेर सारी बधाइयां और धन्यवाद दिया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय में डिग्री कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को रंका आरके प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ढेरों सारी बधाइयां और धन्यवाद दिया है। इस विद्यालय के छात्र छात्राओं ने डिग्री कॉलेज खोले जाने की खुशी में लड्डू मिठाइयां एक दूसरे को खिला कर एवं अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया है । बताते चलें कि गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के लगातार प्रयास से यह डिग्री कॉलेज की सपना रंका अनुमंडल वासियों को साकार होने वाला है। जो शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएगा । इसके संबंध में पूछने पर छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्हें बीए ,बीकॉम, बीएससी ऑनर्स तक के शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता था। अब उन्हें रंका में ही यह डिग्री की शिक्षा मिल जाएगी। इससे गरीब छात्र छात्राओं को काफी सहूलियत होगी । यह सबसे बड़ी खुशी की बात है इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ साथ रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, बीस सूत्रि प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ,युवा सचिव सह खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी ,बीडीसी असमु द्दीन अंसारी, धीरज कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे गढ़वा के खिलाड़ी, कराटे के सात सदस्यीय टीम रांची रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** 10वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला का सात सदस्यीय टीम शुक्रवार को रवाना हो गया। कराटे प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को होने वाले खिलाड़ियों को जीत की शुभकामना देते हुए संघ के लोगों ने विदा किया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में अनीता देवी,सकुंटी कुमारी, अमर कुमार, सुप्रिया कुमारी, सामीर चौबे और प्रतीक राज दुबे शामिल है। टीम को रवाना करने वालो में गढ़वा जिला जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि नगर परिषद जितेंद्र सिन्हा एवं संघ के वरिय उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता सुबोध वर्मा, कोषाध्यक्ष शेखर सिन्हा, सुधीर चौबे, सुशील तिवारी, अजय कांत सहित सभी लोग मौजूद थे।

### गिरिनाथ सिंह ने कहा: 1932 के सर्वे अनुसार मापी कराकर नदी को अतिक्रमण मुक्त कराये प्रशासन

# मेराल थाना पुलिस निर्दोष लोगों को डरा कर मामले की ना करे लीपापोती

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरिनाथ सिंह ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर जिला में चल रहे नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने की पहल को लेकर प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने की पहल हम सभी के हित में कार्य चल रहा है किंतु हम उपायुक्त अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी से मांग करते हैं कि गढ़वा जिला में 1932 के सर्वे के अनुसार नदी की माफी करा कर अतिक्रमण को मुक्त करायें। जिससे गरीब गुरवे ठेले खोमचे वाले पर अत्याचार ना हो। क्योंकि अब के अनुसार माफी कर अतिक्रमण करने से कई ऐसे लोगों का घर क्षतिग्रस्त हो रहा है जो ठेले खोमचे चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। बड़े लोग में कुल 18 लोगों का चयनित कर नदी अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। जो बहुत ही सोचनीय विषय है गढ़वा प्रशासन इस पर अमल करते हुए 1932 के समय हुए सर्वे के अनुसार यदि अतिक्रमण को हटाती है तो हम सभी के हित में कार्य होगा। क्योंकि प्राकृतिक संपदा हम सभी के जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। आज जिस तरह से लगातार गढ़वा जिला में जनसंख्या वृद्धि हो रही है। यहां पानी का जल स्त्रोत संकट गहराता जा रहा है । इसका कारण भी यही है कि हम सभी नदी को अतिक्रमण कर उस पर घर बना दे रहे हैं और नदी को विलुप्त कर दे रहे हैं। सरस्वती नदी तिलैया नदी जैसी अन्य जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाली नदी को अतिक्रमण मुक्त कराना बहुत ही जरूरी है। किंतु इसे सिस्टमेटिक ढंग से चलाया जाये और अतिक्रमण हटाया जाये। तो गरीब ठेले खोमचे वाले लोग इससे बच पायेंगे। मेराल की घटना पर बोलते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत लखन चौधरी के हत्या में जिस तरह से पुलिस प्रशासन और आम जनता के बीच दोषी के गिरफ्तारी के प्रति नोकझोंक पथराव हुआ वह बहुत ही शर्मसार करने वाली घटना है। किंतु जब मृतक के घर हमने जाकर देखा तो उन्हें भी उस घटना में बहुत ही बेहरमी से पीटा गया है। जो मेराल थाना पुलिस के लिए शर्म करने की बात है।



### भाजपा करेगी पुरजोर विरोध

**साथ ही कुछ गिने-चुने लोगों के द्वारा धरना कार्यक्रम को भड़काऊ बनाने के एवज में कई व्यवसाई को भी लोहे का रॉड से पिटाई किया गया। यह कहीं से भी प्रशासनिक रवैया ठीक नहीं है। इस घटना में दोषी को यदि जल्द मेराल थाना पुलिस प्रशासन द्वारा सजा नहीं दिया जाता है। उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो भारतीय जनता पार्टी पूरे मजबूती के साथ इसका पुरजोर विरोध करेगी।**

## कच्चा मकान पूरी तरह ध्वस्त, बाल-बाल बचे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** थाना क्षेत्र के पिपरी खुर्द निवासी सतेंद्र भुइया के मकान पर अचानक बिना हवा-पानी के विसाल पेड़ गिर जाने कच्चा मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। वही पेड़ के पास खेल रहे छोटे-छोटे बच्चे बाल बाल बच गये। वही बड़ी हादसा होंने से टल गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार के लोग सहमे हुए है। हादसे में सतेंद्र भुइया का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि सतेंद्र भुइँया और पत्नी शांति देवी दोनों विकलांग है। इन विकलांग दम्पति का रैनबसेरा एक मात्र कच्चा का मकान था। वहीं इस घर में इनका भाई जितेंद्र भुइयां उसकी पत्नी सोनी देवी के साथ तीन छोटे बच्चे रहते हैं जो पेड़ गिर जाने से पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। मकान ध्वस्त हो जाने से यह लोग बेघर हो गये है। इन लोगो के पास अब रहने का कोई सुविधा नहीं है। मालूम हो कि अभी तक आवास का लाभ इस विकलांग दंपति को नहीं मिल सका है।

### 7 सितंबर तक जमीन अतिक्रमण हटाने को लेकर दिया नोटिस

## जमीन मालिक ने कहा: ये अलग प्लॉट

**कांडी (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय के द्वारा एक रैयती जमीन को सरकारी भूमि बताकर जमीन के मालिकों को अतिक्रमण वाद संख्या 2/2021-22 के तहत गोसांग गांव निवासी भोली सिंह को 30 अगस्त 2022 को नोटिस थमा दिया गया है। तामील नोटिस में कहा गया है कि 7 सितंबर तक उक्त भूमि पर से अपने पक्का निर्माण को हटा लें अन्यथा बल पूर्वक अतिक्रमण हटाया जायेगा। उधर जमीन मालिक ने बताया कि खाता 138 प्लॉट 331 जिसका रकबा 1.36 एकड़ है। जिसमें एक डिसमिल भूमि पर अनिल सिंह ने पक्का निर्माण कराया है। उधर अंचल कार्यालय उक्त भूमि को खाता 231 प्लॉट 421 का सरकारी भूमि बताया जा रहा है। विभाग उक्त जमीन को प्लॉट 421 का ठहरा रही है जबकि जमीन के कब्जेदार की माने तो उक्त मकान का निर्माण प्लॉट संख्या 331 में किया गया है। उक्त भूमि की मापी दो बार 16 अगस्त 2019 व 24 मार्च 2021 को तत्कालीन सरकारी अमीन धर्मदेव राम ने पुलिस की उपस्थिति में किया था। पुनः एक सितंबर 2022 को पंचायत उप मुखिया अतीस कुमार सिंह की उपस्थिति में दो निजी अमीन ने उक्त भूमि की मापी कर जमीन को रैयती भूमि करार दिया है। उक्त जमीन आपसी बटवारा में अनिल सिंह को मिला है जो कि हाल सर्वे में उनके पिता भोली सिंह के नाम से दर्ज है। हाल सर्वे के खतियान में उक्त भूमि भोली सिंह, मालदेव सिंह, मुनर सिंह, बबन सिंह, बच्चू सिंह एवं राम नरेश सिंह सभी का अंश समान दर्ज है। वर्तमान कब्जेदारों का कहना है कि हम सभी अंचल कार्यालय के फैसले के विरुद्ध न्याय के लिये न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगे।



## सेविकाओं ने दिया धरना, सौंपा मांग पत्र

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं ने एक दिवसीय धरना एवं मांग पत्र सौंप कर पोषाहार की राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण 1 सितंबर 2022 से आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिचड़ी बनाने में असमर्थता जाहिर किया है। अपने लिखे पत्र में सेविकाओं ने कहा है कि महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में खिचड़ी चालू करने के निर्देश दिया गया है। जबकि पोषाहार की राशि पिछले साल से ही बकाया है जिसके कारण वर्तमान में कोई भी दुकानदार सामग्री देने में समर्थता जाहिर नहीं कर रहा है। जबकि हम लोग का भी मानदेय लगभग 9 से 10 महीने से बाकी है जिसे कारण हम लोगों को भी घर चलाना मुश्किल हो गया है ऐसे में खिचड़ी की सामग्री की उपलब्धता करना हम लोगों के सामर्थ से बाहर है। सेविकाओं ने कहा कि अगर कार्यालय के द्वारा खिचड़ी चलाने के लिये सामग्री उपलब्ध करा दी जाये तो खिचड़ी चालू किया जा सकता है। सभी सेविकाओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक खिचड़ी की राशि या सामग्री उपलब्ध नहीं करायी जाती है तब तक आंगनबाड़ी केंद्रों में खिचड़ी चलाने में वे सब असमर्थ हैं। साथ ही सभी सेविकाओं ने कहा कि उनके मानदेय का भुगतान एवं पिछले वर्ष पोषाहार की राशि का भुगतान जल्द से जल्द किया जाये। मौके पर कौशल्या देवी, ममता देवी, फुल कुमारी देवी, ललमुनिया देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## मांस मछली की बिक्री बंद कराने का निर्देश दिया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** एसडीओ आलोक कुमार ने सीओ अरुण कुमार मुंडा को पत्र लिखकर सब्जी बाजार से मांस मछली की बिक्री बंद कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सीओ को लिखे पत्र में कहा है कि नगर ऊंटारी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे एवं अन्य बुद्धिजीवियों के द्वारा नगर ऊंटारी के घनी आबादी वाले सब्जी बाजार में मुर्गा, मांस और मछली की बिक्री किये जाने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करने एवं बाजार में दुर्गंध तथा महामारी फैलने की आशंका व्यक्त करते हुये मांस मछली की दुकान को हटवाने का अनुरोध किया गया है। एसडीओ ने सीओ को 24 घन्टे के भीतर सब्जी बाजार में मांस मछली की बिक्री करने वाले दुकानों को हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने सीओ को कृत कार्रवाई से अवगत कराने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि डीसी, एसपी को भी प्रेषित की है।

## अवैध रूप से चल रही क्लीनिकों पर छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलाप के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार भास्कर द्वारा गठित की गई जांच टीम द्वारा मझिआंव बाजार क्षेत्र में चल रहे कई अवैध क्लिनिको की जांच की गई। इस दौरान महावीर अल्ट्रासाउंड में जांच दल द्वारा जांच की गई, बताया जाता है कि जांच दल की उपस्थिति की खबर मिलते ही बाजार क्षेत्र में चल रहे कई हड्डी क्लीनिक के संचालक अपना अपना दुकान का शटर बंद कर क्लीनिकल बोर्ड हटाकर फरार हो गये। इधर जांच दल के सदस्य अन्य क्लिनिको पर ताला बंद देख कर वापस लौट गये। इसी बीच जांच टीम द्वारा ब्लॉक रोड में चल रहे डॉक्टर नियाज अहमद के क्लीनिक का भी औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्लीनिक संचालक नियाज अहमद द्वारा जांच टीम के सदस्यों को बताया गया कि यह क्लीनिक वर्ष 1970 से चल रहा है इधर बताया जाता है कि जांच टीम के सदस्यों के नियाज अहमद के क्लीनिक में पहुंचते ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया। इस दौरान कोई अनहोनी ना हो इसके लिए जांच टीम के सदस्य तत्काल वहां से निरीक्षण के बाद वापस लौट गये। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा नियुक्त बीडीओ सह दंडाधिकारी नितेश भास्कर ने कहा कि नियाज अहमद सहित अन्य कई क्लीनिकों की गत वर्ष उपायुक्त के निर्देश पर जांच की गई थी और उसने पाया गया था कि यहां पर आधा दर्जन से अधिक क्लीनिक अवैध रूप से चल रहे हैं, जिन्हें तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया था। लेकिन उक्त क्लिनिको के संचालक द्वारा किसी भी सरकारी निर्देश का अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर नियाज अहमद कोई चिकित्सक नहीं है ना उनके पास कोई चिकित्सकीय डिग्री या क्लीनिक चलाने का कोई लाइसेंस है तत्पश्चात जांच के बाद उनको अपना क्लीनिक बंद करने का निर्देश दिया गया लेकिन इसका भी अनुपालन नहीं किया गया। जांच दल में शामिल नितेश भास्कर कहा कि जांच रिपोर्ट उपायुक्त को भेजी जा रही है, इसके बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी। जांच दल में वीडियो के साथ साथ एजीएम मुकेश कुमार पांडे एवं रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर गोविंद सेठ तथा डॉ मनीष कुमार सिंह, लिपिक मनोज सिन्हा, संजय मिश्रा, मिथलेश कुमार, सूचित सिंह आदि लोग शामिल थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालय परिसर की बच्चों ने की साफ-सफाई , ली स्वच्छता की शपथ

**मेराल (बलराम शर्मा)।** गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय दलेली में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत जिला के पदाधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व एवं फायदे को बताते हुए स्वच्छता का शपथ दिलाकर तथा पौधरोपण कर किया गया। इससे पहले विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक आबिद अंसारी ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शपथ दिलाने के साथ-साथ बच्चों को बताया गया कि स्कूल के तथा अपने घर के आसपास को भी स्वच्छ रखना चाहिए। आसपास में जमे हुए पानी, झाड़ियों की सफाई हमेशा करनी चाहिए, गंदगी से कई तरह की बीमारी फैलती है। स्वच्छता पखवाड़ा को यादगार बनाने के लिए तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए डीआरडीए के डायरेक्टर दिनेश कुमार सुरीन, उप प्रमुख निजामुद्दीन खां के साथ विद्यालय परिवार आदि के द्वारा पेड़ लगाया गया। कार्यक्रम में मुखिया, पूर्व मुखिया रविंद्र प्रसाद गुप्ता अख्तर अंसारी उदय चंद्रवंशी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकायें शामिल रहे।

## आरजेडी के प्रखंड अध्यक्ष का किया चुनाव निर्विरोध अध्यक्ष बने नवल किशोर यादव

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार के दिन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झारखंड आवासीय विद्यालय के समीप के मैदान में सभा का आयोजन किया गया। सभा में प्रखंड के विभिन्न गांवों से चलकर सैकड़ों से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। पूर्व विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह युवा, राजद जिला अध्यक्ष-विनीत कुमार, पर्यवेक्षक राजेंद्र राम और विनोद चंद्रवंशी इनके उपस्थिति में प्रखंड अध्यक्ष के चुनाव कराने को लेकर शामिल हुए। जिसमें की प्रखंड से आये हुए गणमान्य लोग के द्वारा निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव को चुना गया। चुनाव के बाद फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। बताया गया कि पूर्व में भी अध्यक्ष रह चुके हैं और जनता के जो बीच में काम किये हैं उसी को देखते हुए धन्यवाद देते हुए दूसरी बार निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुने गये हैं।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

सर्वसाधारण के लिये सूचना



बरही थाना काण्ड सं0-513/21, दिनांक-09.12.2021 के आलोक में एक अज्ञात व्यक्ति का शव जो बरही थाना अन्तर्गत ग्राम-खोआहार के नजदीक हजारीबाग से बरही आने वाली NH-33 सड़क से करीब 05 मीटर की दूरी पर झाड़ीनुमा स्थान से शव बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में स्थानीय लोगों से अज्ञात पुरूश का शव दिखाकर पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया प्रन्तु कोई लाभदायक सुत्र नही मिला।

अतः इस संबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बरही/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:-

अनु0पु0पदा0 बरही, हजारीबाग :- 6204383385

थाना प्रभारी बरही, हजारीबाग :- 9431706308

पुलिस अधीक्षक
हजारीबाग

PR 276909 Police (22-23)_D



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

संविदा पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

राज्य मनरेगा कोषांग, झारखण्ड, राँची में संविदा आधारित निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 30.09.2022 संध्या 06:00 बजे तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र0सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | रिक्त पद की कोटिवार विवरणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | विशेष कार्य पदाधिकारी (अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी) | 03 (तीन) | अनारक्षित - 01 एवं अनुसूचित जनजाति - 02 |
| 2 | कार्यपालक अभियंता | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 3 | राज्य MIS Nodal पदाधिकारी | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 4 | वरीय लेखा पदाधिकारी | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 5 | वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी | 01 (एक) | अनारक्षित |
| 6 | सहायक वन संरक्षक | 01 (एक) | अनारक्षित |

- विभाग द्वारा offline आवेदन स्वीकृत किये जायेंगे।
- विस्तृत जानकारी, महत्वपूर्ण निर्देश तथा offline आवेदन प्रपत्र वेबसाइट - http://rdd.jharkhand.gov.in/rdd/circular-notifications/ पर देखा जा सकता है।
- Offline आवेदन दिनांक 30.09.2022 की संध्या 06:00 तक मनरेगा आयुक्त कोषांग, ग्रामीण विकास विभाग, प्रथम तल, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, झारखण्ड, राँची - 834004 में स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक अथवा हाथो-हाथ जमा किया जा सकता है।

मनरेगा आयुक्त,
झारखण्ड, राँची

PR 276899 Rural Development(22-23)#D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
09

## चोरेया में गणेश पूजा महोत्सव का विसर्जन

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** तृतीया को भव्य नगर प्रवेश के साथ प्रारंभ गणेश पूजा महोत्सव का विसर्जन शुक्रवार को षष्ठी के दिन श्रद्धापूर्वक किया गया। इस मौके पर गांव के श्रद्धालुओं ने गणेश जी की प्रतिमा को पूरे गांव भ्रमण कराकर अगले साल फिर आने के वादे के साथ तालाब में विसर्जन कर दिया और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सी पी आई के युवा नेता सुभाष मुण्डा सम्मिलित हुए और लोगों के साथ कुछ देर थिरके भी। इसमें मुख्य रूप से सुरेंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, संतोष कुमार, अवधेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मिलावटी चावल की खबर छपने के बाद जांच करने पहुंचे अधिकारी

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत में मां शरदा महिला समूह जनवितरण प्रणाली दुकान से बांटे गए मिलावटी चावल का खबर छपने के बाद शुक्रवार को विभाग के कई अधिकारी जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान अनगड़ा बीडीओ उत्तम प्रसाद ने बताया कि एक सौ केजी चावल में एक किलो विटामिन के लिए चावल को पीसकर अन्य प्रदार्थ को मिलाकर चावल का रूप दिया गया है। वहीं जनवितरण प्रणाली दुकान के महिला समूह को इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। जांच में खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक दिलीप तिर्की, सेक्रेटरी दिलीप कुमार, डी एस ओ सहित प्रखंड के अधिकारी शामिल थे।

## आइएचएम में प्रेरक सत्र का आयोजन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में शुक्रवार को जीवन में सब सकारात्मक है थीम पर लाइव सत्र का आयोजन किया। इस सत्र के मुख्य प्रेरक वक्ता एवं पथप्रदर्शक तथा लाइफ इस ऑल पॉजिटिव के संस्थापक डिक परस्सिनी रहे। डिक को कुछ लोग उन्हें 'दिमाग का मरहम लगाने वाला' कहते हैं, और कुछ उन्हें रसत्य का वक्तार कहते हैं। सभी सकारात्मक है और नकारात्मकता मौजूद नहीं है। सत्र के दौरान के परस्सिनी ने बताया कि जीवन में जो भी बने बेहतर बने, चाहे वो एक अच्छा छात्र, बेहतर पिता, अच्छा कर्मी या फिर एक अच्छा व्यक्ति। साक्षात्कार के समय कैसे खुद को इस तरह प्रतुत करें की आपको न्युक्तिकर्ता की नहीं न्युक्तिकर्ता को आपकी जरूरत है। अपने सोच पर नियंत्रण कर अपने मस्तिष्क पर नियंत्रण कर सकते है। किसी भी समस्या का समाधान उससे भाग कर नहीं बल्कि उसे सुलझा कर होता है। दूसरे लोग कैसे अच्छे हो रहे के बजाए खुद को बेहतर बनाना एक अच्छा विकल्प है। पैसा या संबंधी क्या जायदा महत्वपूर्ण है। कैसे अपने से जुड़े लोगों को खुश रख कर अपने आप को प्रेरित कर सकते है। स्वाभिमान या स्वार्थ में अंतर, उद्योग में कूटनीतिज्ञ व्यक्ति कैसे बनें, सफल जीवन के लिए संतुलित लक्ष्य अतिआवश्यक, किसी को दुख पहुंचाए बगर किसी को ना कैसे बोल सकते हैं, काम के बोझ कैसे हल करें जैसे विभिन्न प्रकार के विषयों पर बताया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने बताया कि इस सत्र से छात्रों को बेहतर सोच के साथ साथ एक अच्छा जीवन शैली बनाने में मदद मिलेगी तथा जीवन सकारात्मक बनेगी। मौके पर संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवम सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कांके में वज्रपात से दो महिलाओं की मौत

**कांके/पिठौरिया (आजाद सिपाही)।** कांके थाना क्षेत्र के गागी निवासी अनीता देवी 30 वर्ष पति अवध बिहारी साहू की मौत खेत में काम करने के दौरान वज्रपात से हो गई। वज्रपात महिला को खेत में कार्य करने के दौरान लगी। घटना पश्चात इसे परिजन रिम्स ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही पिठोरिया थाना क्षेत्र के ऊपर कोनकी, बरवा टोली गांव निवासी महिला चांदनी देवी पति रंजीत उराँव की मौत वज्रपात से हो गई। वज्रपात के समय महिला खेत में कार्य कर रही थी। रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष ने महिलाओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और झारखंड सरकार के आपदा और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से यथाशीघ्र आपदा राशि उनके परिजनों को देने की मांग की है। साथ ही कांके सीओ व बीडीयो से इनके परिजनों को यथासंभव सहायता करने की भी मांग की है।

## विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोवाडीह गांव में शुक्रवार को विधायक निधि से 500 फिट पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किया। आयोजित शिलान्यास समारोह में विधायक ने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जायेगा। हर घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जाएगा। खेत मे सिंचाई पानी की व्यवस्था होगी। चिकित्सा ओर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जायेगा साथ ही गांव में बिजली की व्यवस्था में सुधार होगा। मौके पर तारणी सिंह मुंडा ,रमेश मुंडा, चितरंजन महतो, संजय महतो, मनोज मुंडा ,धरनी देवी, रूप कुमार साहू,सुधीर मुंडा,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।इधर सोनाहातू प्रखंड पंडाडीह गांव में 300 फिट पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किया।

## उत्कृष्ट कार्य करनेवाले कर्मियों को किया सम्मानित

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक सह सम्मान समारोह का आजोजन किया गया ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी के द्वारा की गई ।बैठक में बीडीओ सुचित्रा मिंज, उप प्रमुख सबिता देवी, सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। बैठक में योजनाओं की समीक्षा किया गया। इस दौरान बैठक के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों ओर शिक्षको को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।मौके ओर बीडीओ ने कहा कि कर्मियो ओर शिक्षकों को सम्मान देकर उन्हें प्रोत्साहित करने का काम किया गया।

## दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी का गठन

**मुरी (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति बांसारूली का पुनर्गठन को लेकर एक बैठक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया गया। जिसमे दुर्गा पूजा 2022 को लेकर पूजा समिति एवं ग्रामीणों के बीच बैठक की गई। इस बैठक को मधुसूदन महतो की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें दुर्गा पूजा सुचारू शांतिपूर्ण ढंग से करने का निर्णय लिया गया एवं श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति बांसारूली का पुनर्गठन किया गया। संरक्षक: गौतम कृष्ण साहू ,विनोद प्रसाद साहू मधुसूदन महतो अध्यक्ष: दिनेश प्रसाद साहू। उपाध्यक्ष: गौर चंद्र महतो सचिव: अरुण कुमार महतो सह सचिव-शंकर माझी एवं उमेश माझी। कोषाध्यक्ष: प्रमोद कुमार साहू सह कोषाध्यक्ष-सुमन कुमार साहू बनाये गये।

## पोषण सप्ताह का किया आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के बाबुरामडीह गांव में जेएसएलपीएस के महिला समिति ने आज पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पोषण के लिए खाने के सब्जियों मे मिलने वाले पोषक तत्वो के बारे में बताया। मुखिया नुनी सिंह मुंडा, गीता दीदी ने महिला समिति के बारे मे जानकारी दी। इसमें मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बुंडू परमेश्वरी साडिल शामिल हुए।

## पत्रकार के पिता का निधन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के पत्रकार अरविंद स्वर्णकार के पिता रामपदो स्वर्णकार 85 वर्ष का आज सुबह निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे वे अपने पिछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। वे सरकारी कर्मचारी से रिटायर किये थे। दोपहर घासीपोडा पतरा में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### शाम होते ही कर्फ्यू जैसा हो जाता है माहौल

# हाथियों के आतंक से भय के साये में जी रहे ग्रामीण

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़।** तमाड़ वन क्षेत्र के उलीडीह रड़गांव हडामलोहर मल्हान भुइयाडीह आदि पंचायत के लोग पूरी तरह से जंगली हाथियों के आतंक से डरे और सहमे हुए हैं। इन पंचायत के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। शाम होते ही लोग घरों में कैद हो जाते हैं। सड़कें वीरान हो जाती है। इलाके में कर्फ्यू जैसा माहौल बन जाता है। हाथियों के डर से लोग घर से बाहर नहीं निकलते हैं। इस इलाके के दर्जनों लोग हाथी के हमले से मारे गये हैं। सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। सैकड़ों घरों को हाथियों ने तोड़कर तहस-नहस कर दिया है। हजारों हजार हेक्टेयर में लगी खड़ी फसलों को रौंद डाला है। सरकार द्वारा दिये जाने वाले क्षतिपूर्ति राशि नहीं के बराबर मिलता है। लोग घरों की छतों पर मचान बनाकर रात जागा करते हैं, वन विभाग द्वारा दिये गये बम और टर्च से भी हाथी अब नहीं भाग रहे हैं। गांव में अगर कोई बीमार हो रहे है, तो डॉक्टर भी जाना नहीं चाह रहे हैं। इस इलाके के लोगों का एकमात्र साधन खेती है। खेतों में फसलों को हाथियों द्वारा रौंद दिया जा रहा है। जिससे किसानों के समक्ष भूखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। पालना कासीडीह, नीमडीह, जगाइसिगु, बाबूरामडीह, गंगो, बुरूडीह, पतराटोली, हडामलोहार आदि सैकड़ों गांव के लोग प्रतिदिन जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं। मौत का साया कब पहुंचेगा। यह कहना मुश्किल है। सरकार की ओर से हाथियों द्वारा खराब किये गये। फसलों का उचित मुआवजा नहीं मिलता है। वन विभाग हाथियों को भगाने के लिए कोई कारगार कदम नहीं उठा पायी है। रात को दासडीह गांव के राजू महली के घर पर दस्तक दिया और उनके घर को तोड़ दिया। घर के लोग बाल-बाल बच गये। उसी तरह बाबुरामडीह गांव के मगरू महतो के घर में घुसकर उनको गंभीर रूप से घायल कर दिया। वन विभाग की तरफ से इलाज के लिए कोई मुआवजा राशि नहीं मिली। इस इलाके के लोग रात को कहीं बाहर आने पर दूसरे गांव में शरण लेते हैं। वन विभाग हाथियों द्वारा कुचल कर मार देने से परिवार वालों को 4 लाख देकर अपना पल्लू झाड़ लेते हैं और उस परिवार के सुधि नहीं लेते हैं। सरकार द्वारा मृतक परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का प्रावधान आज तक वन विभाग नहीं बन सका। आठ हाथियों में से हाल ही में दो हाथियों ने बच्चे को जन्म भी दिया। जो पलना जंगल में है इसलिए हाथियों का झुंड बसेरा बना लिया है। दिन में जंगल मे रहते है शाम होते ही गांव की ओर आ जाते है, लोग जंगल की ओर दतवन और लकड़ी लाने भी नहीं जा पा रहे हैं। यह सिलसिला कई वर्षों से जारी है, लेकिन इसका ठोस समाधान आज तक सरकार निकल नहीं पाया। अब हाथियों के आतंक को लेकर लोग गोलबंद हो रहे हैं। आज शिव मंदिर परिषद पलना में इसको लेकर औपचारिक बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया की एक बड़ी बैठक जल्द होगी।



**बैठक में इनकी रही मौजूदगी**

आज की बैठक में जिला परिषद सदस्य बुंडू परमेश्वरी शांडिल, जिला परिषद सदस्य पूर्वी के प्रतिनिधि कालो शशि मुंडा, मुखिया नुनी सिंह मुंडा, समाजसेवी मथुरा साहू, पूर्व जिला परिषद सदस्य बाल कृष्णा सिंह मुंडा, फूलचंद कुमार, प्रताप सिंह मुंडा, हरदेव महतो, शंकर महतो, चंद्रकांत महतो, भगीरथ महतो, रसोराज महतो, हरिहर महतो, नेहरू लाल सिंह मुंडा, सुखराम महतो, सुशील महतो, कार्तिक महतो, कैलाश हजाम आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। आजाद सिपाही टीम भी हकीकत से रूबरू हुई।

## शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल बुंडू में आज बाल सांसद एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया एनटीएसई के फिट जी रांची के तत्वधान में आशीष रंजन और अपूर्व सिंह के द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिये कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को संपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के काउंसलिंग में आशीष रंजन और अपूर्व सिंह ने कई प्रश्न पूछे विगत कई वर्षों से एनटीएसइ की परीक्षा में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के छात्र बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है।

## बिजली की समस्या को लेकर विभाग से मिले पूर्व विधायक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बिजली की समस्या को लेकर शुक्रवार को विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन और खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नामकुम एवं ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न गांव में बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण नये ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। कहा कि पिछले कई माह से इन गांवों का ट्रांसफार्मर जला पड़ा है और करमा पूजा से पहले जले पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की। मौके पर कार्यपालक अभियंता ने इन सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर अरविंद महतो, राजेंद्र महतो, रामचरण पाहन, गोवर्धन महतो, सुनील उरांव, राजू कुमार, बाबूलाल उरांव, कामेश्वर महतो, प्रदीप मुंडा, रासो देवी, सोनी तिग्गा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## वज्रपात से मल्टी गांव की महिला जख्मी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** मल्टी गांव की महिला किरण देवी पति शंकर महतो अपने घर में सिलाई मशीन चला रही थी। वाहर बारिश और विजली चमक रही थी। जिसमें किरण देवी अकाशीय बिजली की चपेट में आ गई और जख्म हो गई। परिजन उसे अनंत फानन में नगड़ी स्पताल लेकर इलाज कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार महिला खतरे से बाहर है।

## भक्तिमय वातावरण में मनाया जा रहा गणेशोत्सव

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी में विभिन्न गांवो में गणेश पूजा का आयोजन किया गया है इस अवसर पर नगड़ी ,नारो और साहेर गांव में काल्पनिक पंडाल बना कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है इसके पश्चात सभी पूजा पंडालों में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का मुर्ति को स्थापित किया गया प्रथम दिवस बुधवार को सुबह 11 बजे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच भगवान गणेश का पूजा अर्चन करने पश्चात पंडाल दर्शकों के लिए श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। नगड़ी में मुख्य रूप से सिद्धिविनायक पूजा समिति, उपकार क्लब, एसएस स्पोटिंग क्लब साहेर रोड नगड़ी ,स्वर्णरेखा गणेश पूजा समिति स्वर्णरेखा चौक साहेर, गणपति पूजा समिति कोयल रेस्टोरेंट नारो में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। संध्या में सभी पूजा पंडालों में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## मृतक के परिजनों से विधायक सुदेश महतो ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के लोवाडीह गांव में 27 अगस्त को 36 वर्षीय सरस्वती देवी तथा 28 अगस्त को सायाटाड़ गांव के 52 वर्षीय शीला देवी का मौत ठनका गिरने से हुआ था। शुक्रवार को विधायक सुदेश महतो दोनों गांव पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात किये। दोनों परिवार को आर्थिक मदद किया और हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिये। विधायक ने अंचल के कर्मचारी को निर्देश दिये कि दोनों परिवार को आवेदन करने में सहयोग करें। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि तरणी सिंह मुंडा, रमेश सिंह मुंडा, चितरंजन महतो, संजय महतो, मुखिया मनोज मुंडा, धरनी देवी, रुपकुमार साहू, सुधीर मुंडा सहित काफी संख्या लोग थे।

## वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त, सड़कें जलमग्न

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार की दोपहर बाद गरज के साथ जोरदार वर्षा हुई। गरज के साथ वर्षा होने से कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। भारी वर्षा के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया। जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। बेड़ो से गुजरने वाली रांची गुमला मुख्य मार्ग की सड़के तालाब बन गई। चारों तरफ पानी ही पानी देखने को मिला। इसके कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### बिजली के पोल से टकराया ट्रैक्टर, एक बड़ा हादसा होते-होते बचा

# एक ही पोल पर 11 हजार और 440 बोल्ट का तार लगा था

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के अति व्यस्तम साल्हन रोड में शुक्रवार की सुबह उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते बच गई जब एक मिक्सर मशीन लदा ट्रैक्टर बिजली के पोल से जा टकरायी। टक्कर से बिजली पोल टूट गया तथा जर्जर उलझे हुए खतरनाक विद्युत प्रवाहित तार सड़क के बीचो-बीच झुल गये। गनीमत रही कि उस वक्त कोई राहगीर या वाहन का आवागमन नहीं हो रहा था, वरना कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। साल्हन रोड मे आजसू नेता देवब्रत चौधरी के घर के सामने अतिक्रमण की वजह से सड़क काफी संकीर्ण हो गई है तथा वहीं सड़क के बीच में एक कुआं भी स्थित है। जिस वजह से अक्सर यहां दुर्घटनायें होती रहती है। दुर्घटना की वजह से साल्हन गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। इस बीच भाजपा के मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा ने इसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने सड़क पर झूलते हुए तारों को वहां से हटा लिया। फिलहाल पोल के अभाव मे नया पोल नहीं लगाया जा सका है। इधर भाजपा नेता सिकंदर अंसारी का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यहां दुर्घटनायें हो रही है। दो साल पहले हीं विभागीय अधिकारियों को यहां से बिजली पोल को हटाने का आग्रह किया गया था पर उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। मालूम हो कि साल्हन गांव मे बिजली तार की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह जगह तार लटक गये हैं। ऐसे में कुछ लोग इसका नाजायज फायदा उठाते हुए वाहनों से वसूली का नया धंधा शुरू कर चुके हैं। बताया जाता है कि भारी वाहनों को झुलती तारों के बीच पार कराने के एवज में पांच सौ रूपये की वसूली की जा रही है।



## बेड़ो : गणेश पूजा में उमड़ा आस्था का सैलाब


बेड़ो : थाना परिसर में श्री राधेकृष्ण यूथ संगम क्लब गणेश पूजा महासमिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव से परिसर में गणेश पूजा की धूम मची है।भव्य पूजा पंडाल में आकर्षक लाइट व सजावट कर भगवान गणेश समेत अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है। भव्य पंडाल के साथ ही आकर्षक विधुत सज्जा की है। जहां शुक्रवार की शाम 1001 महिलाओं द्वारा महाआरती के समय गजानन की छटा देखते ही बन रही थी। सैकड़ों की संख्या मे रात्रि में श्रद्धालुओं ने गणेश आरती मे भाग लिया। वही हर दिन सुबह शाम आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना हुआहै।आरती में जिप सदस्य पूर्वी की पार्वती भगत व मुखिया सुशांति भगत शामिल हुई। साथ ही अमन व शिवा के सौजन्य से सूजी के हलुआ प्रसाद वितरण किया गया। इधर समिति द्वारा महावीर चौक में शनिवार की सुबह दस बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है वही शाम में भोग निवेदित कर खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी,उत्तम सोनी,अमन गुप्ता,आशीष महतो,प्रेम गुप्ता,अविनाश कश्यप,आशीष सोनी, अर्चित गुप्ता,राकेश साहू, अभिनव कुमार,अजय साहू, अमित नायक, सुशांत राय, प्रीतम कुमार,उत्तम प्रसाद, संकित मंगल ,सूरज गुप्ता,अभिजीत लकी गुप्ता, परमेश्वर,आकाश, चीकू ,प्रिंस ,सौरभ, तुषार, विजय सहाय सहित अन्य सदस्य लगे हुए हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिलीं गंगोत्री कुजूर



बेड़ो : प्रखंड के शेरो गांव में हुई नाबालिग से दुष्कर्म की घटना की जानकारी पर पीड़िता के परिजनों से मिलने के बाद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने घटना की निंदा करते हुए अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की वही उन्होंने कहा कि झारखंड में 32 माह की वर्तमान सरकार के समय निकल जाने के बाद जाने के बाद भी झारखंड राज्य महिला आयोग में न अध्यक्ष है और न ही सदस्य हैं। जिससे झारखंड राज्य की महिलाओं के खिलाफ अपराध से सम्बंधित कोई कार्रवाई नही की जा रही है। झारखंड महिला आयोग के पद रिक्त होने के कारण राज्य की महिलाएं अपने अधिकार से वंचित है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी वर्तमान झारखंड सरकार को अवगत कराया था। महिलाओं को कथित तौर पर परेशान किए जाने और विशेष रूप से घरेलू हिंसा के मामलों में प्रशासन एक तरफा पक्ष लिया जाना बहुत ही दुखद है। आज राज्य में तीन हजार से अधिक मामले झारखंड राज्य महिला आयोग में लंबित है। जिसकी चिंता राज्य सरकार को बिलकुल नहीं है। क्या इसी दिन के लिए झारखंड की आधी आबादी ने सरकार हेतु अपना संवैधानिक अधिकार वोट देकर सरकार बनाने का कार्य किया था। वही झारखंड प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि यथाशीघ्र राज्य महिला आयोग के रिक्त पद को भरा जाये।

## ओरमांझी के पत्रकार के घर हुई चोरी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** एक बार फिर से चोरों ने ओरमांझी पुलिस को चुनौती देते हुए पत्रकार के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस बार सन्मार्ग के सिकिदरी संवाददाता एहसान रजा के चकला स्थित घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में पीडित एहसान रजा से पूछे जाने पर बताया कि जिस घर में चोरी हुई है, उसमें घटना से दो दिन पूर्व ही मंझले भाई की पत्नी को मेदांता अस्पताल इरबा से छुट्टी करा कर लाये थे। मेहमान भी काफी आये हुए थे। गलती से छत का दरवाजा खुला रह गया था। उसी रास्ते घुसकर रात को करीब दो तीन बजे के आसपास चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। चोरों ने चोरी कर ले जा रहे साइकिल को एनएच से चकला बस्ती जाने वाले मुख्य पथ पर तोड़ कर फेंक दिया। इतना ही नहीं बक्सा और अलमीरा तोड़कर सोने का आभूषण, नकद और एटीएम से निकासी समेत लाख रुपये से अधिक की संपति का चोरी कर ले गये। इससे पहले भी चोरों ने ओरमांझी में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हर बार ओरमांझी पुलिस चोरों को पकड़ने में सफलता पायी है। इस बार फिर चोरों ने चोरी की घटना अंजाम दिया है देखना है। ओरमांझी पुलिस चोरों को कितने दिनों में पकड़ने में कामयाब होती है। घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

## किचन शेड का दरवाजा तोड़ छात्रों का चावल खा गये हाथी

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अकमरोमा कैलुटोली के किचन शेड का दरवाजा व खिड़की को जंगली हाथी ने शुक्रवार की अहले सुबह तीन चार बजे के आसपास तोड़ दिया। साथही किचन शेड में रखे लगभग 75 केजी चावल को खाया और छिटकर बर्बाद कर दिया। इधर घटना की जानकारी सुबह में ग्रामीणों ने स्कूल के शिक्षक को दी जिसके बाद शिक्षक में पहुंचकर देखा शिक्षक छात्रेश्वर गोप ने बताया कि विद्यालय में 75 केजी चावल था जिसे हाथी ने खा गया और कुछ को बर्बाद कर दिया। गजराज ने बच्चो के हिस्से का मध्याह्न भोजन के लिए रखे चावल कहा गया बच्चे भूखे रहे।

## भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष ने श्राद्धकर्म के लिए किया आर्थिक सहयोग



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ओबर गॉव निवासी स्व० भाभेशवर बेदिया का निधन पिछले दिनों हुई है। अपने पिछे चार पुत्री, व एक पुत्र को छोड़ गए हैं। इनकी मत्यु की सुचना भाजपा के रॉची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक को दी गई। सुचना पाकर इन्होंने आर्थिक मदद का अशवासन दिये थे। जो आज मृतक के पुत्र धर्म बेदिया को उनके घर आकर श्राद्धकर्म के लिए आर्थिक मदद किए। मृतक के परिजनों ने श्री बड़ाईक को धन्यवाद दिये। मौके पर भाजपा अनुसुचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री बुधराम बेदिया, वार्ड सदस्य गायत्री देवी, सोनमनी कुमारी, सुरेंद्र बेदिया, गहनु बेदिया, महरू बेदिया, रिंगू बेदिया, सहिराम बेदिया, जगरनाथ बेदिया, तिलका बेदिया आदि उपस्थित थे।

## मतदाता पहचान पत्र से आधार लिंक को लेकर सीओ ने की समीक्षा बैठक

# बेहतर कार्य करनेवाले तीन बीएलओ को किया जायेगा सम्मानित



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मतदाता पहचान से आधार लिंक करने को लेकर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजीव नीरज ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय के सभागार में बीएलओ व प्रयवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। अंचलाधिकारी श्री नीरज ने कहा कि पिछले एक अगस्त से विशेष अभियान चलाकर मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। किन्तु कई बीएलओ इस कार्य में काफी लापरवाही बरत रहे हैं। यही कारण है कि हैदरनगर के 10 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां एक भी मतदाता का आधार लिंक नहीं किया गया है। वहीं 10 ऐसे मतदान केंद्र हैं, जहां मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने का काम दस प्रतिशत से भी कम किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग द्वारा 100 प्रतिशत मतदाताओं का आधार लिंक का कार्य कैसे पूरा होगा। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ने वैसी बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका को चिन्हित कर उन्हें स्पष्टीकरण देकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश महिला पर्यवेक्षिकाओं को दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा गरुड़ ऐप के माध्यम से प्रपत्र 6 बी पर आधार कार्ड से मतदाता पहचान पत्र को लिंक करना सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए सभी बीएलओ को प्रशिक्षण भी दिया गया है।उन्हे इस कार्य के लिए अलग से मानदेय भी दिया जाता है। इसके बावजूद बीएलओ द्वारा इस कार्य में कोताही बरती जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आगामी 5 सितंबर तक 65 प्रतिशत कार्य नहीं करने वाले बीएलओ के खिलाफ उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त पलामू ने अल्टीमेटम दिया है कि 5 सितम्बर तक 65 प्रतिशत तक कार्य अवश्य पूर्ण करना है। प्रखंड अर्न्तगत सबसे अच्छा कार्य करने वाली बीएलओ संड़ेया-2 की शीला देवी 92.2%, बनाही से अंजू देवी 86.3%, संडेया- 1 से उर्मिला देवी 78.7% ने किया है। इन तीनों बीएलओ को एसडीओ के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा एवं कुमारी शांति, पर्यवेक्षक धीरेंद्र कुमार, नंदेव उरांव, युगेश्वर यादव ,ज्योति रंजन, जयप्रकाश राम, महेंद्र कुमार एवं संतोष कुमार उपस्थित थे।

## रात्रि चेकिंग के दौरान स्विफ्ट कार से 162 लीटर देशी शराब पीपरा पुलिस ने की बरामद



**हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना पर पीपरा थाना के पुलिस ने गुरुवार की रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से 162 लीटर देशी शराब बरामद की है।इस सम्बन्ध में पीपरा थाना प्रभारी सूरज चैल ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ती जारी कर बताया कि सुचना मिली थी कि एनएच 98 दो बटिया मोड़ से पीपरा बाजार की ओर सफेद रंग का स्विफ्ट डिजायर कार नंबर जेएच 01 ईएच 0757 पर अवैध शराब लेकर आ रही है। रात्रि करीब 1:30 बजे चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान वाहन संख्या जेएच 01 ईएच 0757 को रोका गया तो वह चेकिंग बैरिकेटिंग को तोड़कर तेजी से भागने लगा।वही सशस्त्र बल के मदत से त्वरित कार्रयवाई करते हुए वाहन को पकड़ा गया।जबकि कार के चालक और उसमें बैठे व्यक्ति भागने में सफल रहा।चेकिंग और निरिक्षण के दौरान उक्त वाहन से 20 कार्टून में 180 ' का 900 बोतल में 162 लीटर देशी शराब जप्त किया गया। जिसमें प्रत्येक बोतल पर शौकीन संतरा मंशालेदार शराब एवं फॉर सेल इन चंड़ीगढ़ ओनली अंकित है। इस दौरान वाहन को जप्त करते हुए थाना क्षेत्र के ही बरदाग निवासी सत्येंद्र यादव के पुत्र चालक कार्तिक यादव व बड़का पीपरा निवासी श्यामजी पासवान के पुत्र वाहन पर सवार मुकेश पासवान व वाहन के मालिक के विरुद्ध पीपरा थाना कांड संख्या 35/22 एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।छापामारी दल में थाना प्रभारी सूरज चैल, एसआइ अजय कुमार सिंह, अभय आनंद एवं पलामू जिला बल, आईआरबी-3 के सशस्त्र बल शामिल थे।

## सुखाड़ का जायजा लेने जिला स्तरीय टीम हैदरनगर पहुंची, किसानों के साथ खेतो का किया निरीक्षण



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में सुखाड़ का जायजा लेने जिला स्तरीय कृषि विभाग की टीम ने शुक्रवार को दौरा किया। टीम ने प्रखंड के चौकड़ी, हेमजा, खरडीहा, इटवा, पटखौलीय व झरि गांव का दौरा कर स्थिति का आकलन किया। टीम के सदस्यों ने वर्षा की स्थिति, धान की बुआई, फसल की क्षति व सुखाड़ जैसे हालात का जायजा लिया। पलामू जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी, उप परियोजना निर्देशक परवीन राज, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक वरुण सिंह यादव, प्रभारी बीटीएम यूसुफ आजाद, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन शामिल थे।टीम ने किसानों की उपस्थिति में खेतों का निरीक्षण किया। वह वास्तविक स्थिति से अवगत हुए। टीम के सदस्यों ने किसानों से बात चीत भी की। किसानों ने बताया कि इस साल बारिश नहीं के बराबर हुई है। बारिश नहीं होने और सिंचाई की सुविधा के अभाव में धान की बुआई नही हो पाई। धान का बिछड़ा जहां डाला भी गया था, अब मवेशियों के हवाले कर दिया गया है। बभांडी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह व किसान सह समाजसेवी रामप्रवेश सिंह ने कहा कि भादो जैसे माह में नदी में धूल उड़ रहा है। आहार, पईन, पोखर, कुएं आदि सभी पारंपरिक जलश्रोत सूखे हैं। खेतों में दरार और घास उगे हैं। अब खाद्यान्न की कमी और पशुओं के चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी ने बताया कि जुलाई माह में औसत 28.90 % ही बारिश हुआ है। जबकि अगस्त माह में 47.40% बारिस दर्ज की गई है।हैदरनगर प्रखंड में सभी प्रखंडों के अपेक्षा सबसे कम बारिश हुई है।स्थिति अच्छी नही है। उन्होंने किसानों को कम बारिश वाली वैकल्पिक खेती करने की सलाह दी।उन्होंने दलहन एवं तिलहन आदि की फसलों को लगाने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि धान की फसल नहीं हुई है, उसकी जगह किसानों को रब्बी की फसल लगाने को प्रेरित किया जा रहा है। दलहन का अनुदानित बीज सत प्रतिसत सब्सिडी पर किसानों को मुहैया कराया जायेगा। जिसमें गँहू, सरसों, कुर्थी, चना आदि बीजों का वितरण किया जाएगा।

## डीसी से दो दिन में रिपोर्ट मांगी

**मुरुमातू में महादलित परिवार जिस भूखंड पर रहते थे, वह जमींदार बाबू तारकनाथ का था, वर्तमान में गैर मजरूवा है**

आजाद सिपाही संवादाता

**पांडू।** पांडू प्रखंड की कजरुकला पंचायत के मुसलिम बहुल मुरुमातू के जिस भूखंड से महादलित परिवार उजाड़ दिये गये हैं, इस मामले पर राज्यपाल ने संज्ञान लेते हुए डीसी से दो दिन में रिपोर्ट मांगी है। वहीं हाइकोर्ट रांची ने भी इस मामले पर स्वत; संज्ञान लिया है। तीन दिन से यह मामला चल रहा है, लेकिन जब बुधवार को पलामू उपायुक्त ने एसडीओ और सीओ से जमीन से उसकी किस्म की जानकारी मांग, तो उन्होंने बताने में असमर्थता जाहिर की। महादलित परिवार जहां 179 वर्ष से रह रहा है, वह जमीन बाबू तारकनाथ सरकार की जमींदारी पीरियड की थी। हालांकि कागजात में मालिक गैरमजरूआ अंकित है। खतियान में पूरा भूखंड, जिसका खाता नंबर 44, प्लाट 437, जिसका रकबा चार एकड़ 07 डिसमिल है। पूर्व में यह जमीन हल्का 12 में थी, जो नया सर्वे खतियान में 01 में है। यह जमीन मालिक गैर-मजरुआ टोंगरी के रूप में वर्णित है। रबरी गांव के निवासी और जमीन के अच्छे जानकार धर्मदेव सिंह यादव ने जहां मुसहर परिवार बसा है, उस जमीन को सरकारी गैरमजरूआ होने का दावा किया। उन्होंने 40 साल पूर्व हुए सर्वे में इन्हें हक पर्चा मिलने का भी दावा किया। उजाड़े गये लोगों को उसी जगह भाजपा के पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने भी बयान दिया है। कहा है कि महादलित परिवार पर अत्याचार की घटना मानवता पर कलंक है, लोगों का पुनः पुनर्वास होगा, गरीब लोगों को हर सहायता दी जायेगी। राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि महादलित परिवार प्रशासन की विफलता है।

## महापौर ऑल इंडिया मेयर काउंसलिंग में भाग लेने पहुंची रायपुर



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** महापौर अरुणा शंकर झारखंड की ओर से ऑल इंडिया मेयर काउंसिल की बैठक में भाग लेने रायपुर पहुंची जहां उनको छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं गाजे बाजे के साथ बग्गी पर बैठा कर स्वागत किया गया। महापौर अरुणा शंकर ने रायपुर होटल मेरियट में आयोजित ऑल इंडिया मेयर काउंसिल के कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में झारखंड की संस्कृति एवं उभरते झारखंड पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावे कई सांसद विधायक ने भी शिरकत किया। महापौर ने दूरभाष पर बताया ऐसे मौके में भाग लेने से बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है और पता चलता है हमारा भारत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। महापौर ने बताया देश के विभिन्न महानगरों से आए सभी महापौर के सम्मान में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपने आवास में छत्तीसगढ़ी परंपरा से सत्कार करते हुए भोजन कराना छत्तीसगढ़ की सभ्यता को दशार्ता है। महापौर अरुणा शंकर ने बताया मैं आज कार्यक्रम समाप्ति के बाद रायपुर के चौक चौराहे, उद्यान एवं सफाई की व्यवस्था रायपुर नगर आयुक्त के साथ देखने जाऊंगी ताकि वहां की अच्छी चीजों को मेदिनीनगर नगर निगम में भी किया जा सके। कार्यक्रम में देश के लगभग 60 महापौर ने शिरकत की। इस अवसर पर रायपुर महानगर को विशेष रुप से छत्तीसगढ़ के संस्कृति में सजाया गया था।

## प्रदेश अध्यक्ष का विश्रामपुर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व राज्य सभा सांसद आदित्य साहू को पांडू जाने के क्रम में भाजपा कार्यकताओं ने कई जगह जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे ही बी मोड़ पहुंचा। कार्यकर्ताओ ने फूल माला के साथ दोनो नेताओ का स्वागत किया। इधर विश्रामपुर थाना चौक के पास पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी कार्यकर्ताओ के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। यहां पर भाजपा नगर मंडल व ग्रामीण मंडल की पूरी टीम मौजूद थी। स्वगत करने वालो में वरीय भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, भोला चंद्रवंशी, शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विभाकर नारायण पांडेय, रामचंद्र यादव, अनुज पांडेय, विवेक शुक्ल, डॉ बीपी शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,विनय चौबे, अमरेश तिवारी, सतीश्वर प्रसाद सिंह, बबन राम, पंकज कुमार लाल, राजन पांडेय, सुनील कुमार चौधरी, विजय कुमार रवि, किरण शर्मा, किरण देवी, रामप्रवेश मौर्या, संजय साह, ज्वाला गुप्ता, संजय ठाकुर, अनुज चौधरी, मनीष कुमार, संतोष राम, रजनीश कुमार, विकास कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रामजिता के विद्यार्थियों के बीच प्रतिपूर्ति राशि का मुखिया ने किया वितरण



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रामजिता में मुखिया सुदर्शन राम की उपस्थिति में विद्यार्थियों के बीच कोविड काल के मध्यान भोजन की प्रतिपूर्ति राशि का वितरण किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय सिंह ने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार बच्चो के बीच राशि वितरण किया गया। बरदंडा पंचायत के मुखिया सुदर्शन राम ने राशि वितरण कार्यक्रम कि शुरूआत कि। उन्होंने कहा की कोविड़ काल की प्रतिपूर्ति राशि का लाभ सभी विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी उक्त राशि का उपयोग कर भाषिष्य निर्माण की दिशा में उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा प्रयास रहेगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जिससे जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी के प्रति अपने कर्त्तव्य को समझे। सीआरपी प्रमोद कुमार सिंह ने शिक्षको से बच्चो को संस्कारयुक्त शिक्षा देने कि बात कही। मौके एसएमसी के अध्यक्ष रीना देवी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नजारत कार्यालय से नाजिर नदारद एक माह से विकास का कार्य बाधित



### अधिकारी व सरकारी कर्मी अपने कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं तो जनहित में आंदोलन को बाध्य : राजीव

पदाधिकारियों और अधिकारियों के रवैया को देखते हुए समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि हरिहरगंज प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में इन दिनों पदाधिकारियों का मनमानी का कार्यशैली कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है, इस वजह से आम नागरिक क्रस हैं और उन्हें एक साथ कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी व सरकारी कर्मी अपने कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं तो जनहित में आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।

**हरिहरगंज/पलामू( आजाद सिपाह)।** पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड कार्यालय में नाजिर नहीं होने से करीब एक माह से प्रखण्ड के सभी विकास का कार्य बाधित है। जिससे राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधान मंत्री आवास योजना के अलावे अन्य योजनाओं में एक माह से कोई पैसा नहीं जा पा रहा है। जिसको लेकर प्रतिदिन प्रखण्ड कार्यालय में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आकर निराश होकर लौट कर जा रहे हैं। बता दें कि पूर्व नाजिर सचिदानंद राम को 3 अगस्त 2022 को जिले के पीपरा प्रखण्ड कार्यालय में तबादला हो गया और वे 4 अगस्त को अपना योगदान दे चुके हैं। तबसे हरिहरगंज प्रखण्ड में नाजिर की पद खाली है।इस दौरान शुक्रवार को भी नजारत कार्यालय में ताला लटका रहा।इस संबंध में बीडीओ जयप्रकाश नारायण से पुच्छा गया तब उन्होंने सवालों का सकारात्मक जवाब नहीं देते हुए उन्होंने कहा कि विकास का कार्य बाधित नहीं है। लोग योजना का आवास बनाएगा तभी तो जियो टैग होगा और पैसा डलाएगा, तीन दिन पहले जनसेवक ब्रजेश कुमार को नाजिर की प्रभार के लिए चिट्ठी निकला है। जिसे डिजिटल बनाने के लिए दिया गया था और बन गया है।वहीं जिला में रजिस्ट्रेशन के लिए दिया गया है।रजिस्ट्रेशन हो जाने के बाद पैसा जाना सुरु हो जाएगा। वहीं नजारत कार्यालय में ताला बंद का फोटो लेने पर प्रधान सहायक आजम बेग ने फोटो लेने से मना करते हुए कहा कि फोटो क्यों ले रहे हैं? क्या काम है? फोटो लेने से पहले हमसे पूछना चाहिए था और वैसे भी नाजिर का प्रभार जनसेवक ब्रजेश कुमार को मिला है। जबकि जनसेवक सह नये नाजिर ब्रजेश कुमार से दुरभाष पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमें अभी तक नाजिर का चार्ज नहीं मिला है।

## जिला कृषि पदाधिकारी ने हुसैनाबाद के कई गांव का भ्रमण कर सुखाड़ का लिया जायजा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में कम वर्षा होने से उत्पन्न सुखाड़ की परिस्थितियों को जायजा लेने पहुंचे जिला कृषि पदाधिकारी की टीम ने शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर खरीफ फसलों का जायजा लिया।इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी व उनकी टीम ने हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत के सामुडिग, संढा, दमदमी, डंडिला पंचायत के हीरा सिकनी, रेडिया, कुर्मिपुर पंचायत के कुर्मिपुर, कचरा, उपरिकला पंचायत के कामगारपुर क्षेत्रों का भ्रमण कर अधिकारियो ने धान की रोपनी सहित अन्य फसलों के अच्छादन एवं कम वर्षा होने के कारण उत्पन्न स्थिति एवं किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। अधिकारियो ने किसानों को कृषि से संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर जागरूक किया भ्रमण के उपरांत उन्होंने स्थिति को संकटमय बताते हुए सरकार को रिपोर्ट सौंपने की बातें कही, ताकि सरकार किसान हित में ठोस निर्णय ले सकें। उन्होंने किसानों को फसल विविधीकरण के संबंध में जानकारी दी और क्षेत्र में तेलहन, दलहनी फसलों के साथ-साथ सब्जी की विभिन्न किस्मों का उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया। झारखंड राज्य फसल राहत योजना के लिए किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी दी। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को आश्वास्त किया गेहूं एवं मसूर का बीज भी अनुदान पर किसान को देने की योजना है। टीम में जिला कृषि पदाधिकारी के अलावा प्रखंड कृषि पदाधिकारी अविनाश सिंह,ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ,बीटीएम बरुण सिंह,एटीएम सुशील मिश्रा शामिल थे।मौके पर किसान मित्र अविनाश पासवान, बिजय सिंह, मदन सिंह, संजय सिंह, अनिल यादव समेत कई ग्रामीण किसान मौजूद थे।

## महादलित पीड़ित परिवार से मिला जदयू का प्रतिनिधिमंडल, सुनी व्यथा



**विश्रामपुर/पलामू(आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड का एक प्रतिनिधिमंडल पांडू जाकर महादलित पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जदयू नेता सह पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद कर रहे थे। यहां बताते चले कि मुरुमातु गांव से महादलित परिवार को एक विशेष समुदाय द्वारा मारपीट कर खदेड़ दिया गया है।उनका झोपीड़ीनुमा घर भी बुलडोजर से गिरवा दिया गया है। जिसके बाद से महादलित परिवार पांडू के पुराने थाना भवन में शरण लिये हुये है। ब्रह्मदेव प्रसाद ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि उनके साथ अन्याय नही होने देंगे। न्याय दिलाने के लिये हर लड़ाई जदयू लड़ेगा। श्री प्रसाद ने पीड़ित महादलित परिवार को कपड़ा व राशन दिया। कहा कि आगे भी पीड़ित महादलित परिवार को हर संभव मदद दी जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में जदयू जिलाध्यक्ष डॉ राजनारायण सिंह पटेल,प्रदेश सचिव जनकधारी मेहता,प्रणव कुमार,राजू गुप्ता,रविंद्र पांडेय,गुड्डू प्रसाद सहित कई जदयू नेता शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



**तीन सितंबर को पहला मैच जूनियर डायमंड क्लब धुधरी और आदर्श युवा विकास क्लब महुआजाड़ी के बीच होगा**

# जूनियर डायमंड, आदर्श युवा विकास क्लब महुआजाड़ी व एसएस चांदनी चौक की टीम अगले राउंड में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में शुक्रवार को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2022 के दूसरे दिन का पहला मैच असारी ब्रदर्श प्रयागो और युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा बी के बीच खेला गया। असंरी ब्रदर्श ने रोमांचक मुकाबले में विकास क्लब को 2-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं अन्य मैच में जूनियर डायमंड क्लब धुधरी ने यंग स्टार क्लब कानीजाड़ी को 1-0, चितरकोटा बड़काटोली ने राज एनएच-75 को ट्राइब्रेकर में 3-1, आदर्श युवा विकास क्लब महुआजाड़ी ने कड़े सघर्ष में गोल्डेन टीम बुढ़ाखुखरा को ट्राइब्रेकर में 5-4 दूसरे राउंड में प्रवेश किया। साथ ही जूनियर डायमंड क्लब हेसल धुधरी ने असारी ब्रदर्श प्रयागो को ट्राइब्रेकर में 5-3, आदर्श युवा विकास क्लब महुआजाड़ी ने चितरकोटा बड़काटोली को 2-0 को हराकर तीसरे चक्र में अगले राउंड में प्रवेश किया। तीन सितंबर को पहला मैच जूनियर डायमंड क्लब धुधरी और आदर्श युवा विकास क्लब महुआजाड़ी के बीच होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। वहीं एक सितंबर को एसएस चांदनी चौक की टीम ने आनंद फैशन वर्ल्ड बीजूपाड़ा को हराकर सेमीफाइनल पहुंच गई। टूर्नामेंट के सफल संचालन में मो. साकिब, मो. इमरान अंसारी, बंझिला की मुखिया सोहंती एक्का, नंदलाल नायक, कृष्णा केवट, मो. मिस्टर आयता खलखो सहित गांव के कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

## नवाडीह स्टेशन में ट्रेन ठहराव पर जिप सदस्य ने रेलवे का जताया आभार

**सोननगर।** गढ़वा रोड रेल पथ के नवाडीह स्टेशन के रेलयात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने इंटरसिटी एक्सप्रेस एक?सप्रेस को 7 सितंबर से नवाडीह स्?टेशन पर ठहराव देने का फैसला किया है। ट्रेन संख्या 18611/18612 वाराणसी -रांची के बीच चलती है।कोरोना काल के उपरांत ट्रेन चालू होने पर नवाडीह स्टेशन पर रेल प्रबंधन द्वारा ठहराव बंद कर दिया गया था।जिससे जुड़े यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था।इसे लेकर हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने ग्रामीणों के साथ 18 अगस्त को रेल प्रबंधक को ज्ञापन देकर नवाडीह स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव की मांग की थी।रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 7 सितंबर से नवाडीह स्टेशन पर ट्रेन ठहराव का फैसला किया है।जिससे रेल यात्रियों में हर्ष है।ट्रेन का ठहराव होने पर जिप सदस्य राजू मेहता ने रेल मंत्री व रेलवे के उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महत्वपूर्ण न्यूज

### पड़ोसी ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

अलकडीहा (आजाद सिपाही)। झरिया के अलकडीहा ओपी क्षेत्र में गुरुवार कि रात एक विवाहित महिला के साथ पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अलकडीहा पुलिस को इसकी सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि आरोपी पीड़िता की स्वजातीय है.। ओपी में दोंनो पक्षों के गणमान्य लोगों ने पंचायती कर दोंनो पक्षों को समझा बुझाकर मामले का समझौता करा दिया है। पुलिस ने आरोपी को पीआर बॉन्ड पर हिदायत देकर छोड़ भी दिया है। दूसरी ओर, पीड़ित महिला ने बताया कि गुरुवार की रात करीब दो बजे बिजली कट जाने के बाद उसका पति घर के बाहर सोया हुआ था। वो भी अपने चार बच्चों के साथ गरमी के चलते दरवाजा खोलकर घर में सो रही थी। उसका पड़ोसी, जो खुद विवाहित और दो बच्चों का पिता भी है। वो अंधेरे का लाभ उठाकर उसके घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि पहले तो उसे लगा कि उसके साथ उसका पति ही है। लेकिन जब महसूस हुआ कि उसके साथ कोइ और गलत काम कर रहा है तो उसने शोर मचा दिया। जिसके बाद उसके पति ने आरोपित को पकड़ लिया। वहीं, आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह और महिला का पति साथ में कोयला चुनने का काम करते है। काम पर जाने के लिए महिला के पति को बुलाने गया था तभी महिला ने पहले चोर-चोर कहकर हल्ला किया। फिर बाद में उसने उसपर दुष्कर्म करने का आरोप लगा पुलिस को खबर दे दी। वो निर्दोष है।

### लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा रहता है प्रयासरत:रंजना अस्थाना



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमारी रंजना अस्थाना ने संप्रेषण गृह चास का निरीक्षण किया एवं वहां रह रहे बच्चों का शिक्षा, सुरक्षा व्यवस्था, रहन-सहन, शारीरिक स्वास्थ्य, खेल, योग आदि की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि बच्चों के सर्वोत्तम देखभाल और समाज की मुख्यधारा से उन्हें जोड़ने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा प्रयासरत है। इस दिशा में उचित प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार बच्चों की शिक्षा के लिए उचित सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें पुस्तके, पेन, पेंसिल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जहां बच्चे रह रहे हैं उसके लिए उचित व्यवस्था हो उनका खानपान स्वास्थ्य रखरखाव सफाई की व्यवस्था के लिए उचित कदम उठाया जाएगा। मानसिक आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योग को जरूरी बताते हुए बच्चों के लिए योग प्रशिक्षण की व्यवस्था भी कराने को कहा। लगे हाथ बच्चों को कौशल प्रशिक्षण खेल व्यवसायिक शिक्षा के लिए भी योजना बनाने की बात कही गई। इस अवसर पर निभा रंजना लकड़ा, प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड बोकारो की भूपेश चंद्र सामाड, प्रशांत गुप्ता प्रभारी न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय, शंकर रवानी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, सत्य बाला सिन्हा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### हादसे में युवक की मौत के बाद रोड जाम

धनबाद (आजाद सिपाही)। सड़क दुर्घटना में पेशे से हाईवा का खलासी सागर रवानी की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक निरसा के सबंधपुर गांव का रहने वाला था। ग्रामीणों ने एमपीएल प्रबंधन से मुआवजे की मांग को लेकर शुक्रवार की सुबह निरसा-जामताड़ा रोड के सबंधपुर मोड पर शव के साथ जाम कर दिया। जिससे एमपीएल का कोयला एवं छाई का ट्रांसपोर्टिंग बाधित हो गयी। इसकी सूचना पर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता जाम स्थल पर पहुंचकर आंदोलन का नेतृत्व करने लगी। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण भी जुट गए। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर जाम हटावाया।

### झरिया के गोपीला चक में जंगल से नवयुवक का शव बरामद, हत्या की आशंका, जांच शुरू



भगतडीह (आजाद सिपाही)। झरिया के बोर्रागढ़ ओपी क्षेत्र के गोपाली चक के समीप स्थित जंगल में शुक्रवार की दोपहर 19 वर्षीय एक नवयुवक का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान मोहम्मद रियाज के रूप में हुई है। वह झरिया के शमशेर नगर का रहने वाला था। पेशे से ऑटो चालक था। उसकी गर्दन में चाकू मारने का निशान था, जिसे देख हत्या की आशंका जताई जा रही है। उधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से चाकू का कवर और रुद्राक्ष की माला बरामद हुई है। साथ ही सड़क किनारे खड़ी मृतक की बाइक को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। उधर, घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। उन लोगों शव की पहचान कर हत्या की आशंका जताई हैं। मृतक की भाभी सबीना खातून ने बताया कि रियाज बाइक लेकर कतरास सिजुआ जाने की बात कह कर घर से निकला था। पूछने पर कहा था कि कासिम हासिम और सूरज वर्मा के साथ जा रहा है। पर बाद में जब उसे फोन किया गया तो उसका फोन बंद पाया गया। कुछ देर बाद सूचना मिली की उसका एक्सीडेंट हो गया है और वह खून से लथपथ है। वहीं, बोर्रागढ़ ओपी प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा की सड़क किनारे झाड़ी में शव मिला है। जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि रियाज की हत्या हुई है किसी और कारण से मौत।

### पानी की समस्या को लेकर वार्ड संख्या 22 व 26 के महिलाएं पहुंची नप कार्यालय

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो बाजार के लोग इन दिनों पानी और बिजली की समस्या से जूझ रहे है। रोजमर्रा की जरूरत में सबसे ज्यादा जरूरी पानी है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। फुसरो नगर में इन दिनों हर घर जल योजना के तहत युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। पूरे नगर में पानी का पाइप बिछाने का काम चल रहा है। उसी कार्य के दौरान बेरमो थाना के सामने पूर्व से लगे पानी सप्लाई का मुख्य पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे घरों में पानी सप्लाई बाधित हो गयी है। इसी समस्या को लेकर वार्ड संख्या 22 व 26 की महिलाए फुसरो नगर परिषद कार्यालय पहुंच गईं। उन लोगों ने नगर परिषद अध्यक्ष के सामने अपनी समस्या रखी। कहा कि काफी दिनों से पानी का सप्लाई बाधित है। हम गृहणियों को घर के दैनिक कार्य करने में परेशानी हो रही है। नप कार्यालय द्वारा भेजे गये टैंकर का पानी पीने योग्य नहीं है। इस पर नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, वार्ड पार्षद भरत वर्मा व आनंद राम ने महिलाओं को बताया कि पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है। उसका काम चल रहा है। बहुत जल्द पाइप को सही कर पुन: पूर्व की भांति पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। नप अध्यक्ष ने कहा कि हम लोग बहुत जल्द प्रत्येक घर पानी देने जा रहे हैं। उसका कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। एक से डेढ़ महीने में पानी सप्लाई प्रारंभ हो जाएगा।

# करमदेव की पूजा के साथ संपन्न हुआ करम परब महोत्सव, झारखंडी नृत्य पर झूमीं महिलाएं-कुआंरी कन्याएं







आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** झारखंड की संस्कृति का प्रतीक माना जाने वाले महान पर्व कर्मा को लेकर शुक्रवार को जिला स्तरीय करम परब महोत्सव का आयोजन प्रदीप महतो एवं उनके सहयोगीयों के नेतृत्व में जमडीहा के लोहापिट्टी ऑफिस ग्राउंड में किया गया। तारनी बनवार ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराए। महिला व कुंवारी कन्याओं ने श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ करमदेव की पूजा की। तारनी बनवार झारखंडी सरना मेघाचारी के अनुसार करम आखड़ा बंधना कर एवं झारखण्ड आंदोलनकारी स्व. विनोद बिहारी महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर करम महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि धनबाद के वरीय पुलिस पदाधिकारी संजीव कुमार एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप महतो थे। वहीं कार्यक्रम में स्थानीय इलाकों के साथ ही पूरीलिया एवं बोकारो के दलुडीह, कदमतांड, बाढ़डीह, पोड़वा सियारजोरी, भगाबांध सहित कुल 25 टीमों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने करम के लोक गीतों पर नृत्य किये। बताया जाता है कि झारखंडी लोगों की जिंदगी में करम का बड़ा महत्व है। यह पर्व प्रकृति की सुंदरता, प्रेम, उसके साथ मानव जीवन का सहजीविता और साहचर्य का पर्व है। इंसान प्रकृति के साथ रहता है। दुनिया में ऐसी कोई जगह नहीं जहां इंसान के साथ प्रकृति नहीं हैं। कृति, प्रेम और सनेह का पर्व **करम** झारखंडी जनजीवन के विभिन्न कर्मकांडों में सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वहीं सफल प्रतिभागियों को द्वारा पुरस्कृत किया गया और करमगीत नृत्य व मांदर, ढोल, ढांक, नगाड़ा के साथ इस कार्यक्रम का समापन्न हुआ। मौके पर अशोक कुमार, भीम ठाकुर, गणेश रजक, विद्याधर महतो, जितेंद्र, राहुल, सुषमा, दीपा और ममता देवी आदि उपस्थित थीं।

### डंपर ने बाइक सवार को कुचला, बीडीओ ने दिया मदद का आश्वासन

# सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत, जमकर हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व आम लोग। जिम्मेदार ट्रक।

**चिरकुंडा।** मैथन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह मैथन-कुमारधुबी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-2 से सटे मैथन सिरामिक फैक्ट्री के समीप डंपर के धक्के से एक किशोर की मौके पर ही मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान बिट्टू अंसारी (16) के रूप में हुई है। वह शिब्लीबाडी का रहने वाला था। इस घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। हालांकि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह बिट्टू अपने बाइक से मैथन की ओर जा रहा था। तभी मैथन सिरामिक के समीप कुमारधुबी की तरफ आ रहे डंपर से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें बिट्टू नीचे गिर गया और वाहन उसे कुचलता हुआ चला गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद चालक और खलासी मौके पर ही वाहन छोड़ कर भाग खड़े हुए। इसकी सूचना मृतक के पिता शब्बीर अंसारी को दी गई। वो घटनास्थल पर पहुंचे और बेटे की शिनाख्त की। बताया कि उनका बेटा नियामतपुर में मामा के घर रह कर काम करता था। वह कहां जा रहा था उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। मृतक तीन भाई और एक बहन के बीच दूसरे नंबर का था। उधर, हादसे की खबर पाकर जिप सदस्य गुलाम कुरैशी, एग्यारकुण्ड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, माले नेता नागेंद्र सिंह, मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस, एएसआई अजय सिंह आदि मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। वहीं बीडीओ ने कहा कि सरकारी नियमानुसार अंतिम क्रिया के लिए मिलने वाली राशि मृतक के पिता को दी जाएगी। गौरतलब है कि जब से कुमारधुबी-मैथन लिंक रोड का जीर्णोद्धार हुआ है तब से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान गवां चुके हैं। लगातार दुर्घटना घटीत होते रहने को लेकर पुलिस प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन के सहयोग से मैथन सेरामिक नामक फैक्ट्री के पास लोहे का बैरिकेटिंग लगाया गया मगर उसके बाबजूद दुर्घटनाओं के घटीत होने का सिलसिला जारी है।

## गिरफ्तार तीन अपराधियों को पुलिस ने भेजा जेल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाटडीह ओपी पुलिस ने चोरी के केबल के साथ गिरफ्तार तीन अपराधियों को शुक्रवार को धनबाद जेल भेज दिया। उनकी पहचान नरेश मुर्मू (30), चांद किशोर मुर्मू (22) और श्यामलाल मुर्मू (22) के रूप में हुई है। नरेश और चांद किशोर मनियाडीह थाना क्षेत्र के दलुगोड़ा के रहने वाले हैं। जबकि श्यामलाल कदवारा का रहने वाला है। इस बाबत भाटडीह ओपी प्रभारी बिरेंद्र कुमार ने बताया कि 30 अगस्त को नागदा कोलियरी में केबल चोरी की घटना हुई थी। उसके बाद पुलिस ने रात्रि गश्ती बढ़ा दी थी। इसी बीच बुधवार की रात बाइक सवार कुछ अपराधी पुनः नागदा कोलियरी में केबल चोरी के लिए पहुंचे थे। पर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तीन अपराधियो को पकड़ लिया गया। उनके पास से चार बाइक, एक टंसारी पत्ती एवं एक बैंसला बरामद हुआ था। उनकी निशानदेही पर एक डोभा से लगभग 80 मीटर चोरी का केबल भी बरामद किया गया था।

### पूर्व मंत्री ने भाजपा और झामुमो महागठबंध को बताया एक जैसा

# चुनाव कराकर नया जनादेश के साथ सरकार बनाना चाहिए: लालचंद महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



पूर्व ऊर्जामंत्री लालचंद महतो।

**करगली/बेरमो।** सूबे के पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि आज झारखंड में लोकतंत्र के साथ मजाक हो रहा है। मुख्यमंत्री, मंत्री और सत्ताधारी विधायकों को राज्य में रहना चाहिए। पर खुद मुख्यमंत्री अपने सभी विधायकों को लेकर छत्तीसगढ़ चले गए हैं। इससे पता चलता है कि मुख्यमंत्री का विधायकों पर विश्वास खत्म हो गया है। पूरे राज्य में अविश्वास का माहौल बना हुआ है। इस कारण इस राज्य की सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोप लगाते हैं कि भाजपा विधायकों की खरीद फरोख्त कर रही है। ऐसा कर भाजपा भी उतनी ही दोषी है। झामुमो और भाजपा दोनों मिलकर लोकतंत्र का हनन कर रहे हैं। राज्य में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार के सारे विधायक और मंत्री छत्तीसगढ़ में है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सुनने में आया है कि मुख्यमंत्री और सारे विधायक वापस झारखंड आए हैं। इन्हें झारखंड वापस आने की जरूरत नहीं थी। वे छत्तीसगढ़ में ही रहकर मंत्रिमंडल की बैठक कर सकते थे। जब सारा सत्ताधारी विधायक छत्तीसगढ़ में भोग में लगे हुए हैं तो यहां उन्हें राज्य चलाने का कोई अधिकार नहीं है। पूर्व मंत्री ने कहा कि राज्य में अविश्वास का माहौल है। ऐसे में राज्य में विधानसभआ को भंग कर देना चाहिए। इसके लिए राज्यपाल को पहल करनी चाहिए। साथ ही नए सिरे से चुनाव कराकर नया जनादेश के साथ सरकार बने जो राज्य में विकास कर सके।


प्रपत्र–VII
गुमला समाहरणालय, गुमला
( भू- अर्जन शाखा )
समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता –सह–समुचित सरकार

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन)**

ज्ञापांक ............भू0अ0 दिनांक ..............................

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना **पुत्रीटोली (MDR-045)– टिम्बर मोड़ – रामपुर – बोरोसेता –जीतुटोली बेड़ाईरगी (कोयल नदी तक ) पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण योजना ग्राम– कि ग्राम–कुड़लगा थाना–बसिया, थाना न0–21, अंचल– बसिया, जिला– गुमला कुल–10.46¾ एकड़ यानि 4.23785 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **10.46¾ एकड़ यानि 4.23785 हेक्टेयर** है और जो **कुड़लगा थाना–बसिया, थाना न0–21, अंचल– बसिया, जिला–गुमला** में है जिसका विवरण क्र0 सं0–01से 29 तक निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 490 | निजी | 0.58½ | बकास्त मालिक खेवट नं0– 2/1 | 302 | 498 | 490 | 490 |
| | | 892 | निजी | 0.20¾ | | रास्ता | 892 | 893 | 891 |
| | | 893 | निजी | 0.04 | | रास्ता | 893 | सीमाना लसिया | 892 |
| 2 | 10 | 863 | निजी | 0.07¼ | भोला चीक वल्द चतुर चीक कौम चीक साकिन देह। | 870 | 860 | 870 | 863 |
| 3 | 15 | 851 | निजी | 0.11¼ | पुनी दुसाध वो जदु दुसाध वो रोपना दुसाध पेशरान फली चरन दुसाद कौम दुसाध साकिन देह बहिस्सा बराबर। | 851 | रास्ता | 852 | 850 |
| | | 971 | निजी | 0.22¼ | | रास्ता | 971 | 970 | 972 |
| 4 | 19 | 498 | निजी | 0.63 | बकास्त मालिक खेवट नं0–2/3 | 490 | 798 | 798 | 498 |
| 5 | 20 | 849 | निजी | 0.16¾ | उदीत साहु वो रघु साहु वो शुखी साहु पेशरान ईश्वर साहु एक हिस्सा बराबर बुधु साहु वो गोपी साहु पेशरान बन्धु साहु दो हिस्सा बराबर कौम सुढ़ी साकिन डोलेंगसेरा। | 849 | रास्ता | 850 | सीमाना डोलेंगसेरा |
| 6 | 22 | 867 | निजी | 0.07 | पुनश महतो वो अमरूश महतो वो पुशा महतो वो मारकुश महतो पेशरान शुधु महतो वो रधु महतो वल्द हान्दु महतो कौम खड़िया साकिन देह। | 870 | 866 | 866 | 866 |
| 7 | 29 | 734 | निजी | 0.26 | विरसा खड़या वल्द शोमा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह | 734 | रास्ता | सीमाना लसिया | 736 |
| | | 891 | निजी | 0.19 | | रास्ता | 891 | 892 | 890 |
| 8 | 31 | 799 | निजी | 0.40¼ | मीरया पहान वल्द फागु पहान कौम खड़िया साकिन देह। | 798 | 800 | 799 | 799 |
| | | 850 | निजी | 0.16¾ | | 850 | रास्ता | 851 | 849 |
| 9 | 35 | 298 | निजी | 0.74 | बकास्त मालिक खेवट नं0–2/5 | 299, 292 | 490 492 | 320 299 | 298 |
| 10 | 39 | 737 | निजी | 0.38 | कुनु महतो वो छन्दु महतो वो बुधु महतो पेशरान डीमला महतो वो जोहन मंगरा वल्द झोयो महतो वो मंगरा महतो वल्द झड़ी महतो कौम खड़िया साकिन देह। | 737 | रास्ता | 736 | 761 |
| | | 761 | निजी | 0.12¾ | | 761 | रास्ता | 737 | 762 |
| | | 864 | निजी | 0.20½ | | 870 | 766 | 860 | 867 |
| | | 865 | निजी | 0.11½ | | 860 | 66 | 865 | 864 |
| | | 877 | निजी | 0.13½ | | 877 | रास्ता | 876 | 762 |
| 11 | 49 | 866 | निजी | 0.40 | पुनी दुसाध वो जदु दुसाध वो रोपना दुसाध पेशरान चरन दुसाद कौम दुसाध साकिन देह बहिस्सा बराबर। | 865, 864 | 854 | 855 | 866 |
| 12 | 53 | 299 | निजी | 0.24¼ | भीम सिंह वल्द हरखु सिंह कौम रौतिया साकिन देह। | 299 | 298 | 298 | 299 |
| 13 | 54 | 880 | निजी | 0.07 | भोला चीक वल्द चातुर चीक कौम चीक साकिन देह। | रास्ता | 880 | 970 | रास्ता |
| | | 882 | निजी | 0.02½ | | रास्ता | 882 | रास्ता | 883 |
| | | 883 | निजी | 0.03½ | | रास्ता | 883 | 882 | 884 |
| | | 884 | निजी | 0.03½ | | रास्ता | 884 | 883 | 885 |
| 14 | 59 | 870 | निजी | 0.09¾ | मंगल खड़िया वल्द मुशा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह। | 800 | 67 | 870 | 870 |
| 15 | 64 | 762 | निजी | 0.19¼ | रघु लोहार वो छोटे लोहार पेशरान गोखुल लोहार कौम लोहार साकिन देह बहिस्सा बराबर। | 760 | रास्ता | 877 | 761 |
| | | 876 | निजी | 0.16 | | 876 | रास्ता | 854 | 877 |
| | | 885 | निजी | 0.18 | | रास्ता | 885 | 884 | 87 |
| 16 | 81 | 293 | निजी | 0.64¼ | बकास्त मालिक | 293 | 293 | 282 | 292 |
| 17 | 89 | 854 | निजी | 0.56 | धोया खड़िया वल्द लेदरू खड़िया कौम खड़िया साकिन बहिस्सी | 866 | रास्ता | 853 | 876 |
| 18 | 93 | 970 | निजी | 0.20½ | बोखा खड़िया वो वीशु खड़िया पेशरान बन्धु खड़िया लुरका साहु खड़िया कौम खड़िया साकिन देह बहिस्सा बराबर। | रास्ता | 970 | 971 | 880 |
| 19 | 96 | 291 | निजी | 0.02¼ | रघु साहु वल्द मालीक साहु कौम बनीआ साकिन देह। | 291 | 292 | 293 | 291 |
| | | 292 | निजी | 0.29 | | 291 | 298 | 293 | 292 |
| 20 | 99 | 890 | निजी | 0.11¼ | रघु महतो वल्द हान्दु महतो कौम खड़िया साकिन देह। | रास्ता | 890 | 887 | 891 |
| 21 | 101 | 887 | निजी | 0.12 | शानी पाहन वो पुनीआ पाहन पेशरान बन्धु पाहन कौम खड़िया साकिन देह बहीसा बराबर। | रास्ता | 887 | 885 | 890 |
| 22 | 106 | 860 | निजी | 0.06½ | डोंडा साहु वल्द जगु साहु कौम बनीआ साकिन देह। | 863 | 865 | 860 | 864 |
| 23 | 111 | 302 | निजी | 0.00¼ | दानियल किसस्तान वो मोतियस किसस्तान पेशरान तुरीया दो हिस्सा बहिस्सा बराबर वो जीवनाथन किसस्तान वो नवेद किसस्तान वो मोतियस किसस्तान पेशरान जेगो किसस्तान एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम खड़िया साकिन देह। | 302 | रास्ता | 298 | 302 |
| 24 | 114 | 992 | निजी | 0.04¾ | बुधा खड़िया वल्द लेदड़ खड़िया कौम खड़िया साकिन देह। | रास्ता | 992 | 993 | 991 |
| | | 993 | निजी | 0.23¾ | | रास्ता | 993 | सिमाना | 992 |
| 25 | 115 | 282 | निजी | 0.57¼ | पुनी दुसाध वो जदु दुसाध वो रोपन दुसाद पेशरान फली चरन दुसाद कौम दुसाद बहिसा बराबर। | 282 | 282 | सिमाना | 293 |
| 26 | 120 | 852 | निजी | 0.16 | मंगल खड़िया वल्द पुशा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह। | 852 | रास्ता | 851 | 853 |
| 27 | 132 | 972 | निजी | 0.06¼ | बकास्त मालिक खेवट नं0–2/14 | रास्ता | 972 | 991 | 971 |
| 28 | 133 | 853 | निजी | 0.14 | कुन महतो वो छन्दु महतो वो बुधु महतो पेशरान टीमना महतो वो जोहन मगरा वल्द झोया महतो वो मंगरा महतो वल्द झड़ी महतो कौम खड़िया साकिन देह। | 853 | रास्ता | 852 | 854 |
| 29 | 139 | 798 | निजी | 0.57¼ | जोहेल पहान वल्द एतो पहान एक हिस्सा वो मलार पहान वो सोमरा पहान एक हिस्सा वो सुलेमान पहान वो शामुल पाहन पेशरान तुवशे पहान दो हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम खड़िया साकिन देह। | नाला | 799 | 798 | 798 |
| 30 | 160 | 800 | निजी | 0.37¾ | शदनी पाहन वो पुनीआ पहान पेशरान लादु पहान कौम खड़िया साकिन देह बहिस्सा बराबर | 799 | 870 | 800 | 800 |
| | | | कुल | 10.46¾ | | | | | |

यदि अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–शन्य

**ग्राम–कुड़लगा थाना–बसिया, थाना न0–21, अंचल– बसिया, जिला– गुमला कुल– 10.46¾ एकड़ यानि 4.23785 हेक्टेयर**

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेशभाग मे पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागो में पड़े खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर आवश्यक नहीं है ।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के** कार्यालय मे किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरिक्षण किया जा सकता है ।
पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है– शून्य है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला। अपर समाहर्त्ता गुमला। उपायुक्त गुमला।

PR 276934 District(22-23)#D

# 5वें सोआ मुन में यूक्रेन में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं और मादक द्रव्यों के सेवन पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यूक्रेन में संघर्ष सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी और नशीली दवाओं के दुरुपयोग उन विषयों में से हैं, जिन पर सोआ अंतर्राष्ट्रीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र (सोआ मुन) में तीन दिवसीय 5वें संस्करण पर चर्चा की जायेगी, जो शुक्रवार को सोआ परिसर में शुरू हुआ।

सोआ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश भर से और अन्य देशों के लगभग 500 छात्र भाग ले रहे हैं, ताकि छात्रों को अनुकरण के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र की भावना प्रदान की जा सके क्योंकि वे कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और संयुक्त राष्ट्र के मुद्दों को सीखने और समझते हैं।

आयोजकों ने कहा कि एमयूएन इसके दुरुपयोग को रोकने, सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और लिंग आधारित हिंसा को संबोधित करने और यूक्रेन में स्वास्थ्य आपातकाल से बचने के लिए कदमों पर विशेष जोर देने के साथ औषधीय और वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा रूसी आक्रामकता अंतरराष्ट्रीय संधियों की समीक्षा किया जायेगा। इसके अलावा, यूक्रेन के अस्थायी कब्जे वाले क्षेत्रों में शांति की बहाली का मुद्दा एक अन्य विषय होगा, जिस पर छात्र प्रतिनिधियों द्वारा चर्चा की जायेगी।

इस बार सोआ मुन में पांच समितियां पेश की गयी हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा समिति, विश्व स्वास्थ्य सभा, महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग, ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) और इंटरनेशनल प्रेस (आइपी)।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सोआ के प्रो-वाइस चांसलर प्रो प्रदीप्त कुमार नंद ने कहा कि यह भविष्य के लिए अच्छा संकेत है कि युवा छात्र वैश्विक मुद्दों के बारे में सोच रहे हैं और उसी के समाधान की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जिसमें जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि संयुक्त राष्ट्र के तत्काल लक्ष्यों में से एक जलवायु परिवर्तन और दुनिया में शांति सुनिश्चित करना है। इस तरह के आयोजन आपको दुनिया की स्थिति के बारे में जागरूक और जागरूता बनायेंगे।

प्रो ज्योति रंजन दास डीन (छात्र कल्याण) सोआ और सोआ मुन के संयोजक, डॉ सौरज रंजन दास सह-संयोजक, सास्वत महापात्र संपादक और उमा शंकर बिस्वाल सोआ मुन के महानिदेशक ने भी बात की।

# कोल इंडिया के कौशल विकास कार्यक्रम से स्थानीय युवाओं को मिल रहा रोजगार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के सुंदरगढ़, झारसुगड़ा एवं अंगुल जिलों में स्थानीय युवाओं के लिए चल रहा कोल इंडिया का कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं के रोजगार का माध्यम बन रहा है। इस कौशल विकास कार्यक्रम के तहत अब तक 115 युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें 82 युवाओं को आमारा राजा ग्रुप, मदरसन इंडिया लिमिटेड जैसी कंपनियों में नौकरी मिल चुकी है। बाकी युवाओं ने स्वरोजगार या स्थानीय स्तर पर रोजगार करने का फैसला लिया है। कोल इंडिया ने इस वर्ष मई में इन 3 जिलों में इस कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

इस कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कोल इंडिया इन तीन जिलों के कुल 450 स्थानीय युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर एवं ऑटो टेक्निशियन ग्रेड में प्रशिक्षण दिलायेगी। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जरूरतमंद एवं योग्य युवाओं की पहचान एवं उन्हें प्रशिक्षण के लिए तैयार किये जाने के कार्य में अहम भूमिका निभायी है।

अपनी स्थापना के समय से ही एमसीएल, ओडिशा के समावेशी विकास में अहम योगदान दे रही है और इसके लिए लगातार सीएसआर की योजनाएं चला रही है। होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया ने भी समय-समय पर सीधे तौर पर ओडिशा की मदद की है।

वर्ष 2019 में 'फैनी' चक्रवात से तबाह हुई ओडिशा की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किये जाने हेतु कोल इंडिया लिमिटेड ने ओड़िशा पावर ट्रांशमिशन कॉरपोरेशन को 50 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता दी थी।

इसी तरह, वर्ष 2018 से 2020 की अवधि में कोल इंडिया ने सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के भुवनेश्वर एवं बालासोर केंद्रों पर 1.81 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देकर 280 स्थानीय युवाओं का प्लास्टिक इंजीनियरिंग ट्रेड में कौशल विकास प्रशिक्षण कराया था।

# किम्स ने हासिल किया 16वां अखिल भारतीय रैंक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) जो कि अग्रणी अनुसंधान कार्य और उन्नत चिकित्सा देखभाल में सबसे आगे रहा है, उनको भारत में 16 वां सर्वश्रेष्ठ निजी चिकित्सा संस्थान का दर्जा दिया गया है। वीक मैगजीन द्वारा हंसा रिसर्च के सहयोग से किये गये नवीनतम सर्वेक्षण में किट डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी के एक स्बयुक्त अनुष्ठान किम्स को भी ओड़िशा में शीर्ष चिकित्सा संस्थान के रूप में चुना गया है।

रैंकिंग ने एक बार रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल और उपचार प्रदान करने और अनुसंधान गतिविधियों के निरंतर प्रयास पर किम्स के निरंतर ध्यान को रेखांकित किया है। चिकित्सा केंद्र प्रतिष्ठित डॉक्टरों के होने पर गर्व करता है, जिनमें से कुछ पद्म पुरस्कार विजेता हैं और अपने क्षेत्र में बेहतरीन दिमाग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

जुलाई में शिक्षा मंत्रालय के एनआइआरएफ ने किम्स को देश के 30 वें सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थान के रूप में स्थान दिया था। अप्रैल में इसने आउटलुक पत्रिका और एनईबी रिसर्च द्वारा प्रस्तुत आउटलुक हेल्थ बेस्ट हॉस्पिटल रैंकिंग 2022 में मेडिकल कॉलेजों के बीच पूर्वी क्षेत्र में समग्र 5वीं रैंक और ओडिशा में दूसरा सर्वश्रेष्ठ हासिल किया था। किम्स ने 2007 में किट डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी के तहत एक घटक स्कूल ऑफ मेडिसिन के रूप में एक विनम्र शुरूआत की थी। यह किट किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के सपने और दूरद्दष्टि का सपना था, जो जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और सेवा प्रदान करता है। आज इसे पूर्वी भारत के सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा प्रदान के रूप में मान्यता मिला है। 29 जुलाई को किम्स ने ओडिशा और पड़ोसी राज्यों में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रक्रिया को फिर से बढ़ावा देनेके लिए एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर सेंटर को खोला।


पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584/ई-टेंडरिंग/120, 125-128, 130, 132-134/DHN/22-23 धनबाद, दिनांक 01.09.2022

(1) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 120-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 को प्रशासनिक कारणों से **निरस्त** की जाती है।

(2) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 125-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में **निविदा लागत की राशि** को ₹17,25,44,044.91 के बदले में **₹17,25,44,028.86** पढ़ा जाये।

(3) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 126-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में **निविदा लागत की राशि** को ₹9,98,58,261.17 के बदले में **₹9,98,58,261.16** पढ़ा जाये।

(4) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 127-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में **निविदा लागत की राशि** को ₹11,10,95,196.37 के बदले में **₹11,10,95,196.38** पढ़ा जाये।

(5) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 128-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में **निविदा लागत की राशि** को ₹9,96,90,365.98 के बदले में **₹9,96,90,382.15** पढ़ा जाये।

(6) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 130-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में **निविदा लागत की राशि** को ₹8,75,07,985.00 के बदले में **₹8,75,07,984.99** पढ़ा जाये।

(7) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 132-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में **निविदा लागत की राशि** को ₹8,75,07,985.00 के बदले में **₹8,75,07,984.99** पढ़ा जाये।

(8) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 133-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में **निविदा लागत की राशि** को ₹8,75,07,985.00 के बदले में **₹8,75,07,984.99** पढ़ा जाये।

(9) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 134-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में **निविदा लागत की राशि** को ₹8,75,07,985.00 के बदले में **₹8,75,07,984.99** पढ़ा जाये।

ई-निविदा सं. 120, 125-128, 130, 132-134-DHN-2022-23 दिनांक 23.08.2022 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगी।

मंडल रेल प्रबन्धक (अभियंत्रण)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/0970/डीएचएन/अभि./सी/22-23/60


# वेदांता लांजीगढ़ को पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एकाधिक पुरस्कार से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कलाहांडी लांजीगढ़ भारत के सबसे बड़े धातुकर्म ग्रेड एल्यूमीनियम उत्पादक है। वेदांत लांजीगढ़ लिमिटेड ने स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसने पर्यावरण संरक्षण के लिए 22वां ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार और स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार के लिए 9वां वार्षिक सीएसआर इंडिया पुरस्कार से पुरस्कृत किये गये।



इस सभी टीम को बधाई देते हुए जीजी पाल डिप्टी सीइओ वेदांत लिमिटेड लांजीगढ़ ने कहा कि वेदांत लांजीगढ़ पर्यावरण सामाजिक और शासन प्रथाओं में उत्कृष्टता के माध्यम से निरंतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि एक संगठन के रूप में हमारी प्रगति को पर्यावरण और समाज पर स्थायी सकारात्मक प्रभाव पैदा कररहे हैं। हम जीरो डैमेज, जीरो डिस्चार्ज के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं हमारे समुदाय के स्वास्थ्य-शिक्षा में सुधार और पर्यावरण की रक्षा करना हमारा मूल कर्तव्य है। ग्रीनटेक अवाड्र्स जूरी द्वारा वेदांता लांजीगढ़ की पर्यावरण पहला नीति द्वारा प्रसंशित हुए। कंपनी का उत्कृष्ट पर्यावरणीय प्रदर्शन अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इएसजी प्रथाओं और पहलों से प्रेरित है।

# अनएकेडमी नेशनल का स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 8 और 15 अक्टूबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अनएकेडमी ने अपने सबसे बड़े स्कॉलरशिप टेस्ट - अनएकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (यूएनएसएटी) के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। टेस्ट का आयोजन भारत के 64 प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों में 8 और 15 अक्टूबर को लिया जायेगा। यह टेस्ट नीट-यूजी, आइआइटी-जेइइ और फाउंडेशन (9-12) कोर्सेज के सभी उम्मीदवारों के लिए खुला है। यूएनएसएटी छात्रों को सशक्त बनाने की दिशा में अनएकेडमी के उल्लेखनीय प्रयासों में से एक है।

इस स्कॉलरशिप की मदद से छात्र अपनी पसंद का कोर्स कर सकेंगे। उम्मीदवारों के परफोर्मेंस के आधार पर उन्हें अनएकेडमी सेंटर एनरोलमेंट एवं ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन पर 100 फीसदी तक की स्कॉलरशिप दी जायेगी। उन्हें अनएकेडमी के स्पेशल रैंकर्स ग्रुप का एक्सेस भी मिलेगा। इस ग्रुप का निर्माण प्रख्यात शिक्षकों द्वारा इंटेलेक्चुअल लर्नर्स के लिए किया गया है। टेस्ट 8 और 15 अक्टूबर को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में होगा। ऑनलाइन मोड चुनने वाले छात्र घर से परीक्षा दे सकते हैं। वहीं ऑफलाइन मोड चुनने वाले छात्रों को परीक्षा के दिन टेस्ट सेंटर जाना होगा। इसके अलावा छात्रों को लाभान्वित करने के लिए अनएकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन 12 और 14 अक्टूबर को कुछ स्कूलों के परिसर में भी किया जायेगा। ऑफलाइन टेस्ट देने वाले सभी उम्मीदवारों को जरूरी जानकारी से युक्त एडमिट कार्ड ई-मेल के जरिए भेजे जायेंगे। टेस्ट के परिणामों की घोषणा 21 अक्टूबर को होगी।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**